


* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 21 सितंबर, 2025, रविवार, वर्ष 10, अंक 331, आश्विन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


महालया आज

## झारखंड में कुड़मी समाज का जोरदार आंदोलन

# रेलवे ट्रैक जाम, 69 ट्रेनें प्रभावित

- आजसू, जेएलकेएम समेत अन्य संगठनों का मिला साथ
- सुदेश, जयराम समेत कई नये-पुराने नेता और कार्यकर्ता आंदोलन को धार दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** झारखंड में कुड़मी समाज के लोग अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिये जाने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। इस आंदोलन के तहत शनिवार को रेलवे ट्रैक जाम कर दिया गया, जिससे कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। आंदोलनकारियों ने ग्रैंड कॉर्ड लाइन पर ट्रैक जाम किया, जिससे दिल्ली और कोलकाता के बीच चलने वाली कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। इस आंदोलन को आजसू, जेएलकेएम समेत कई संगठनों ने समर्थन दिया है। आजसू प्रमुख सुदेश महतो, जेएलकेएम के जयराम महतो समेत उनके दल के अन्य नेता और कार्यकर्ता विभिन्न जगहों पर आंदलोन में शामिल हुए।

**क्या है आंदोलन की वजह:** कुड़मी समाज लंबे समय से एसटी दर्जे की मांग कर रहा है। उनका तर्क है कि उनकी संस्कृति और परंपराएं आदिवासी समुदायों के समान हैं। यह आंदोलन साल 2022 में जोर पकड़ने लगा था, जब राज्य के कई रेलवे स्टेशनों पर प्रदर्शन हुआ था। तब से यह आंदोलन कई बार तेज हुआ है, लेकिन चुनावों के कारण पिछले साल यह शांत रहा। यह आंदलन एक बार फिर शुरू हो गया है। कुड़मी समाज ने शनिवार से 'रेल टेका, डहर छेका' आंदलोन का एलान किया था। जिसकी शुरुआत विभिन्न जगहों पर रेल परिचालन को बाधित कर किया गया।

**तीन राज्यों में बड़े आंदोलन की थी तैयारी :** इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कुर्मी संगठनों ने 20 सितंबर को झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा के 100 स्टेशनों पर रेल यातायात बाधित करने की घोषणा की थी, जिसमें अकेले झारखंड के 40 स्टेशन शामिल थे। आयोजकों ने इसे एक ऐतिहासिक प्रदर्शन बताते हुए गांव-गांव जाकर अभियान चलाकर इसके लिए समर्थन जुटाया गया था।







### 69 ट्रेनें हुई हैं प्रभावित

- आंदोलन के कारण पूर्व रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे की 69 ट्रेनें प्रभावित हुई।
- 22 ट्रेनें रद्द कर दी गयी।
- 13 ट्रेनें डायवर्ट की गयी।
- 17 ट्रेनों का आंशिक समापन और आंशिक प्रारंभ किया गया।
- 17 ट्रेनें अन्य स्टेशनों से चलायी जा रही।

### सुबह चार बजे से ही पटरियों पर डटे प्रदर्शनकारी

आंदोलन की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदर्शनकारी सुबह चार बजे से ही अपने पारंपरिक परिधानों में और ढोल-नगाड़ों के साथ स्टेशनों पर जुटने लगे थे। पुलिस प्रशासन द्वारा की गयी बैरिकेडिंग भी उन्हें रोकने में नाकाम रही। रांची के राय, मुरी, टाटीसिलवे और मेसरा स्टेशनों के अलावा गिरिडीह, चक्रधरपुर, जामताड़ा, धनबाद और बोकारो में भी पटरियों पर प्रदर्शनकारियों का जमावड़ा देखा गया। इस बीच, धनबाद के प्रधानखुंटा रेलवे स्टेशन पर उस वक्त झड़प हो गयी, जब सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को ट्रैक से हटाने का प्रयास किया।

### आजसू, जेकेएलएम और कुर्मी समाज के नेताओं ने मोर्चा संभाला

आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने मुरी रेलवे स्टेशन पर आंदोलनकारियों का साथ दिया। गिरिडीह के पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने जागेश्वर रेलवे स्टेशन पर मौजूद रहे। जेएलकेएम विधायक जयराम महतो भी समर्थन देते हुए आंदोलन में शामिल हुए। मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो समर्थन में सड़क पर उतरे। गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी भी आंदोलन को सफल बनाने के मोर्चा संभाला।

## आदिवासी समाज का कुड़मियों के आंदोलन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन



कहा, नहीं होने देंगे कुड़मी को आदिवासियों की सूची में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में एक ओर कुड़मी समाज के लोग खुद को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल करने की मांग के समर्थन में पूरे झारखंड में रेल सेवा बाधित किया। वहीं, आदिवासी समाज के लोगों ने राजधानी रांची में राजभवन के सामने कुड़मियों के आंदोलन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। आदिवासी समाज के लोगों का कहना है कि कुड़मी को आदिवासियों की सूची में शामिल नहीं होने देंगे। आदिवासी ही आदिवासी है, कुड़मी आदिवासी नहीं हैं। शनिवार को राजधानी रांची में आदिवासी बचाओ मोर्चा समेत विभिन्न संगठनों के बैनर तले विशाल विरोध मार्च निकाला गया। बापू वाटिका मोरहाबादी से शुरू हुआ यह मार्च अल्बर्ट एक्का चौक, राजभवन तक पहुंचा और सभा में तब्दील हुआ। सभा में पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, पूर्व मंत्री देवकुमार धान, प्रेमशाही मुंडा, लक्ष्मीनारायण मुंडा, निरंजना हेरेंज, फूलचंद तिर्की, बबलु मुंडा, सुरज टोप्पो, कुंदरसी मुंडा, सुशील पाहन शामिल हुये। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कुड़मियों की आदिवासी सूची में शामिल होने की मांग झारखंड को दो हिस्सों में बांटने की साजिश है। कुड़मी समाज के मंत्री और विधायक इस पूरे षड्यंत्र के दोषी हैं। केंद्रीय सरना समिति के महिला अध्यक्ष निशा भगत ने कहा कि कुड़मी हिंदू है। सभी धार्मिक, पारंपरिक हिंदू रीति रिवाज से चलता आ रहा है। कुड़मियों को रोटी छीनने नहीं देंगे। संविधान के नाम पर आदिवासियों को छलने का काम किया जा रहा है। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि कुड़मी समाज आंदोलन के दबाव में प्रधानमंत्री तक को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है, जो पूरी तरह असंवैधानिक और गैरकानूनी है। शनिवार से आंदोलन की शुरुआत हुई है। इसका विरोध दिल्ली तक गुंजेगी।

## पुलिस मुठभेड़ में मारा गया अपराधी उत्तम यादव

- चतरा में बगरा-जबड़ा रोड के पास हुई मुठभेड़
- घटनास्थल से बरामद हुई बाइक

प्रवीण कुमार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा और हजारीबाग पुलिस के लिए लंबे समय से सिरदर्द बना कुख्यात अपराधी उत्तम यादव शनिवार को पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। यह घटना चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के बगरा-जबड़ा रोड पर हुई। सूत्रों के अनुसार, हजारीबाग एसटीएफ के जवानों को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तम यादव चतरा इलाके में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम जब बगरा-जबड़ा रोड के पास पहुंची तो उत्तम यादव ने जवानों पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए उस पर गोली चलायी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत चतरा सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है और मामले की जांच कर रही है। मौके से एक अपाची बाइक भी बरामद हुई है, जो उत्तम यादव की बतायी जा रही है।



### वीडियो वायरल कर दी थी धमकी

उत्तम यादव हाल ही में हजारीबाग में हुई गोलीबारी और धमकी भरे वीडियो के कारण सुर्खियों में था। काफी समय से पुलिस के लिए एक वांटेड अपराधी था। उत्तम यादव ने बीते 22 जून को हजारीबाग शहर के बाड़म बाजार चौक स्थित श्री ज्वेलर्स की दुकान पर हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली थी। गोलीबारी के बाद 23 जून को उत्तम यादव ने अपने हाथों में कार्बाइन लेकर एक धमकी भरा वीडियो जारी किया था। इस वीडियो में उसने खुलेआम गोलीकांड की जिम्मेदारी लेते हुए लेवी (रंगदारी) न देने पर और भी गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी।

### कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे

पिछले एक साल से उत्तम यादव चतरा, हजारीबाग और आसपास के कई जिलों में आतंक का पर्याय बना हुआ था। उत्तम पर हत्या, लूट और रंगदारी समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। वह लगातार आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहा था और पुलिस को खुली चुनौती दे रहा था। उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गयी थी।

## अमेरिका एच-1 बी वीजा के लिए 88 लाख रुपये वसूलेगा

- 6 साल का खर्च 50 गुना बढ़ा पहले पांच लाख रुपये लगते थे
- तीन लाख भारतीयों पर असर आइटी कंपनियों पर मंडराया संकट

एजेंसी

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका अब एच-1बी वीजा के लिए हर साल एक लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपये) आवेदन फीस वसूलेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को व्हाइट हाउस में इस ऑर्डर पर साइन किये। नये चार्ज 21 सिंतबर से लागू होंगे। एच-1बी वीजा के लिए पहले औसतन पांच लाख रुपये लगते थे। यह तीन साल के लिए मान्य होता था। इसे तीन साल के लिए रिन्यू किया जा सकता था। अब अमेरिका में एच-1बी वीजा के लिए 6 साल में 5.28 करोड़ लगेंगे, यानी खर्च 50 गुना से ज्यादा बढ़ जायेगा। अमेरिकी सरकार हर साल लॉटरी से 85,000 एच-1बी वीजा जारी करती है, जिनका इस्तेमाल ज्यादातर तकनीकी नौकरियों में होता है। सबसे ज्यादा भारतीय (72%) इसका इस्तेमाल करते हैं। अब वीजा फीस बढ़ने से तीन लाख से ज्यादा भारतीयों पर इसका सीधा असर पड़ेगा।



### गोल्ड कार्ड में हमेशा रहने का अधिकार मिलेगा

ट्रंप ने एच-1बी में बदलाव के अलावा तीन नये तरह के वीजा कार्ड भी लांच किये हैं। ट्रप गोल्ड कार्ड, ट्रंप प्लेटिनम कार्ड और कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड जैसी सुविधाएं भी शुरू की गयी हैं। ट्रंप गोल्ड कार्ड (8.8 करोड़ कीमत) व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। एच-1बी वीजा एक एक नॉन-इमिग्रेंट वीजा है। यह वीजा लॉटरी के जरिये दिये जाते रहे हैं क्योंकि हर साल कई सारे लोग इसके लिए आवेदन करते हैं। यह वीजा स्पेशल टेक्निकल स्किल जैसे आइटी, आर्किटेक्चर और हेल्थ जैसे प्रोफेशन वाले लोगों के लिए जारी होता है।

### 71 फीसदी भारतीय वीजा धारक

एच-1बी वीजा के नियमों में बदलाव से 2,00,000 से ज्यादा भारतीय प्रभावित होंगे। साल 2023 में एच-1बी वीजा लेने वालों में 1,91,000 लोग भारतीय थे। ये आंकड़ा 2024 में बढ़कर 2,07,000 हो गयी। भारत की आइटी/टेक कंपनियां हर साल हजारों कर्मचारियों को एच-1बी वीजा पर अमेरिका भेजती हैं। हालांकि, अब इतनी ऊंची फीस पर लोगों को अमेरिका भेजना कंपनियों के लिए कम फायदेमंद होगा। 71% भारतीय एच-1बी वीजा धारक हैं और यह नयी फीस उनके लिए बड़ा आर्थिक बोझ बन सकती है। खासकर मिड-लेवल और एंट्री-लेवल कर्मचारियों को वीजा मिलना मुश्किल होगा।

## बी साइराम बनेंगे कोल इंडिया के सीएमडी

**रांची (अजाद सिपाही)।** पब्लिक एंटरप्राइज सेलेक्शन बोर्ड ने 20 सितंबर को इंटरव्यू के बाद कोल इंडिया के सीएमडी पद के लिए बी साईराम के नाम की अनुशंसा केंद्र सरकार से कर दी। अब केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद उन्हें सीएमडी बनाये जाने संबंधी आदेश जारी किया जायेगा। बी साइराम पीएम प्रसाद के रिटायर होने के बाद पदभार ग्रहण करेंगे। बोर्ड ने शनिवार को 11 लोगों का इंटरव्यू लिया था। बी साइराम वर्तमान में नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के सीएमडी के रूप में कार्यरत हैं और उन्हें कोयला क्षेत्र में 33 वर्षों का समृद्ध अनुभव है। उन्होंने एनआइटी रायपुर से खनन अभियांत्रिकी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है और एनटीपीसी स्कूल ऑफ बिजनेस, दिल्ली से ऊर्जा प्रबंधन में पीजीडीएम किया है। बोर्ड ने वरिष्ठ अधिकारियों का इंटरव्यू लिया, जिनमें कोल इंडिया और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शीर्ष अधिकारी शामिल थे।

### न्यूज रील्स

## न्यायाधीश यशवंत प्रकाश आरआरडीए के अध्यक्ष बने

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट की अनुशंसा पर एक दर्जन से ज्यादा न्यायिक पदाधिकारियों का तबादला किया गया। राज्य सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक जिला एवं अपर न्यायाधीश डाल्टेनगंज के पद पर कार्यरत शंकर कुमार महाराजा को अगले आदेश तक विधि विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। जमशेदपुर पोक्सो कोर्ट की विशेष न्यायाधीश सृष दत्ता त्रिपाठी को अगले आदेश तक मंत्रिमंडल निगरानी विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। दुमका जिले में अपर एवं सत्र न्याययधीश के पर पर कार्यरत शत्रुंजय कुमार सिंह को अगले आदेश तक झारखंड ऊर्जा निगम लिमिटेड में अगले आदेश तक वरीय विधि सलाहकार नियुक्त किया गया है। रांची सिविल कोर्ट में एससी-एसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश यशवंत प्रकाश को आरआरडीए का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।


SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BEST PRIVATE UNIVERSITY IN JHARKHAND | 10000+ BOOKS AVAILABLE IN LIBRARY | 150+ QUALIFIED, EXP. & MOTIVATED FACULTY | 150+ ACRE CAMPUS
300+ RESIDES IN BOYS & GIRLS HOSTEL | 1500+ REGISTERED ALUMNI | LABS WITH MODERN TOOLS & EQUIPMENTS | RAGGING FREE CAMPUS
Where dreams BECOME REALITY

CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
▪ Civil Engineering
▪ Electrical and Electronic Eng.
▪ Computer Science & Eng.
▪ CSE (Artificial Intelligence)
▪ CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma
▪ Civil Engineering
▪ Mechanical Eng.
▪ Electrical and Electronic Eng.
▪ Computer Science & Eng.
▪ Electrical Engineering
Faculty of Law
▪ LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B
Faculty of Management
▪ Bachelor of Business Administration (BBA)
▪ Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
▪ Bachelor of Computer Application (BCA)
▪ Master of Computer Application (MCA)
▪ Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education
▪ Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
▪ Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
▪ M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
▪ B.A (Hindi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
▪ B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
▪ B.A (Sociology) ▪ M.A (Hindi) ▪ M.A (English)
▪ M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
▪ M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy
▪ Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
▪ Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science
▪ Bachelor of Dental Surgery (BDS)
▪ Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy
▪ Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
▪ M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
▪ B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
▪ M.Sc Medical Microbiology
▪ M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science
▪ Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
▪ General Nursing and Midwifery (GNM)
▪ Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical
▪ OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
▪ Medical in Sanitary Inspector
▪ Medical in Ophthalmic Assistant
▪ Medical in Certificate in Dresser
Library Science
▪ B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc
Faculty of Science
▪ B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
▪ B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
▪ B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemisty) ▪ B.Sc. (Microbiology)
▪ M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
▪ M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
▪ M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce
▪ B.Com ▪ M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# नाला का पानी पीने को विवश हैं लिट्टीपाड़ा के पोराम गांव के लोग

## आदिम जनजाति की महिलाएं सिर पर ढोकर लाती हैं पीने का पानी

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** आजादी के सात दशक बाद भी लिट्टीपाड़ा ब्लॉक के आदिम जनजाति परिवारों को शुद्ध पेयजल मुनासिब नहीं हो पा रहा है। 1 से 2 किलोमीटर पगडंडी पर चलकर कुआं, झरना या फिर खुले नाला का पानी यहां की महिलाओं को सिर पर ढोकर अपनी और अपने परिवार की प्यास बुझानी पड़ रही है। कहने को तो यहां कई बड़ी-बड़ी वाटर सप्लाई से लेकर डीप बोरिंग का प्रोजेक्ट की स्वीकृति मिली जो सिर्फ कागजों तक की सिमट का रह गयी है। हालात आज यह है कि यहां के लोगों को बरसात के इन दिनों में मजबूरन खुले झरना का दूषित पानी पीकर बीमारी को दावत देना पड़ रहा है। झारखंड में सबसे पिछड़े ब्लॉक के पायदान पर गिनती में गिने जाने वाला लिट्टीपाड़ा ब्लॉक के लोगों को आज भी विकास, रोजगार, शिक्षा, सड़क के साथ-साथ शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा है। आजाद सिपाही लिट्टीपाड़ा ब्लॉक मुख्यालय से 8 किमी दूरी पर बसा कर्माटांड़ पंचायत के पोराम गांव की जमीनी हकीकत से आपको अवगत करा रहा है।





### दो सौ की पहाड़िया आबादी का पोराम गांव

आजादी के सात दशक बीतने के बाद भी पोराम गांव की तस्वीर नहीं बदली है। गांव में आज भी लोग पेयजल, स्वस्थ रोजगार जैसे मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। पोड़ाम गांव एक आदिम जनजाति पहड़िया बाहुल्य गांव है। गांव में 32 परिवार के लगभग 200 लोग रहते हैं। गांव में आज तक एक भी चापानल नहीं है। ग्रामीण धीमी पहाड़िन, मासी पहाड़ी, देवी पहाड़ी, दहाड़ा पहाड़िया, बहना पहाड़िया, चंदू पहाड़िया, रूपा पहाड़िया ने बताया कि आजादी के कई दशक बीत जाने के बाद आज भी हमलोग गांव से लगभग एक किमी दूर पहाड़ी झरने का दूषित पानी पीने को विवश हैं। बताया कि गांव के नजदीक बने झरने बारिश के दिनों में प्यास हो बुझा देते हैं पर दिसंबर के बाद सारा झरना सूख जाता है। जिससे हमलोगों को गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर पहाड़ों से नीचे उतरकर पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ग्रामीणों को सरकारी योजना कर लाभ से भी वंचित रहना पड़ता है। गांव में आज तक कोई पक्की सड़क नहीं बनी है। गांव के लोग आज तक उबड़-खाबड़ पथरीली रास्तों से आवागम करने को विवश हैं।

गांव के 32 परिवार में मात्र 9 परिवार को आवास योजना सहित पहड़िया आवास योजना का लाभ मिला है। गांव में आवास योजना से बनाये जा रहे आवास अधूरे पड़े हैं। बताया ग्रामीण जानकारी के आभाव में आवास निर्माण कार्य बिचौलिया के माध्यम से कराने को मजबूर हैं। बिचौलिया आवास निर्माण कार्य आधा अधूरा कर भाग गया है। जिससे आवास का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। वहीं ग्रामीणों ने बताया गांव में रोजगार की घोर कमी है। गांव में सरकारी योजना का कोई भी कार्य नहीं चल रहा है। जिससे ग्रामीणों को पहाड़ों की खेती पर ही निर्भर रहना पड़ता है। जिससे ग्रामीणों का आर्थिक स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पाता है।

### एक भी आंगनबाड़ी सेविका पोराम गांव में नहीं दिखी

गांव के बच्चों को पोष्टिक आहार और प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने वाली आंगनबाड़ी केंद्र नहीं रहने से बच्चों एवं अभिभावकों को काफी परेशानी होती है। गांव के छोटे-छोटे बच्चे व गर्भवती महिलाओं को पोष्टिक आहार सहित अन्य स्वास्थ जांच नहीं हो पाती है।

### जल छाजन, वन बंधु जैसी योजना से भी वंचित हैं लोग

लिट्टीपाड़ा जैसे सुदूर ब्लॉक की हालत को देखते हुए केंद्र सरकार ने लिट्टीपाड़ा के इलाके में प्रधानमंत्री कृषि योजना से आच्छादित करने के लिए जल छाजन जैसी योजनाएं की स्वीकृति दी। लेकिन यह योजना अधिकारियों और बिचौलियों का चारागाह बनकर रह गया। परिणाम है कि आज भी इन योजनाओं का वास्तविक लाभ यहां के ना तो आदिवासी और नहीं पहाड़ियों को मिल पाया।



आजाद सिपाही खास

# क्या हाइड्रोजन बम से पहले एटम बम तो नहीं गिर गया बिहार में !

- तेजस्वी यादव जहां जमीनी मुद्दे, बेरोजगारी और अपराध पर हमलावर हैं
- वहीं राहुल का फोकस चुनाव आयोग और भाजपा पर है, जमीनी मुद्दे फिलहाल गायब
- राहुल गांधी का हाइड्रोजन बम कहीं कांग्रेस पर ही न फूट जाये

बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पूरे जोर-शोर से वोट चोरी के मुद्दे पर हमलावर होते जा रहे हैं। वह इसे चुनाव आयोग की स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसएआर) प्रक्रिया से जोड़ते हुए संस्थागत तंत्र के जरिए वोट चोरी करार दे चुके हैं। बेरोजगारी, पलायन और अपराध जैसे स्थानीय मुद्दों को दरकिनार कर राहुल गांधी ने सारा जोर वोट चोरी और एसएआर पर लगा दिया है। अब जानकारों की मानें तो यहां सवाल यह उठ रहा है कि क्या यह दांव उनके लिए भारी पड़ सकता है और उनका हाइड्रोजन बम कहीं कांग्रेस पार्टी पर ही न फट पड़े। राहुल गांधी लगातार बीजेपी और चुनाव आयोग को निशाने पर ले रहे हैं। हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने दावा किया कि कर्नाटक की एक विधानसभा सीट से मतदाताओं के नाम अवैध रूप से हटाये गये और महाराष्ट्र की एक सीट पर नये नाम जोड़े गये। उन्होंने कहा कि वह अपना हाइड्रोजन बम फिलहाल रोककर रख रहे हैं, जबकि पहले ही वह एटम बम गिरा चुके हैं।

### बैकफायर की चिंता और महागठबंधन में बेचैनी

बिहार चुनावों के ठीक पहले कांग्रेस के भीतर और सहयोगी दलों में चिंता है कि राहुल गांधी का यह आक्रामक रुख कहीं बैकफायर न कर जाये, और भारतीय लोकतंत्र की साख को ही सवालों के घेरे में खड़ा न कर दे। जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) भी राहुल के इस मुद्दे पर ज्यादा जोर देने से असहज हैं। जहां तेजस्वी यादव बेरोजगारी, पलायन, अपराध और सरकारी सेवाओं की बदहाली जैसे मसलों पर जोर दे रहे हैं, वहीं राहुल गांधी चुनाव आयोग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराये बिना केवल एसएआर और वोट चोरी पर टिके हुए हैं। सर्वे बताते हैं कि बिहार की जमीन पर इस मुद्दे की पकड़ बेहद कमजोर है।



### वोट चोरी का मुद्दा और जमीनी हकीकत

राहुल गांधी की 16 दिन की बिहार वोटर अधिकार यात्रा में भी यही आरोप गूंजते रहे, लेकिन क्या यह जनता तक पहुंच पाया। वोट वाइब के बिहार इलेक्शंस 2025 (वॉल्यूम 2) सर्वे के मुताबिक सिर्फ 21% लोगों ने एसएआर को चुनावी मुद्दा माना, जबकि बेरोजगारी अकेले ही 32% वोटरों की सबसे बड़ी चिंता रही। ग्रामीण इलाकों में तो यह आंकड़ा और भी कम महज 19% दर्ज हुआ। इंडिया टुडे-सी वोटर के मूड ऑफ द नेशन सर्वे (जुलाई-अगस्त 2025) में भी 64% लोगों ने कहा था कि भारत में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हैं। सिर्फ 32% ने ही छेड़छाड़ की आशंका जतायी। ऐसे में राहुल गांधी का नैरेटिव कमजोर पड़ता दिख रहा है।

बिहार की जनता में बेरोजगारी, शिक्षा, चिकित्सा व्यवस्था जैसे मसले चिंता के विषय बने हुए हैं। माना जा रहा है कि राहुल का मौजूदा रुख महागठबंधन की गति को कमजोर कर सकता है।

### सहयोगियों और पार्टी नेताओं की चिंता

तेजस्वी यादव जहां बेरोजगारी और अपराध पर हमलावर हैं, वहीं राहुल गांधी का फोकस राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव आयोग और बीजेपी पर है। इससे गठबंधन में असंतुलन की स्थिति बन रही है। कांग्रेस के भीतर भी कई वरिष्ठ नेताओं ने चिंता जतायी है कि यह रणनीति महागठबंधन को नुकसान पहुंचा सकती है और लोकतंत्र की वैधता पर ही सवाल खड़े कर सकती है। कांग्रेस वर्किंग कमिटी के एक पूर्व सदस्य ने कहा कि किसी भी डेटा सेट में विसंगतियां होती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पूरा सिस्टम ही धांधली से भरा है। अगर 95% डेटा ठीक है तो उसे स्वीकार्य माना जाता है। वहीं इंडियन स्ट्रैटेजिक स्टडीज फोरम से जुड़े अनुराग झुनझुनवाला ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा कि राहुल अब इन झूठी बातों का रोना रो रहे हैं क्योंकि उनकी ऑडियंस को यही सुनना पसंद है। असल मकसद 2029 के नतीजों को खारिज करने की तैयारी है। विश्लेषकों का मानना है कि राहुल गांधी का हाइड्रोजन बम फिलहाल हवा में लटका हुआ है। यह महागठबंधन को ताकत देगा या कांग्रेस के लिए आत्मघाती साबित होगा, यही देखना होगा। फिलहाल, कांग्रेस के भीतर डर यही है कि राहुल का हाइड्रोजन बम कांग्रेस के चेहरे पर ही फट सकता है।

# झारखंड-बिहार को जोड़ने वाला सोन नदी पुल बनेगा संबंधों का सेतु

- झारखंड-बिहार की 150 किलोमीटर की दूरी मात्र तीन किलोमीटर की हो जायेगी
- व्यापार और रोजगार के खुलेंगे द्वार, युवाओं के लिए उम्मीद लेकर आयेगा यह पुल

अरुण कुमार चौबे

**कांडी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड और बिहार को जोड़ने वाली अति महत्वपूर्ण सोन नद पुल परियोजना से न केवल दो राज्यों का भौगोलिक संपर्क जुड़ जायेगा, बल्कि दिलों के रिश्तों में भी नजदीकीयां आ जायेंगी। वर्षों से लोग जान हथेली पर लेकर नाव के सहारे सोन नदी पार कर बिहार राज्य के रोहतास जिले और उससे सटे अन्य जिलों में आते जाते हैं। पर लोगों की यह समस्या अब दूर होने वाली है क्योंकि पुल बनने के बाद झारखंड-बिहार की 150 किलोमीटर की दूरी मात्र तीन किलोमीटर में सिमट जायेगी। दूरी घटने के साथ-साथ व्यापार और सामाजिक संबंधों में मजबूती आयेगी।

विदित हो कि गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के श्रीनगर गांव और बिहार राज्य के रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखंड के पंडुका गांव के बीच बनने वाले इस पुल का शिलान्यास केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 14 नवंबर 2022 को किया था। लगभग 1500 मीटर लंबे और 18 मीटर चौड़े इस पुल के निर्माण पर केंद्र सरकार ने 204.94 करोड़ (पहुंच पथ सहित 210.13 करोड़) की स्वीकृति दी थी।

निर्माण कार्य के दौरान निर्माणाधीन पुल के पिलर में दरार आने की शिकायत के आलोक में आइआइटी के अभियंताओं द्वारा निर्माणधीन स्तंभ में खराबी पायी गयी थी जिसकी शिकायत पर सरकार ने छत्तीसगढ़ की ब्रजेश अग्रवाल कंट्रक्शन को 14 करोड़ का जुर्माना लगाने के साथ कंपनी को काली सूची में डाल दिया गया था। साथ ही कंपनी के कार्यों पर रोक लगा दी। मालूम हो कि 41 स्तंभ में 33 स्तंभ का निर्माण किया जा चुका है। पुल निर्माण कार्य बंद होने की खबर से लोग मायूस हो गये, निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष तक ठप रहा। उसके बाद बिहार राज्य पुल निर्माण निगम ने दुबारा 155 करोड़ की निविदा निकालकर दिल्ली की बीके गुप्ता कंपनी को शेष कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी दी गयी है। नये मानकों के अनुसार 30 महीनों में पुल का निर्माण कार्य पूर्ण करना है। साथ ही निर्माण कंपनी को अगले दस वर्षों तक पुल का मेंटेनेंस करना होगा। वर्तमान में बरसात की वजह से निर्माण कार्य बंद हैं पर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी 2026 से पुनः निर्माण कार्य शुरू हो सकता है।





### रोजगार और विकास की नयी राह बनेगा यह पुल

पुल निर्माण से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। कांडी बाजार की रौनक और बढ़ेगी, क्योंकि उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों के वाहन इसी मार्ग से होकर गुजरेंगे और आस पास का मुख्य बाजार कांडी ही है। सोन किनारे बसे श्रीनगर गांव की जमीनों का महत्व भी बढ़ गया है। बुजुर्गों के मुख से एक व्यंग्यात्मक कहावत सुनते थे कि कहला बिना श्रीनगर परती रहे इस कहावत का तात्पर्य यह था कि श्रीनगर गांव का भूरा टांड़ बंजर भूमि पड़ी हुई थी जिसे कोई नहीं पूछने वाला भी नहीं था पर आज वहीं श्रीनगर का महत्व बढ़ गया है। स्थानीय युवाओं के चेहरे पर रोजगार की आस झलकने लगी है।

### किसानों को मिलेगा लाभ

पुल तैयार होने से किसानों को कृषि संबंधी सामग्रियों की आसान आपूर्ति होगी। अभी चारा, भूसा और कुटी बिहार राज्य के भोजपुर इलाके से नवीनगर, जपला के रास्ते लगभग सौ किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर गढ़वा जिले के कई क्षेत्रों में पशु चारा समेत कई अन्य सामग्रियों को मंगाना पड़ता है। जो काफी महंगा पड़ता है। पुल निर्माण हो जाने से दूरी घटने पर ये सामग्री सस्ते दामों पर मिल सकेगी।

### सामाजिक और पारिवारिक रिश्ता भी होगा मजबूत

सोन नदी के दोनों किनारों के बीच सिर्फ व्यापार ही नहीं, बल्कि वैवाहिक संबंध भी प्रचुर मात्रा में हैं। वर्षों पहले बने रिश्ते नदी की दूरी और साधनों के अभाव में लगभग टूट चुके थे। पुल के निर्माण से ये संबंध फिर से प्रगाढ़ होंगे और बेटी-रोटी का रिश्ता नये सिरे से मजबूत होगा।






# विजयादशमी सामाजिक एकता, भाईचारे और सामूहिक उत्सव का प्रतीक : हेमंत

**पंजाबी-हिन्दू बिरादरी दशहरा कमेटी ने मुख्यमंत्री को विजयादशमी उत्सव में परिवार सहित मुख्य अतिथि के लिए आमंत्रित किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को पंजाबी-हिन्दू बिरादरी दशहरा कमेटी, मोरहाबादी तथा श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति अरगोड़ा के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 2 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान और अरगोड़ा में आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि परिवार सहित सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विजयादशमी का यह आयोजन न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा हुआ है, बल्कि यह सामाजिक एकता, भाईचारे और सामूहिक उत्सव का भी प्रतीक है। ऐसे अवसर समाज में समरसता, सौहार्द और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। मुख्यमंत्री ने आयोजकों को उत्सव की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और राज्य वासियों के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पंजाबी-हिन्दू बिरादरी दशहरा कमेटी, मोरहाबादी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, पूर्व अध्यक्ष राजेश खन्ना, महासचिव राजेश मेहरा, वरीय उपाध्यक्ष रणदीप आनंद एवं श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा के अध्यक्ष पंकज कुमार साहू, कोषाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद साहू, वरीय उपाध्यक्ष पंचानंद कुमार, कंचन साहू और रवि साहू मौजूद रहे।

# कुड़मी समुदाय की मांग जायज अविलंब हो निर्णय : सुदेश महतो

**रेल टेका, डहर छेका आंदोलन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी लगातार कुड़मी समाज के साथ खड़ी रही है। कुड़मी समुदाय धैर्य के साथ विगत 90 वर्षों से अपने साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय के खिलाफ लड़ता आ रहा है। इसके धैर्य की अब और परीक्षा नहीं ली जाये। अब समय आ गया है कि राज्य और केंद्र सरकार अविलंब फैसला लें। उक्त बातें शनिवार को सुदेश महतो ने मुरी में कुड़मी समाज के रेल टेका, डहर छेका आंदोलन में कहीं। महतो ने कहा कि कुड़मी समुदाय ने अपनी ताकत दिखा दी है। कुड़मी को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता दिलाने की ऐतिहासिक मांग को लेकर झारखंड सहित आसपास के राज्यों में रेल टेका-डहर छेका आंदोलन का व्यापक रूप से सफल रहा है। महतो ने कहा कि कुड़मी समाज को 1931 में एसटी सूची से बाहर कर दिया गया था। तब से यह समाज अपने अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ रहा है। सुदेश महतो ने राज्य झामुमो सरकार पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि पहले शिबू सोरेन ने और 2019 में मुख्यमंत्री ने स्वयं कुड़मी समाज की मांग को स्वीकार करते हुए उस पर अपनी सहमति जतायी थी और हस्ताक्षर भी किये थे, लेकिन आज वही झामुमो अपने रुख से पीछे हट रहा है। उन्होंने कहा, यह एक लंबी लड़ाई है। जैसे देश की आजादी एक दिन में नहीं मिली, वैसे ही समाज ने समय के साथ जागरूकता और एकता के बल पर अपनी आवाज बुलंद की है।

## 09वीं पुण्य तिथि में याद किये गये स्व. उदय शंकर ओझा

# गरीबों, मजदूरों की बुलंद आवाज थे जननेता स्व. उदयशंकर ओझा

**रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह ने भी लिया हिस्सा**

**श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित किये लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता






**रांची।** राजनीति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े जुझारू और जन-जन के नेता स्वर्गीय उदय शंकर ओझा 09वीं पुण्य तिथि पर याद किये गये। मौके पर पंडरा बाजार समिति प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। साथ ही उदय शंकर ओझा ट्रस्ट की ओर से रक्त दान शिविर भी लगाया गया। इसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक, व्यवसायी, सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगो ने हिस्सा लिया। चाहने वालों ने स्व. ओझा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभा को संबोधित करते हुए सभी ने स्व. ओझा के असामयिक निधन को अपूर्णिय क्षति बताया। शनिवार को दिन के 11 बजे पूजा-अर्चना से सभा की शुरुआत हुई। झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा, पुत्र दीपक ओझा, राजू ओझा,अमित ओझा, गौतम हर्ष ने पूजा-अर्चना कर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किये। फिर अन्य ने श्रद्धांजलि दी। रक्षा राजय मंत्री संजय सेठ ने उपस्थित श्रमिकों और अन्य के बीच बैग और छाता का वितरण किया।

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि स्वर्गीय उदय शंकर ओझा एक सच्चे समाजसेवी के रूप में लंबे समय तक गरीब, मजदूर और धार्मिक संगठनों को मजबूत नेतृत्व प्रदान करते रहे, उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता। डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि असंगठित मजदूरों के लड़ाई को वह एक सुखद मोड तक पहुंचने में हमेशा सहयोग करेंगी, क्योंकि स्वर्गीय ओझा ने हमेशा बहुत ही इमानदारी से श्रमिकों के आंदोलन को अंजाम तक पहुंचाया है।

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश ने एक मजबूत नेतृत्व करता खोया है। स्व. ओझा को विन्रम श्रद्धांजलि है। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि स्व. ओझा के असामयिक निधन से अपूर्णिय क्षति हुई है, वो एक सशक्त समाजसेवी और प्रखर नेता थे।

### खास तौर से लिया हिस्सा

राजधानी के ट्रांसपोर्ट मालिकों ने प्रतिष्ठान बंद रख कर स्वर्गीय उदय शंकर ओझा को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे। साथ ही पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, सत्यनारायण सिंह, रामकुमार पहान, जैलेंद्र कुमार, वरुण साहू, आरती कुजूर, कांग्रेस नेता अनुपमा सिंह, कृषि वितरण प्रणाली के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, बाल आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, झारखंड बस ओनर्स के अध्यक्ष सच्चितानंद सिंह, जेएससीए के उपाध्यक्ष संजय पांडेय, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नीतू सिंह, कांग्रेस के प्रवक्ता कमल ठाकुर, सोनल शांति, कांग्रेस नेता अमरेंद्र सिंह, दीपू सिन्हा, गौतम उपाध्याय, जदयू के प्रवक्ता सागर कुमार, धर्मेंद्र तिवारी, सद्भावना मंच के अध्यक्ष मोइज अख्तर भोलू, सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अकीलुर रहमान, मोहम्मद इस्लाम, संजय जायसवाल, विनय जायसवाल, शशांक राज, विनय अग्रवाल, आदित्य मल्होत्रा, नवजोत अलंग, परेश गट्टाणी, रोहित अग्रवाल, साहित्य पवन, रोहित पोद्दार, पवन साहू, मुकेश सिंह, गोपाल सिंह, राजेश गुप्ता छोटू, वरुण तिवारी, जितेंद्र वर्मा, बलराम सिंह, आरती कुजूर, नेहा सिंह, रोशन यादव, अशोक मिश्रा, अशोक पांडेय, सुनील साहू, नीतू सिंह, मृत्युंजय पाठक, संजय पांडेय, मदन प्रसाद, अजीत सहाय, डॉ राजीव शहदेव, राकेश कुमार, नवीन गाड़ोदिया, अभिलाष साहू, नंद किशोर सिंह चंदेल, संकेत तिवारी, सुनील सिंह, श्याम बिहारी सिंह, सुरेंद्र साहू, संदीप, संतोष सिंह, बली राय, धुरी राय, महेंद्र यादव, राम माया, रामचंद्र, राय, उमेश, सुशील, मनोज पासवान, गौरी शंकर, इतवारी उरांव, अजय दुबे, एके दुबे, सुभाष साहू, बिंदुल वर्मा, राकेश सिंह, नूर अहमद, गोपाल पारिख, शंकर दुबे ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया।

# जीत को लेकर आश्वस्त टीम भानु

**टीम भानु का संकल्प, गौरवान्वित करेगी कंट्री क्रिकेट क्लब की सदस्यता**

**वर्ल्ड क्लास सुविधाओं के साथ प्रस्तुत करने के लिए संकल्पित**

**सदस्यों की पुत्री के विवाह में 25 प्रतिशत की शुल्क राशि कम**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रविवार 21 सितंबर 2025 को होने वाला कंट्री क्रिकेट क्लब का चुनाव यहां के सदस्यों के लिए बदलाव का एक मौका है। चुनाव में उतरी टीम भानु जिसका नेतृत्व क्लब के निवर्तमान कोषाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह कर रहे हैं, इस संस्था को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं के साथ प्रस्तुत करने के लिए संकल्पित है। टीम भानु का मानना है कि कंट्री क्रिकेट क्लब की सदस्यता अपने आप में गौरवान्वित करने वाली मान्यता होनी चाहिए। पारिवारिक माहौल में स्पोर्ट्स से लेकर म्यूजिक तक का आनंद यहां आकर मेंबर्स उठा सकें, यही टीम भानु का लक्ष्य है। साथ ही क्लब के सदस्यों के लिए निजी अनुभूति भी क्लब प्रबंधन की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसलिए टीम भानु ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि सीसीसी के सदस्यों की पुत्री के विवाह में 25 प्रतिशत की शुल्क राशि कम की जायेगी। बेटी का विवाह एक सामाजिक उत्सव है। टीम भानु के नेतृत्व में क्लब इसे एक पिता के लिए गौरव का अवसर बनाने का वादा करता है। बच्चों के लिए क्लब एक हैपनिंग प्लेस बनेगा, यह भी टीम भानु का वादा है।इंटरटेनमेंट के साथ स्पोर्ट्स एजुकेशन का यहां बेहतरीन कांबिनेशन बनाया जायेगा। क्लब की लेडिज मेंबर्स के लिए टीम भानु उन्हें निर्णय प्रक्रिया में शामिल करने का वचन देती है। सीसीसी की गतिविधियों के संचालन में सम्मानित महिला सदस्यों और परिवार के लोगों को महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी दी जायेगी। टीम भानु का मिशन है सबका साथ क्लब का विकास। इसी भरोसे और संकल्प के साथ टीम भानु अपने 12 डायरेक्टर्स प्रत्याशियों के साथ मैदान में है। हमारी टीम में शामिल हैं। बातचीत के क्रम में जीत को लेकर टीम भानु आश्वस्त है।

**भानु प्रताप सिंह प्रेसिडेंट प्रत्याशी**

**डायरेक्टर प्रत्याशी**

1- अर्चित आनंद
2- राजीव रंजन पिंटू
3- राजेश सिंह
4- मुकेश कुमार झा
5- सुशील कुमार
6- इंद्र शेखर
7- रंजन कुमार साहू
8- सपन साहा
9- विभूति भूषण (गप्पू)
10- ऋषि अजातशत्रु शाहदेव
11- नितिन सर्राफ
12- मनीष टांटिया

# झारखंड चैंबर चुनाव आज

**44 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 3985 मतदाता**

**टीम आदित्य और तुलसी के बीच कांटे की टक्कर**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** चैंबर भवन में शनिवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की 61वीं वार्षिक आमसभा हुई। अब रविवार को स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल, डंगराटोली में चुनाव होगा। सुबह नौ से शाम पांच बजे तक मतदान चलेगा। इसके बाद मतों की गिनती की जायेगी। साथ ही देर रात परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे। इस बार अध्यक्ष पद के उम्मीदवार टीम आदित्य मल्होत्रा और तुलसी पटेल सहित दो निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं। दोनों टीमों के 21-21 और दो निर्दलीय मिलाकर 44 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला चैंबर के 3985 सदस्य मतदान कर करेंगे। आदित्य और तुलसी टीम के बीच कांटे की टक्कर होगी। चुनाव पदाधिकारी बिकास सिंह और पवन शर्मा ने सदस्यों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने में अपेक्षित सहयोग की अपील की है। आम सभा के दौरान पवन शर्मा ने सभी छह प्रमंडलों के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के निर्विरोध चयन की भी घोषणा की। कोल्हान से विजय आनंद मूंका, कोयलांचल से अमरजीत सिंह सलूजा, नार्थ छोटानागपुर से विनय कुमार अग्रवाल, पलामू से उदय शंकर दुबे, संस्थाल परगना से संजय अग्रवाल और रमेश कुमार साउथ छोटानागपुर से निर्विरोध निवार्चित घोषित किये गये हैं।

**दर्ज करायी उपस्थिति :** उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, अमित साहू, नितिन प्रकाश, रमेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी, महेश पोद्दार, ललित केडिया, गिरीश मल्होत्रा, अरुण बुधिया, मनोज नरेड़ी, सज्जन सराफ, रंजीत टिबड़ेवाल, बिकास सिंह, पवन शर्मा, विनय अग्रवाल, प्रवीण जैन छाबड़ा, धीरज तनेजा, किशोर मंत्री, सदस्य संजीव खत्री, अलोक मल्लिक, राजेश अग्रवाल, निर्मल झुनझुनवाला, मदन भगत आदि ने इसमें खास तौर से भागीदारी निभायी।

### आम सभा में रक्षा राज्य मंत्री ने भी लिया हिस्सा

अध्यक्ष परेश गट्टानी की अध्यक्षता में हुई चैंबर की आम सभा में 154 सदस्यों के साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। चैंबर अध्यक्ष के कार्यकाल की प्रशंसा की। साथ ही उद्योग-व्यापार जगत के सभी मुद्दों पर सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने जीएसटी के स्लैब में कमी के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए इसे उपभोक्ता और व्यापारियों के लिए हितकर बताया। कहा कि प्रधानमंत्री और वित्त मंत्रालय का यह निर्णय व्यापारियों, उद्यमियों और उपभोक्ताओं सभी के लिए लाभकारी होगा। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने चैंबर के इस सत्र की वार्षिक गतिविधियों को सभा के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने चैंबर के सत्र 2024-25 के बैलेंस शीट और आय-व्यय की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया।


# मकान, जमीन हड़पने के लिए बनाया फर्जी वोटरकार्ड

## धनबाद डीसी, बोकारो डीसी और अंचल अधिकारी बाघमारा सहित कतरास थाना से की लिखित शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता








**कतरास।** एक व्यक्ति का दो अलग-अलग वोटर कार्ड बनाकर उसका दुरुपयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना से प्रशासनिक महकमा एवं सरकारी दफ्तरों में हड़कंप मच गया है। दरअसल मो जाकीउल्लाह पिता मो कुर्बान अली नामक किसी व्यक्ति ने मो तनवीर आलम, पिता मो सरफुद्दीन अंसारी के नाम से दो अलग-अलग वोटर कार्ड बना लिया है। एक वोटर कार्ड जो कि मो जाकीउल्लाह पिता मो कुर्बान अली के नाम से है। उसका वोटर कार्ड संख्या- टहल8260499 है। यह वोटर कार्ड ऊपर टोला दहियारी, परसबनी, बोकारो जिला से बना है। वहीं दूसरा वोटर कार्ड मो तनवीर आलम, पिता- मो सरफुद्दीन अंसारी के नाम से बना है। जिसका वोटर कार्ड संख्या- खरल7712847 है। इस वोटर कार्ड पर बाघमारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता केंद्र संख्या- 208, जीएनएम कतरासगढ़ दक्षिण भाग अंकित है। इसकी शिकायत दिलावर नगर, टंडा बस्ती कतरास निवासी मो सिराजुद्दीन ने संबंधित अधिकारियों से की है। मो सिराजुद्दीन ने धनबाद उपायुक्त, बोकारो उपायुक्त एवं अंचल अधिकारी बाघमारा को लिखित शिकायत देकर बताया कि मो जाकीउल्लाह एक जालसाज किस्म का व्यक्ति है। दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र से अलग-अलग नाम से फर्जी वोटर कार्ड बनाकर उसके चाचा स्व सरफुद्दीन अंसारी का पक्का मकान, जमीन व संपत्ति हड़पना चाहता है। उन्होंने बताया कि मो सरफुद्दीन अंसारी उसके चाचा हैं जिनकी मृत्यु 25 वर्ष पहले हो चुकी है। सरफुद्दीन अंसारी जिनकी कोई संतान नहीं है, उनकी पत्नी उमेरा खातून की मृत्यु भी 29-03-2025 को हो गयी है। लेकिन जालसाज जाकीउल्लाह ने गलत तरीके से बाघमारा विधानसभा से फर्जी वोटर कार्ड बनवा लिया है जिसमें उसने अपना नाम मो तनवीर आलम एवं मेरे चाचा मो सरफुद्दीन को अपना पिता के रूप में दर्शाया है। ऐसा करके वो हमारे चाचा सरफुद्दीन अंसारी एवं हमलोगों की लाखों की संपत्ति को हड़पना चाहता है। शिकायतकर्ता सिराजुद्दीन ने बताया कि कतरास मौजा में खाता संख्या 106, प्लॉट संख्या-187, 189, 190 एवं 191 में कुल रकवा 95 डिसमिल जमीन उनके पिता व उनके दो चाचा मो शकूर व मो सरफुद्दीन के हैं। उनके जमीन को गलत वंशावली बनाकर गलत तरीके से खरीद बिक्री किये जाने की संभावना है, जिसको लेकर उन्होंने बाघमारा सीओ को लिखित शिकायत देकर आवश्यक कार्रवाई करने का मांग किया है। बताया कि इस संबंध में कतरास थाना में भी शिकायत देकर कार्रवाई का मांग किया हूं। मामले में मो जाकीउल्लाह दूसरा नाम मो तनवीर आलम का पक्ष नहीं मिल सका।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
04

## रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन व रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड परिसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन उपायुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, सिविल सर्जन अनिल कुमार व रेड क्रॉस के चैयरमैन अजीत कुमार बरनवाल ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर उपायुक्त ऋतुराज ने कहां रक्तदान जीवनदान है। उन्होंने मौजूद लोगों को रक्तदान के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि आपका एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। वही अनुमंडल पर अधिकारी रिया सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। सिविल सर्जन अनिल कुमार ने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरुक किया। मौके पर रेड क्रॉस के सचिव गौतम पाल, पूर्व सचिव डॉ रामसागर सिंह, डॉ रंजीत कुमार, डॉ आर पी शर्मा आदि मौजूद थे। शिविर में लगभग 20 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। जिसमें कोडरमा में पांच,जयनगर में 10, व चंदवारा में 15 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान में युवाओं की भागीदारी सबसे ज्यादा रहा। इसमें रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष पुत्र आदर्श कुमार अब तक 12 वीं बार रक्तदान कर चुका है। ऐसे ही जिले के पत्रकार रितेश लोहानी, मनोज झा, विशाल सिंह, जैसे और भी युवा है जो अब तक 30 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। इसके पूर्व रेड क्रॉस के टेक्नीशियन श्याम के द्वारा रक्तदाताओं की रक्त जांच, हीमोग्लोबिन, बीपी आदि की जांच की गयी। मौके पर मोजफर, सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## सिविल सर्जन ने विष्णुगढ़ सीएचसी का किया निरीक्षण



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ सीएचसी में सिविल सर्जन अशोक कुमार ने शनिवार को सीएचसी का निरीक्षण कर सुविधाओं और कर्मियों का जायजा लिया। सीएचसी निरीक्षण के दौरान विष्णुगढ़ सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल ने सिविल सर्जन से विष्णुगढ़ सीएचसी में एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और दवाई की कमियों को जल्द-जल्द पूरा करने की मांग की, इस पर सिविल सर्जन ने कहा कि एक्स-रे मशीन के संचालन के लिए विद्युत की आपूर्ति सही तरीके से हो इसके लिए सीएचसी परिसर में एक ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है, जिसकी जरूरत हमे एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड और अन्य सुविधाओं को संचालित करने के लिए अतिआवश्यक है। ट्रांसफार्मर लगने के बाद यह सुविधा जल्द शुरू होगी। सिविल सर्जन ने विष्णुगढ़ चिकित्सा प्रभारी को आदेश देते हुए कहा कि सीएचसी में जो दवा की कमी है, उसकी लिस्ट हमे भेजें दवा की कमी किसी भी हाल में नहीं होगी। इस मौके मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,शंकर प्रसाद बर्मन, जीवन सोनी, डॉ. जफर हसन, डॉ. अंकित जयपुरियार समेत सीएचसी के कर्मी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## नियमित फॉगिंग और कीटनाशक का छिड़काव हो: सईद नसीम

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के युवा नेता सईद नसीम ने शनिवार को उपायुक्त को पत्र लिखकर जिला कोडरमा समेत नगरपरिषद झुमरीतिलैया के सभी वार्डो में मक्खी और मच्छरों के प्रकोप से आमजनो को निजात दिलाने कीटनाशक का छिड़काव और नियमित रूप से झुमरीतिलैया नगरपरिषद, डोमचांच और कोडरमा नगरपंचायत के सभी वार्डो में फॉगिंग करवाने की मांग की है। सईद नसीम ने पत्र में कहा है कि वर्तमान में मच्छर जनित रोग बहुत तेजी से फैल रहा है। जबकि बारिश के समय में यही मच्छर कई बीमारियों का कारण भी बन जाते हैं। मौसम में परिवर्तन के चलते इन दिनों में संक्रामक रोगों की दस्तक को लेकर आशंका जताते हुए बताया कि ऐसे समय सावधानी और बचाव बेहद आवश्यक है। बारिश के मौसम में कई वार्ड ऐसी हैं जहां फॉगिंग भी नहीं की जाती दिखावे के लिए सिर्फ मुख्य सड़कों तक सीमित हो जाती हैं। उन्होंने बीमारियों पर अंकुश लगाए जाने के लिए जल्द संपूर्ण जिला के सभी पंचायत समेत नगर में कीटनाशक दवा छिड़काव कराने के साथ 28 वार्ड में नियमित फॉगिंग की मांग करते हुए कहा कि नगर के सभी वार्डों की गलियों में गंदगी, नाली जलजमाव आदि स्थानों पर मुख्य रूप से दवा का छिड़काव करवाये जायें।

## प्रधान कैफेटेरिया में रंगीलो रास डांडिया नाइट का होगा भव्य आयोजन



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शारदीय नवरात्र के अवसर पर नवरात्र के छठवें दिन शहरवासियों के लिए खास मनोरंजन का माहौल तैयार किया गया है। प्रधान कैफेटेरिया के टीम की ओर से आगामी 27 सितंबर को संध्या 6 बजे से रंगीलो रास डांडिया नाइट का भव्य आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम प्रधान कैफेटेरिया परिसर में आयोजित होगा, जिसमें संगीत, नृत्य और पारिवारिक मनोरंजन की अनूठी झलक देखने को मिलेगी। आयोजक डॉ. प्रभात कुमार प्रधान ने प्रेस वार्ता कर बताया कि डांडिया नाइट के नाम पर जो फूहड़ता हो रही है उससे हट कर पूरे पारिवारिक माहौल में डांडिया नाइट का आयोजन करना है, ताकि सभी आयु वर्ग के पुरुष, महिलाएं और बच्चे इसमें भाग लेकर त्योहार की उमंग को और खास बना सकें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। पूरे स्थल पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रहेगी और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बाउंसर्स भी तैनात किये जायेंगे। इस डांडिया नाइट को खास बनाने के लिए कई आकर्षक प्रतियोगिताओं और प्रस्तुतियों की योजना बनायी गयी है। टिकट दरें भी अन्य के अलावे भी सस्ती रखी गयी है जिसमें एकल प्रवेश के लिए पास 251 रुपये, कपल पास 451 रुपये और फैमिली पास 751 रुपये का होगा। आयोजकों का कहना है कि शहर के लोग इस अवसर का भरपूर आनंद उठा सकें, इसके लिए हर स्तर पर विशेष तैयारी की जा रही है। वहीं कार्यक्रम के संयोजक अमित गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को एक साथ लाकर पारिवारिक वातावरण में त्योहार की खुशी को साझा करना है। प्रेस वार्ता में आयोजन समिति सदस्य जितेंद्र सिन्हा, ज्ञान सागर, मनोज कुमार, राम किशोर सावंत, चंदन चौबे, दीपक घोष, सुधा प्रधान सहित आयोजन से जुड़े कई लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की फसल कटनी विधि का प्रयोग

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड के ग्राम महुदी में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल के नेतृत्व में मकई खेत में कटनी विधि का प्रयोग किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि इस विधि से कटाई करने पर कम समय में किसान अपनी पूरी फसल की कटाई कर सकता है। साथ ही साथ किसानों किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं होती है। आगे उन्होंने कहा कि हम सभी किसानों से आग्रह करते हैं कि इस विधि से अपने फसल का कटाई करें। मौके पर भास्कर राज, श्याम कुमार, हिमांशु कुमार और अन्य किसान शामिल थे।

## हाथियों के झुंड ने टाटीझरिया में मचाया उत्पात

# घरों को तोड़ा और धान की फसल को किया बर्बाद, दहशत में लोग

आजाद सिपाही संवाददाता



टाटीझरिया। प्रखंड में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथी प्रखंड के किसानों और ग्रामीणों के नाक में दम कर रखा है, लोग हाथी के प्रकोप से काफी खौफजदा हैं। करीब 25 हाथियों का झुंड शुक्रवार देर शाम पहुंचा और रातभर बन्हें-पूरणापानी और केसोडीह में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने लोगों के घर तोडे और खेत में खडी तैयार धान की फसल को रौंद डाला है। हालांकि इस दौरान वन विभाग की टीम पहुंची हुई थी फिर भी लोगों को होने वाले नुकसान से बचा ना जा सका। हाथियों ने बन्हें-पूरणापानी में महादेव मांझी के घर की खिड़की को तोड़ दिया और सामानों को नुकसान पहुंचाया। रामकुमार भुइयां का दरवाजा और चहारदीवारी ध्वस्त कर दिया। इससे पहले भी हाथियों ने उसके घर को तहस-नहस कर दिया था। हाथियों के झुंड ने खेत में खड़ी तैयार धान की फसल को बर्बाद कर दिया है। बन्हें के नय्या घोघरी में राजेंद्र प्रसाद, हरि प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, निर्मल महतो, तिलक महतो, विकास कुमार, रवींद्र प्रसाद, जीवलाल प्रसाद, दशरथ महतो, नारायण साव समेत कोल्हू, केसोडीह, बन्हें और आसपास के गांव के किसानों के धान की फसल को खाया और रौंद कर बर्बाद कर दिया है। इन किसानों ने बताया कि उनका एक मात्र फसल धान की खेती ही है, जिसे हाथियों के द्वारा बर्बाद किया जा रहा है। इस तरह की घटनाओं को वन विभाग त्वरित संज्ञान में लेते हुए पीड़ित परिवारों को मुआवजा और सुरक्षा व्यवस्था पर पहल करे, जिन किसानों की फसलें बर्बाद हुई है उन्हें तत्काल आर्थिक सहायता दिया जायें ताकि उनकी आजीविका पटरी पर लौट सके, साथ ही गांव की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी का इंतजाम किये जाये, ताकि इस तरह की घटना पर विराम लगाया जा सके, और जंगली हाथियों से ग्रामीणों को राहत मिल सके। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है, लोगों को कहना है कि अब उनका धैर्य टूट रहा है, खेती ही उनकी मुख्य आय का स्रोत है, और जब बार-बार फसलें हाथियों द्वारा बर्बाद की जायेगी तो उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जायेगा। इसलिए वन विभाग कोई ठोस उपाय करे ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं को रोका जा सके। अभी फिलहाल हाथियों का झुंड केसोडीह जंगल में अपना डेरा डाले हुए है। किसानों ने हाथियों द्वारा नुकसान हुए फसलों का उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# कुड़मी समाज का 'रेल टेका डहर छेका' आंदोलन चरही स्टेशन पर रेल परिचालन बाधित किया गया



### चुरचू-डाडी के संग विष्णुगढ़ और मांडू भी पटरी पर, आंदोलन को मिला बड़ा जनसमर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

चरही। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग को लेकर कुड़मी समाज ने शनिवार 20 सितंबर से रेल टेका डहर छेका आंदोलन की शुरुआत कर दी। आंदोलन के पहले ही दिन चरही रेलवे स्टेशन पर सुबह से हजारों की संख्या में लोग ट्रैक पर जुट गये, जिसके कारण ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह बाधित हो गया। रेलवे लाइन पर जमे प्रदर्शनकारियों के कारण कई ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ। स्थिति को देखते हुए रेलवे और जिला प्रशासन ने स्टेशन परिसर तथा आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है। स्टेशन क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। प्रदर्शनकारियों ने चरही स्टेशन पर दो ट्रेनों को रोक दिया। जिसमें एक बरकाकाना टू कोडरमा लोकल ट्रेन व एक मालगाड़ी को रोक गया है। जबकि स्थिति को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया। इससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

**लगातार मुखर हो रही आदिवासी दर्जे की मांग :** कुड़मी समाज लंबे समय से एसटी का दर्जा देने की मांग कर रहा है। वर्ष 2022 में पहली बार इसी तारीख यानी 20 सितंबर को बड़े पैमाने पर रेल रोको आंदोलन हुआ था, जो 9 दिनों तक चला। इसके बाद 2023 में भी यह आंदोलन एक सप्ताह तक जारी रहा। हालांकि 2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के चलते आंदोलन स्थगित रहा। इस वर्ष आंदोलन फिर से तेज हुआ है और इसका दायरा दिल्ली के जंतर मंतर तक पहुंच चुका है।

**आंदोलनकारियों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी :** रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह स्थानीय पुलिस और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। रेलवे प्रशासन की ओर से आरपीएफ के जवान भी स्टेशन परिसर में पूरी मुस्तैदी से डटे हैं।

### प्रशासन और आंदोलकारी के बीच वार्ता रही नाकाम

प्रशासनिक अधिकारियों ने आंदोलनकारियों से वार्ता कर आंदोलन समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। आंदोलनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे और अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दी। आंदोलकारियों का साफ कहना है कि कुड़मी समाज के जिन बड़े नेताओं को प्रशासन के द्वारा डिटेन किया गया है पहले उनको रिहा किया जाए तभी वार्ता संभव हो पायेगी। सरकार कुड़मी की आदिवासी दर्जा देने के लिए गाइडलाइन जारी करे अन्यथा अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

### मांडू विधायक भी उतरे पटरी पर

आंदोलन के दौरान मांडू विधायक तिवारी महतो भी चरही स्टेशन पहुंचे और आंदोलनकारियों के साथ पटरी पर लेट गये। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन हमारी माटी और रोटी की लड़ाई है। कुड़मी समाज अपनी पहचान और हक के लिए संघर्ष कर रहा है। जब तक एसटी का दर्जा नहीं मिलेगा, लड़ाई जारी रहेगी।

# कनिष्का और उनके कोच का सांसद ने किया सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। झारखंड की रत्नगर्भा धरती खेल प्रतिभाओं से भरी हुई है। सीमित साधन संसाधन में झारखंड की धरती से निकलकर यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय फलक पर अपनी खेल प्रतिभा का जौहर बिखेर रहें हैं। राज्य के पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा की बेटी अंतराष्ट्रीय महिला मुक्केबाज कनिष्का कुमारी गोराई ने जॉर्डन के अम्मान में बीते अप्रैल-मई 2025 में आयोजित एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अंडर-15 वर्ग के प्रतियोगिता में 64 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर झारखंड राज्य का नाम रोशन किया है। कनिष्का रांची के खेल गांव स्थित झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) के बॉक्सिंग एकेडमी में उड़ीसा के रहने वाले बॉक्सिंग कोच द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित हुए बी.बी. मोहंती से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं साथ ही इसी स्पोर्ट्स एकेडमी के शैक्षणिक संस्थान से 10 वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही हैं। इनके पिता काजल गोराई प्राइवेट कॉन्ट्रैक्टर का काम करते हैं और मां कुंती देवी गृहणी हैं। करीब 6 साल पहले खेल महाकुंभ में बेहतर प्रदर्शन के बाद कनिष्का का चयन जेएसएसपीएस के लिए हुआ था तब से एकेडमी के सख्त नियम- कानून के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। शनिवार को कनिष्का ने अपने साथी खिलाड़ी रोहित कुमार के संग अपने कोच बी.बी. मोहंती के साथ हजारीबाग पहुंचकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। इस क्रम में सांसद मनीष जायसवाल ने अंतरराष्ट्रीय महिला बॉक्सर कनिष्का और उनके गुरु कोच बी.बी. मोहंती का पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया और बॉक्सिंग के क्षेत्र में ओर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

# बरही : 40 वर्ष से रावण का पुतला बना रहा मुस्लिम परिवार, कलाकारी का हर कोई दीवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



बरही। दशहरे के पर्व को लेकर बताया जाता है असत्य पर सत्य का प्रतीक लंका दहन को बताया जाता है। यही कारण है कि लंकेश्वर के नाम से प्रसिद्ध रावण को दसवीं के दिन मृत्यदंड दिया गया था। जिसके कारण पुरानी प्रथा को लोग जीवित करते हुए नवरात्रि के बाद दशहरे का पर्व मनाते है। दशहरे का पर्व झारखंड में भी धूमधाम से मनाया जाता है। बरही में भी इसका खास असर देखने को मिल रहा है। दसवीं के दिन रावण के पुतले को दहन करने की तैयारी एक महीने से चल रही है। कारीगरों के द्वारा रावण के पुतले को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रावण के पुतले को बनाने वाले गया के मुख्य कारीगर मोहम्मद मुन्ना और उनके सहयोगियों द्वारा बरही प्रखंड परिसर में रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण का पुतला बनाया जा रहा है। पिछले करीब 40 वर्ष से वह बरही में रावण का पुतला बना रहे है। बता दें कि उनके द्वारा रावण के पुतले में अपनी छाप छोड़ी जाती है, इसके लोग दीवाने हो जाते है। इस वर्ष भी मोहम्मद मुन्ना द्वारा 50 फीट का रावण का पुतला बनाया जा रहा है, तो वहीं मेघनाथ और कुंभकर्ण के भी 45 - 45 फीट के पुतले बनाये जा रहे है। कड़ी मशक्कत के चलते दिन रात रावण के पुतले बनाने की तैयारी चल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतला बनाने में करीब 1.5 लाख रुपये का खर्च आया है।

## दुर्गा नगर पूजा कमेटी का हुआ गठन



इचाक (आजाद सिपाही)। भक्ति भाव और सौहार्द वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर इचाक मोड़ दुर्गा नगर पूजा कमिटी का गठन किया गया। अध्यक्षता मथुरा प्रसाद मेहता ने किया। पूजा समिति के द्वारा कुलदीप प्रसाद मेहता को अध्यक्ष, डेगनारायण मेहता को सचिव और महेश साव को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा कमिटी के सफल संचालन के लिए चंद्रदेव प्रसाद मेहता, दिगंबर कुमार मेहता, फुलेश्वर मेहता, राजबल्लभ प्रसाद मेहता, मुंशी मेहता, चेतू महतो, तुलसी मेहता, कृष्णा पंडित, सूदन साव, अर्जुन मेहता, निशु मेहता को सदस्य बनाया गया है। उक्त जानकारी कमिटी के कोषाध्यक्ष महेश साव ने दी।

## भारी बारिश से गिरा घर



पदमा (आजाद सिपाही)। पदमा प्रखंड अंतर्गत बिहारी पंचायत के नवाडीह गांव में पिछले दिनों हो रही मूसलाधार वर्षा से एक खपड़ैल मिट्टी का घर रात्रि में गिर गया। घर में प्रियंका देवी अपने तीन बच्चों के साथ सोई हुई थी। पूरा परिवार इस घटना में बाल बाल बचा। इधर घर गिरने के बाद भुक्त भोगी महिला ने पदमा अंचल कार्यालय को लिखित आवेदन देते हुए सरकारी आवास और मुआवजा की मांग की है। अपने आवेदन में महिला ने बताया कि उसका पति बाहर में काम करता है और वह अपने तीन छोटे-छोटे बच्चों के साथ उस मकान में रह रही थी। अब अचानक घर गिर जाने से परिवार के सर से छत गायब हो गया है। ऐसे में उसने सरकारी आवास व मुआवजा के लिए अंचल कार्यालय से गुहार लगायी है।

## केरेडारी कोल परियोजना को मिला एक्सीलेंस अवार्ड में थ्री स्टार रेटिंग



केरेडारी (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना (KDCMP) ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) द्वारा आयोजित सेफ्टी, हेल्थ और एनवायरनमेंट संबंधी प्रतिष्ठित एक्सीलेंस अवार्ड्स में 5 में से 3-स्टार रेटिंग प्राप्त की है। परियोजना टीम ने कार्यस्थल पर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने, और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में सतत प्रयास किये हैं। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण सफलता संभव हो सकी है। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख के.चंद्रशेखर ने कहा की यह सम्मान केरेडारी कोयला खनन परियोजना के प्रत्येक कर्मचारी के समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। हम सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण-संवेदनशील कार्यसंस्कृति को और भी ऊंचाई पर ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## लाभुकों को बांटे जाने वाले चना दाल के सैकड़ों पैकेट लावारिस हालत में मिला



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बेड़ोकला जमसोती मार्ग पर झारखंड सरकार के माध्यम से डीलर के द्वारा लाभुकों को बांटे जाने वाले चना दाल का सैकड़ों खाली पैकेट फेंका हुआ मिला है। मार्ग से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर सड़क किनारे फेंके गये खाली पैकेट को देखकर इसकी सूचना बीडीओ और विभागीय अधिकारियों को दी गयी। ग्रामीणों ने बताया कि एक बोरा में सभी खाली पैकेट को डालकर लाया गया था। उक्त खाली पैकेट में झारखंड सरकार का मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना एक किलो चना दाल मुफ्त लिखा हुआ है। जिसे राशन कार्ड लाभूकों के बीच वितरण करना है लेकिन डीलर के द्वारा सभी पैकेट फाड़कर चना दाल को निकाल कर खाली पैकेट लाकर फेंक दिया गया है। फेंके गये बोरे में अनील यादव बेड़ोकला रीशू शू का नाम लिखा हुआ है। अनील यादव बेड़ोकला के स्थानीय जन वितरण प्रणाली दुकानदार का रिश्तेदार बताया जा रहा है। संभावना जतायी जा रही है कि यह खाली पैकेट उसी स्थानीय डीलर का हो सकता है। सूचना मिलने पर बरकट्ठा प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मिंटू रजक उक्त स्थान पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया। इस बाबत मिंटू रजक ने बताया कि यह किस डीलर के द्वारा फेंका गया है इसकी जांच कर रहा हूं। क्योंकि इस तरह का पैकेट बाजार में उपलब्ध नहीं है बल्कि सिर्फ विभाग के पास ही है। उन्होंने कहा कि मामले की जांचोपरांत दोषी लोगों पर कार्रवाई किया जायेगा।

## दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को लेकर बड़कागांव थाना में शांति समिति की बैठक



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को लेकर बड़कागांव थाना में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास अधिकारी जितेंद्र मंडल ने किया। जबकि संचालन थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता और पंचायत समिति सदस्य नितेश ठाकुर ने किया। बैठक में प्रखंड के विभिन्न गांवो के दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव और सदस्यों ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया। इस बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि प्रशासन द्वारा निर्गत किया गया लाइसेंस के आधार पर ही जुलूस निकाला जायेगा। सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। बैठक में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि दुर्गा पूजा के मौके पर नाटक मंचन समितियतो द्वारा आयोजन किया जाना चाहिए। जुलूस में किसी प्रकार का रोक-टोक ना हो। अगर स्वतंत्रता पूर्वक किसी भी रास्ते से निकलने दिया जाए ,तो कभी विवाद नहीं होगा। इंस्पेक्टर ललित कुमार ने कहा कि समिति अपना सीसी टीवी कैमरा लगाए, मॉब लिंचिंग सबसे बड़ा बड़ा अपराध है। लोग अपने हाथ में कानून न ले , बल्कि पुलिस को सूचना दे। वहीं थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने कहा कि अफवाह फैलाने वाले पर पुलिस का निगरानी रहेगी। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जितेंद्र कुमार मंडल, मनोज कुमार, ललित कुमार, वचन देव कुमार, रंजीत कुमार, मो तकरीमुल्लाह खान, राजदेव महतो, प्रभु राम, उपेंद्र प्रसाद, मो इब्राहिम, राजकुमार साव, पूर्व मुखिया, महेंद्र महतो, भीखन प्रसाद, रामसेवक सोनी, संतोष कुमार, दामोदर प्रसाद मेहता, सरोज कुमार, पिंटू गुप्ता, सुरेश राणा, देवनाथ कुमार, मेवालाल नाग, दीपक कुमार महतो, विकास कुशवाहा उर्फ सत्यभामा, सुरेश प्रसाद दांगी, मो अफवान, हीरालाल साहू, महेश साहू, दर्शन प्रसाद कुशवाहा, दीपक कुमार, चंद्रनाथ महतो, विशेश्वर महतो, प्रमोद कुमार, नागेश्वर महतो, नारायण महतो, मिथलेश कुमार, नरसिंह प्रसाद, राजू राणा आदि शामिल थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रारंभिक वर्ग प्रारंभ

लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लावालौंग द्वारा प्रखंड मुख्यालय स्थित बजरंग बली मंदिर यज्ञशाला परिसर में शुक्रवार से रविवार तक चलने वाली तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ किया गया। वर्ग का उद्घाटन जिला प्रचारक संतोष कुमार और जिला सह कार्यवाह सुनील कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वर्ग में कुल 47 शिक्षार्थी भाग लिए हैं। वर्ग को सफल बनाने में खंड कार्यवाह पंकज केशरी, शिक्षक में कमलेश गंझू खगेश्वर साहू और विनय कुमार, प्रमोद साहू, नीतीश चंद्रवंशी, अभिषेक शेखर, रौशन कुमार, विशाल कुमार, नीरज चंद्रवंशी और अन्य लोग लगे हुए हैं।

## मांडू में 1930 से हो रही दुर्गा पूजा, समय के साथ बदल गया स्वरूप

दीपक कुमार



मांडू (आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिले के मांडू में दुर्गा पूजा का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रहा है। वर्ष 1930 से यहां लगातार नवरात्र और दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। समय के साथ पूजा का स्वरूप और आयोजन का दायरा भी बढ़ता गया। मांडू में छः स्थानों पर भक्तिमय माहौल में नवरात्र और दुर्गा पूजा मनायी जाती है। जानकारी के अनुसार, 1930 में मांडू के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से पड़ाव दुर्गा मंडप में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की शुरुआत की थी। उस समय पूजा के साथ लगने वाला मेला पूरे प्रखंड से ग्रामीणों को आकर्षित करता था। श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के साथ-साथ खरीददारी भी करते थे। इसके बाद वर्ष 1943 में मांडू चट्टी में स्व. हरिचरण साव ने ग्रामीणों के सहयोग से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की परंपरा शुरू की। वहीं शौंडिक समाज ने 1953 में मंदिर का निर्माण कर प्रतिमा स्थापना और पूजा का शुभारंभ किया। तब से निरंतर तीनों स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा होती आ रही है। वहीं बोंगाहारा में वर्ष 1985 से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया जा रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि पहले पूजा के अवसर पर मनोरंजन के लिए नाटकों का आयोजन किया जाता था। युवक और पूजा समिति के लोग महीनों पहले से तैयारी करते थे, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता था। समय के साथ यह परंपरा बदली और अब इसकी जगह डांडिया, ऑर्केस्ट्रा और भक्ति जागरण का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा अति प्राचीन शिव मंदिर (मनोकामना बाबा) मांडू परिसर में मां वैष्णो मंदिर में भी नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं इस वर्ष से मांडू के ग्राम गरगाली में भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना शुरू की गयी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि बढ़ते आयोजनों से गांव-गांव में भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह और भी प्रगाढ़ हुआ है।

## करमा लोकल सेल के प्रभावित 556 दंगल ने दिखायी दमदार ताकत



कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल करमा कोलियरी के लोकल रोड सेल का प्रभावित 556 दंगल ने शनिवार को अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करायी है। वहीं, करमा कोलियरी के कांटाघर के समीप आमसभा कर रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा गुट के खिलाफ जमकर नारेबाजी व बयानबाजी की। जिसमें स्पष्ट रूप से कहा कि 556 दंगल में फेरबदल या हटाने का किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इससे पूर्व, करमा लोकल सेल प्रभावित 556 मजदूर समिति के बैनर तले सैकड़ों की संख्या दंगल मजदूर सुगिया बाजार टांड़ और गांधोनिया मेला स्थान, बूढ़ाखाप पहुंचे। जहां गाजे बाजे के साथ शामिल मजदूरो ने प्रभावित मजदूर एकता जिंदाबाद और प्रभावित 556 दंगल छेड़छाड़ करना बंद के नारों के साथ पीओ कार्यालय होते हुए कांटाघर पहुंचे। आमसभा की अध्यक्षता कर रहे सेल समिति सचिव सह करमा दक्षिणी पंचायत मुखिया खगेश्वर महतो ने कहा कि अपना मान सम्मान के लिए किसी से भी समझौता नहीं करेंगे। चाहे इसके लिए जो भी करना पड़े। वहीं, संचालन कर रहे सेल समिति करमा के कोषाध्यक्ष राजनाथ महतो ने कहा कि किसी भी सूरत में 556 दंगल में छेड़छाड़ का बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं, प्रभावित नेता भुनेश्वर महतो ने कहा कि सेल को चालू कराने में 556 दंगल के अलावे नावाटांड और पैंकी की अहम भूमिका रही है। लेकिन कुछ लोग हमें बाहरी दंगल घोषित कर खारिज करने और 147 दंगल को जोड़ने की बात पर अड़े है। यह कहीं से भी उचित नहीं है। सन 1993 में 33 गांव मिलाकर पूर्व विधायक टेकलाल महतो के नेतृत्व में सेल खोला गया था। जो अबतक सुचारू रूप से चल रहा है। कुछ लोग अपने फायदे के लिए शांति व्यवस्था भंग करने की तैयारी में जुटे हैं। आमसभा में भुनेश्वर महतो, अब्दुल कुदुस, प्रदीप शर्मा, महेंद्र यादव, हरिनारायण कुशवाहा, शिवा महतो, देवकी महतो, शमीम अंसारी, सुखदेव महतो, पुषण महतो, बालेश्वर महतो, मेघनाथ महतो, दामोदर यादव, मोहित महतो, देवलाल महतो, गणेश महतो, सुरेंद्र महतो समेत नावाटांड, पैंकी, रतवे, कच्चाडाड़ी, लोहसिंघना, चमारीडेरा बड़कीडुंडी, पुरनाडीह, धवैयाडीह, छोटकीडुंडी, सलैयाडीह, बेडवा, कपरफुटवा, चिटहैया, बलिया, जतरातांड, हरवे, सतढकिया, करमा, अमरपुर, पटेलनगर, बरमसिया, जमुनियाटांड़, बरकट्ठी, बूढ़ाखाप, पोचरा, दिगवार, रउता, गोबरदाहा, कैथा, कोठार समेत 35 गांव के करीब पांच हजार महिला– पुरुष शामिल रहे।

## रेड क्रॉस कार्यकारिणी सदस्य के निधन पर शोक सभा का आयोजन



चतरा (आजाद सिपाही)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य पांडेय रामदयाल के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे, उनका इलाज रांची में चल रहा था। उनके निधन पर रेड क्रॉस के पदाधिकारी और सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। मौके पर उपस्थित रेड क्रॉस के सचिव धर्मेंद्र पाठक ने कहा कि पांडेय रामदयाल न सिर्फ रेड क्रॉस कार्यकारिणी के सदस्य थे बल्कि ये अच्छे मार्ग दर्शक भी थे। इनके मार्गदर्शन में रेड क्रॉस का काफी विकास हुआ। उन्होंने कहा कि उनका निधन चतरा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए अपूर्णीय क्षति है। जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। शोक सभा में रेड क्रॉस के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा, वाइस चेयरमैन विवेक केशरी, पंकज दुबे, बिरजू तिवारी, डॉ आनंद, हाजी साबिर हुसैन, संतन पांडेय, रविन्द्र मित्तल, जितेंद्र जैन, ताराचंद सोनी, मृत्युंजय कुमार, कुमार विवेक, नशीरुद्दीन अंसारी, आकाश सिंह, अजय चौरसिया, संतोष केशरी, रत्नेश कुमार, सुप्रिया कुमारी, मधुलता कुमारी, जयंती भेलेन तिर्की, निर्भय कुमार, विजय कुमार, तापेश्वर प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

# नॉर्थ कानपुर पावर प्लांट में फ्लाइ एश डेक पर अपराधियों ने की फायरिंग

- ढुलाई में लगी वाहनों में गोलियों के निशान और आधा दर्जन बरामत किया गया गोली का खोखा
- दहशत फैलाने के नाम पर गोली की तड़तड़ाहट से गूंज उठा एनटीपीसी पहली बार हुई अपराधिक घटना

आजाद सिपाही संवाददाता

टंडवा। एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा वृहद ताप विद्युत परियोजना के फ्लायस ऐश डेक परिसर में अज्ञात अपराधियों द्वारा कई राउंड तड़ तड़ गोली चलने की खबर प्रकाश में आया। बताया जाता है की फ्लायस की ढुलाई में लगे कई कंपनियों को डराने को लेकर हवाई फायरिंग किया गया। यह घटना शनिवार के देर संध्या 6 बजे की है। अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए पर्चा छोड़ भाग निकले। जानकारी के अनुसार पर्चे में अमन साहू गैंग के राहुल सिंह गैंग से बिना मैनेज का काम करेगा उसका यही परिणाम होगा। हर बार की तरह खोपड़ी खोल दिया जायेगा। अमन साहू गैंग आजाद सरकार इस घटना का जिम्मेदारी राहुल सिंह ने लिया है हस्तलिखित पर्चा बरामद किया गया। इस तरह की प्लांट क्षेत्र में पहली घटना है जिससे दहशत का माहौल एनटीपीसी में बना हुआ है। यह घटना एनटीपीसी से निलने वाली गेट के समीप गोलियां चलायी गयी है। जिसमें पांच से गोली के खोखे पाया गया। बताया जा रहा है कि फ्लाइएस कंपनियों के प्रतिद्वंदता कई कंपनियों के द्वारा प्लाई ऐश ढुलाई धड़ल्ले से की जा रही है जिसको लेकर गोलीयां की आशंका जता रहे है। इधर इस घटना को लेकर टंडवा डीएसपी प्रभात रंजन बरवार और थाना प्रभारी अनिल उरांव ने घटना स्थल पर जांच पड़ताल करना शुरू कर दिया है। पुलिस ने शीघ्र अपराधियों पर अंकुश लगाने की बात बताया है।

## दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला आयोजित



चतरा (आजाद सिपाही)। चतरा कॉलेज के सामने हैलीपैड मैदान में आज जिला नियोजनालय द्वारा एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय विधायक चतरा जनार्दन पासवान और श्री कुमार उज्ज्वल दास (सिमरिया) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया और इसके बाद अतिथियों ने मेले में लगी विभिन्न कंपनियों की स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा युवाओं से संवाद किया। रोजगार मेला में विभिन्न क्षेत्रों की 21 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। तकनीकी, अर्ध–तकनीकी और गैर–तकनीकी पदों के लिए ऑन–द–स्पॉट साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिले के सैकड़ों युवा–युवतियों ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए आवेदन और साक्षात्कार में भाग लिया। उद्योग प्रतिनिधियों और युवाओं के बीच सीधे संवाद ने स्थानीय रोजगार के अवसरों के प्रति उत्साह को और बढ़ा दिया। जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार ने बताया कि कुल 609 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया और 192 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान किया गया, जिससे उनकी कैरियर की दिशा और मजबूत हुई। विधायकों ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के रोजगार मेले न केवल रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हैं, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता भी बढ़ाते हैं। यह आयोजन जिले के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी, श्रम विभाग के अधिकारी, कंपनी प्रतिनिधि, प्रशिक्षक और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिला नियोजन पदाधिकारी ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के रोजगार मेले समय–समय पर आयोजित किए जायेंगे ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें।

## तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम आयोजन



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। राम नारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति चतरा और महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जैनेंद्र कुमार सिंह ने किया जबकि संचालन एनएसएस पीओ डॉक्टर फहीम अहमद कर रहे थे। इस मौके पर जिला सलाहकार राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम सह चतरा जिला स्वास्थ्य समिति की डॉयरेक्टर रश्मि दुबे,डीपीपीएम कॉर्डिनेटर संजय कुमार ने सफल कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर अपने अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर रोज आए दिन तम्बाकू का सेवन बढ़ रहा। जिसके दुष्परिणाम से बीमारियों में बड़े पैमाने पर इजाफा देखा जा रहा है। इस मौके पर तम्बाकू सेवन न करने और नहीं करने देने पर छात्र और छात्राओं को शपथ दिलायी गयी। इस मौके पर तम्बाकू नियंत्रण और उस से जुड़ी बीमारियों पर क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गुल सबा प्रवीण, द्वितीय स्थान पर लबली कुमारी और तृतीय स्थान पर आरती कुमारी प्राइज प्राप्त किया। उक्त प्रतिभागियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर सीएस और डॉयरेक्टर का हस्ताक्षर शुदा सर्टिफिकेट, एक बैग और शील्ड दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के कर्मियों में कुंदन सिंह, अखिलेश यादव, उपेंद्र कुमार डब्लू सिंह, चुन्नू सिंह के अतिरिक्त कॉलेज के छात्र छात्राओं ने महती भूमिका निभाया।

## रिमांड पर आया मुकेश महतो, घटना में प्रयुक्त बाइक हुई बरामद

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर मुर्रामकला गांव के पास चली गोली के मामले का उद्भेदन करने में रामगढ़ पुलिस लगी हुई है। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि 3 सितंबर को हुई घटना में कांड संख्या 244/25 दर्ज कर अभियुक्त अनिल यादव और मुकेश महतो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश बना रही थी। इस दौरान दोनों अपराधियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कांड के अभियुक्त मुकेश महतो को रामगढ़ कोर्ट से 24 घंटे के रिमांड पर लिया गया। इसके बाद उस पूरी घटनाक्रम का सीन रीक्रिएट किया गया। मुकेश महतो से पुलिस ने पूछताछ की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। रामगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि कुख्यात अपराधी अनिल यादव ने अपने साथी मुकेश महतो के साथ मिलकर एक कर पर गोली चलायी थी उसे कर पर सवार तीन लड़कियां और दो लड़के बाल बाल बचे थे इसके बाद अनिल और मुकेश अपनी बाइक से फरार हो गये थे बाद में उन दोनों ने कोर्ट में तो सरेंडर कर दिया लेकिन घटना में प्रयुक्त पाइप छुपा दिया। मुकेश महतो ने पुलिस को बताया कि उसने बाइक जेएच 24 एन 6030 अपने एक दोस्त के घर छुपा दिया है। पुलिस ने बाजार समिति के पीछे रहने वाले सुतनी के घर से बाइक बरामद कर ली है।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में

# सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल भी उपस्थित थे। बैठक जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं, हिट एंड रन मामलों और गुड सेमैरिटन पॉलिसी के क्रियान्वयन की बिंदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए सभी विभागों को समन्वित और ठोस कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाये और इसके लिए व्यापक जांच अभियान और जागरूकता अभियान चलाये जाये। जिला परिवहन पदाधिकारी महेश्वरी प्रसाद यादव ने जानकारी दी कि परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाते हुए आम नागरिकों, विशेषकर बच्चों और किशोरों को यातायात नियमों के पालन के प्रति प्रेरित किया जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिगों द्वारा वाहन चलाए जाने पर किसी प्रकार की रियायत नहीं दी जायेगी और अभिभावकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बिना हेलमेट या अन्य किसी प्रकार से सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाये। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि ऐसे लोगों को सम्मानित कर समाज में जागरूकता का वातावरण तैयार किया जाये।

बैठक में लावारिस पशुओं की वजह से हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गयी। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सड़क पर घूमने वाले लावारिस पशुओं को चिन्हित कर उन्हें तत्काल पकड़ा जाये, जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम हों उपायुक्त ने आमजनों से अपील की है कि सड़क पर पालतू मवेशियों को सड़क पर खुला न छोड़ें और उन्हें सुरक्षित बांधकर रखें। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए नाराजगी व्यक्त की और कहा कि सभी ट्रांसपोर्टर यह सुनिश्चित करें कि भारी वाहनों पर चालक के साथ सहायक चालक अनिवार्य रूप से मौजूद रहे। साथ ही, सभी वाहनों की गति सीमा की लगातार मॉनिटरिंग की जाये। बरसात के कारण सड़कों पर हुए गड्ढों की मरम्मती के लिए संबंधित कार्यपालक अभियंता को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी (उत्तरी) राहुल मीणा, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## वज्रपात से छह गायों की मौत

प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के हुमजांग पंचायत में आकाशीय बिजली गिरने से एक बड़ा हादसा हुआ है। बसबुट्टा–तुम्बिया जंगल में वज्रपात की चपेट में आने से 6 गायों की मौत हो गयी, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गयी। इस दौरान गाय चराने वाले चरवाहे महेजर यादव बाल–बाल बच गया। गाय मालिकों ने सरकार से इस प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान के लिए मदद और मुआवजे की मांग की है।


## फरार गैंगस्टर राहुल दुबे के खिलाफ पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

कुजू (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू निवासी फरार चल रहे गैंगस्टर राहुल दुबे उर्फ जयशंकर दुबे उर्फ छोटू पिता परमहंस दुबे को आगामी 10 अक्टूबर 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर हाजिरी देने की सूचना को लेकर शनिवार को कुजू पुलिस द्वारा विधिवत ढोल पीटकर क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर इश्तहार चिपकाया गया है। विशेष कर रामगढ़ व्यवहार न्यायालय के मुख्य द्वार, सूचना पट, राहुल दुबे के कुजू स्थित आवास, कुजू चौक और डटमामोड चौराहा शामिल है। चिपकाये जा रहे इश्तहार के दौरान पुअनि आशीष गौतम ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि फरार गैंगस्टर से संबंधित किसी भी तरह की कोई सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़ या अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रामगढ़ के कार्यालय में संपर्क स्थापित करें। गौरतलब है कि फरार गैंगस्टर राहुल दुबे के खिलाफ कुजू ओपी में रंगदारी, गोलीचालन, आर्म्स एक्ट सहित लेवी वसूलने की नीयत से आतंक फैलाने संबंधी प्राथमिकी दर्ज है। 6 जनवरी 2025 को कुजू में कोयला व्यवसायी तापेश्वर केशरी के पुत्र पर गोलीबारी की गयी थी। जिसमें वह घायल हो गया था।

## दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक

# सड़क से हटकर बनाये पूजा पंडाल: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। दुर्गा पूजा पर्व के शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर शनिवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने प्रखंडवार पूजा समिति के सदस्यों से उनके क्षेत्र की समस्याओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये। साथ ही उपायुक्त ने सभी समिति के सदस्यों को रोड से जगह छोड़कर पंडाल बनाने का निर्देश दिया। वही उन्होंने सभी पूजा समितियों को अपने अपने वोलेंटियर चिन्हित कर अपने थाना को सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पूजा समिति के सदस्यों को आगजनी की समस्याओं से निपटने हेतु पूजा पंडाल के पास उचित मात्रा में बालू, पानी इत्यादि का प्रबंध रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने लाइटिंग की व्यवस्था सुदृढ़ रखने और अतिरिक्त जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेले के दौरान भीड़-भाड़ पर काबू रखने हेतु सभी पूजा समितियों को पंडाल से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर पार्किंग स्थल चिन्हित करने का निर्देश भी दिया। साथ ही पंडाल में प्रवेश और निकासी हेतु महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकासी द्वारा बनाने का निर्देश दिया।

### सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान

सुरक्षा दृष्टि के मद्देनजर उपायुक्त ने सभी पूजा समिति सदस्यों से पंडालों में सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और किसी भी समय अनियमितता या परेशानी आने के क्रम में यथाशीघ्र जिला कंट्रोल रूम फोन संख्या - 06553 222005 में अथवा नजदीकी पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया।

### जिला प्रशासन ने जारी किया विशेष निर्देश

पूजा पंडालों / स्थलों पर दर्शन हेतु आनेवाले पुरुष और महिलाओं के कतारबद्ध पंक्तियों के लिये अलग - अलग मजबूत बैरिकेडिंग की व्यवस्था करायी जाय और इस मौके पर यातायात व्यवस्था सुदृढ रखने हेतु हरसंभव प्रयास किया जाये। इस हेतु पहले ही से कार्य योजना तैयार कर पूजा पंडालों / स्थलों पर भीड़ को नियंत्रित रखने हेतु फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ वेलेन्टियर की तैनाती की व्यवस्था की जाये। पूजा पंडालों / स्थलों पर दर्शन हेतु आनेवाले श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पब्लिक ऐड्रेस सिस्टेम का उपयोग किया जाये । श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की व्यवस्था की जाये। पूजा पंडालों और विजयदशमी के दिन रावण दहन का कार्यक्रम वाले स्थानों पर आगजनी से बचाव हेतु फ्री एक्स्टिनगुइशर और फर्स्ट ऐड बॉक्स की समुचित व्यवस्था की जाये। पूजा स्थलों / जुलूस में डीजे लाउडस्पीकर का उपयोग न किया जाये। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाय कि ध्वनि विस्तारक यंत्र से नॉइज पोल्युशन रूल 2000 के धारा 3 ( 1 ) में निर्धारित मानक स्तर तक ध्वनि उत्पन्न हो। यह सुनिश्चित किया जाय कि दुर्गा पूजा के अवसर पर पूजा स्थलों / जुलूस में भड़काउ नारे और उत्तेजक गाने नहीं बजे। पूजा पंडालों में उपयोग होने वाले विद्युत की आपूर्ति हेतु विद्युत विभाग से अस्थायी वैध कनेक्शन लिया जाये, ताकि शॉट - सर्किट से आगजनी की कोई घटना न हो। पूजा पंडालों / पूजा स्थलों के आस - पास गंदगी न फैलाया जाये और कचरे और गंदगी की साफ - सफाई हेतु उचित व्यवस्था की जाये।

## युवक को सांप ने काटा रिम्स रेफर

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड अंतर्गत टोकीसूद गांव में शनिवार की दोपहर पालू निवासी किशन कुमार को दाएं पैर में एक विषैला सांप ने काट लिया। जिससे उसकी तबीयतबिगड़ गयी। आनन फानन में परिजन उसे लेकर सीएचसी में भर्ती कराया। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉ नितिन तुलस्यान ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Series No. 23-24/Y1 25944 and Ref. No. 83 Date 18.09.2025. I, ANUGRAH XALXO S/o Imanual Xalxo resident of Near Don Bosco Bharam Toli, P.o. Bariatu, P.s. Bariatu, Dist. Ranchi, Jharkhand. That ANSH SANJEEWAN XALXO is my son, his date of birth is 24/01/2014. That in the Aadhar card of my son, his name is written as sanjeewan Xaxlo vide Aadhar no. 3913 0508 1376. That this affidavit is made for add ANSH with the name of my son i.e. ANSH SANJEEWAN XALXO and correct the name of my son i.e. ANSH SANJEEWAN XALXO in the aadhar card of my son from concerned authority for necessary purposes.

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

ई. निविदा संख्याः ईएल/31/खुली/2025-26

1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः धनबाद डिवीजन में भूमिगत केबल के माध्यम से मौजूदा ओवरहेड पावर लाइन क्रॉसिंग का संशोधन/निष्पादन। (कार्य समापन अवधिः बारह माह) 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः रु. 1,51,05,187.75 3. बिड सिक्युरिटीः रु. 2,25,500.00

ई. निविदा संख्याः ईएल/32/खुली/2025-26

1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः धनबाद डिवीजन के अंतर्गत लिफ्ट, एस्केलेटर, 30%- 70% प्रकाश व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटिंग चोपन, सिंगरौली, बरकाकाना, पतरातू, बरवाडीह, डालटेनगंज और गढ़वा रोड के लिए डेटा मॉनिटरिंग और प्रबंधन) आईआर नियंत्रक) के लिए क्लाउड आधारित केंद्रीकृत वेब–पोर्टल के साथ वेब आधारित स्वचालन) निगरानी और नियंत्रण (प्रणाली का प्रावधान। (कार्य समापन अवधिः बारह माह) 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः रु. 4,56,82,096.91 3. बिड सिक्युरिटीः रु. 3,78,400.00

ई. निविदा संख्याः ईएल/33/खुली/2025-26

1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः (अ) चैनपुरः धनबाद डिवीजन के तहत चैनपुर (सीएनपीआर) यार्ड में मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडी एसी) का प्रावधान। (ब) धनबाद–वंदे भारत और अमृत भारत के रखरखाव के लिए कोचिंग डिपो डीएचएन में पिट नंबर 1 पर रखरखाव सुविधा का उन्नयन। (स) बिराटोली (बीआईआरटी) स्टेशन पर रेलवे के स्वामित्व वाले इलेक्ट्रॉनिक इन मोशन वेब्रिज की स्थापना का प्रस्ताव। (द) डीएमबीआर, डीएनईए, एएमएलओ और बेरमो में पाइप जलापूर्ति का प्रावधान और सुधार से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (कार्य समापन अवधिः बारह माह ) 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः रु. 55,81,519.59 3. बिड सिक्युरिटीः रु. 1,11,600.00

4. बिड मूल्यांकन प्रणालीः एक पैकेट प्रणाली 5. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथिः दिनांक 08.10.2025 को 11.00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 08.10.2025 को 11.30 बजे के बाद। 6. वेबसाईट का विवरणः वेबसाइट http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0975/डीएचएन/वि0/टी/25–26/68

# ट्रंप प्रशासन का हितों पर चोट

अमेरिका ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को प्रतिबंधों से दी गयी छूट वापस ले ली है। ट्रंप प्रशासन ईरान पर अधिकतम दबाव बनाना चाहता है, लेकिन इससे भारत को भी बड़ा झटका लगेगा। 50% टैरिफ के बाद अमेरिका का यह एक और कदम है, जिससे भारतीय हितों को चोट पहुंचेगी।

**भारत का निवेश :** ट्रंप ने दूसरी बार सत्ता संभालने के साथ ही चाबहार को मिली छूट खत्म करने के एग्जिक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर दिये थे। अब इसे 29 सितंबर से लागू करने का आदेश जारी हुआ है। इसके बाद अगर कोई कंपनी या संस्था चाबहार के संचालन में शामिल होती है, तो उस पर भी अमेरिकी प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं। भारत इस पोर्ट पर अरबों रुपये का निवेश कर चुका है और यहां एक टर्मिनल बना रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से उसके लिए यहां काम करना मुश्किल हो सकता है।

**रूस जैसा मामला :** यह विडंबना है कि डोनॉल्ड ट्रंप भारत और पीएम नरेंद्र मोदी को दोस्त बता रहे हैं, लेकिन उनकी नीतियां नयी दिल्ली के खिलाफ जा रही हैं। चाबहार मामला बहुत कुछ रूसी तेल जैसा है। जब यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए रूस पर अमेरिका दबाव नहीं बना पाया, तो उसने तेल के व्यापार पर दोष डालना शुरू कर दिया। यही कहानी ईरान के साथ है। पिछले दिनों इस्राइल-ईरान टकराव और उसमें अमेरिकी दखल के बावजूद तेहरान झुकने को तैयार नहीं हुआ था, तो अब मैक्सिमम प्रेशर की बात कही जा रही है।

**चाबहार पर बैन भारत या ईरान नहीं, आगे चल कर अमेरिका पर भी असर डाल सकता है। इस पोर्ट को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह का जवाब माना जा रहा है, जो चीन के महत्वाकांक्षी बीआरआइ प्रोजेक्ट का हिस्सा है।**

**पोर्ट का रणनीतिक महत्व :** भारत के लिए चाबहार बंदरगाह की अहमियत व्यापार से अधिक रणनीतिक है। यह पोर्ट उसे पाकिस्तान को बाईपास कर सीधे अफगानिस्तान, मध्य एशिया तक पहुंच देता है। साल 2023 में पहली बार उसने इस रूट का इस्तेमाल कर अफगानिस्तान को गेहूं भिजवाया था। चाबहार उस इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर का अहम हिस्सा है, जिसकी शुरुआत भारत, रूस और ईरान ने मिलकर की थी। सड़क और रेल नेटवर्क से जोड़ दिया जाये, तो यह कॉरिडोर सीधे यूरोप तक आसान, सस्ता और छोटा रास्ता देता है।

**चीन का फायदा :** चाबहार पर बैन भारत या ईरान नहीं, आगे चलकर अमेरिका पर भी असर डाल सकता है। इस पोर्ट को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह का जवाब माना जा रहा है, जो चीन के महत्वाकांक्षी बीआरआइ प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस क्षेत्र से भारत हटा, तो सीधा फायदा चीन को होगा। वॉशिंगटन की वजह से पेइचिंग को रणनीतिक-व्यापारिक बढ़त मिल जाएगी। यह ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन की सबसे बड़ी खामी कही जायेगी कि विरोधियों पर पकड़ बनाने की उसकी हर कोशिश दोस्तों को नुकसान पहुंचाती है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मुख्यमंत्री रहते हुए मोदीजी ने तकनीक और नवाचार के जरिए गुजरात को बदला। 2003 में शुरू की गयी ज्योतिग्राम योजना में फीडर सेपरेशन तकनीक का उपयोग किया गया। इससे ग्रामीण उद्योगों को 24X7 बिजली मिली और तय समय पर खेतों को बिजली मिलने से जमीन के नीचे का पानी कम गति से घटने लगा। महिलाएं रात में पढ़ाई कर सकीं और छोटे व्यवसाय फले-फूले, जिससे गांव से शहर की ओर पलायन घटा।**

# टेक्नोलॉजी के चैंपियन हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**अश्विनी वैष्णव**



क्या आपको वह समय याद है जब सरकारी दस्तावेज को हासिल करना कितना मशक्कत का काम होता था ? कई बार चक्कर लगाने पड़ते थे, लंबी लाइनें लगती थीं, और कभी-कभी बेवजह की फीस देनी पड़ती थी। अब वही दस्तावेज सीधे आपके फोन पर मिल जाते हैं। यह बदलाव यूं ही नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक को भारत का सबसे बड़ा समान अवसर देने वाला साधन बना दिया। मुंबई का एक रेहड़ी-पटरी वाला वाला भी वही यूपीआइ पेमेंट सिस्टम इस्तेमाल करता है, जो एक बड़ी कंपनी का अधिकारी करता है। उनकी सोच में तकनीक पद के अनुरूप किसी ऊंच-नीच को नहीं मानती। यह बदलाव उनकी मूल सोच अंत्योदय को दर्शाता है- यानी कतार में खड़े सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना। हर डिजिटल पहल का मकसद है कि तकनीक को सबके लिए समान रूप से उपलब्ध कराना। गुजरात में शुरू हुए ये प्रयोग ही भारत की डिजिटल क्रांति की नींव बने।

### गुजरात: जहां से शुरुआत हुई

मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी ने तकनीक और नवाचार के जरिए गुजरात को बदला। 2003 में शुरू की गई ज्योतिग्राम योजना में फीडर सेपरेशन तकनीक का उपयोग किया गया। इससे ग्रामीण उद्योगों को 24X7 बिजली मिली और तय समय पर खेतों को बिजली मिलने से जमीन के नीचे का पानी कम गति से घटने लगा। महिलाएं रात में पढ़ाई कर सकीं और छोटे व्यवसाय फले-फूले, जिससे गाँव से शहर की ओर पलायन घटा। एक अध्ययन के अनुसार, इस योजना पर किए गए 1,115 करोड़ रुपये के निवेश की भरपाई सिर्फ़ ढाई साल में हो गई। 2012 में उन्होंने नर्मदा नहर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया। इस परियोजना से हर साल 1.6 करोड़ यूनिट बिजली बनी, जो लगभग 16,000 घरों के लिए काफी थी। साथ ही, नहर के पानी का वाष्पीकरण कम हुआ और पानी की उपलब्धता बढ़ी। एक ही पहल से कई समस्याओं का समाधान निकालना मोदीजी की तकनीक दृष्टि को दर्शाता है। स्वच्छ ऊर्जा बनाना और पानी बचाना, दोनों साथ-साथ। यह दक्षता और प्रभाव का उदाहरण था, जो साधारण समाधानों से कहीं अधिक था। इस नवाचार को अमेरिका और स्पेन द्वारा अपनाया जाना इसकी प्रभावशीलता को और मजबूत करता है। ई-धरा प्रणाली से जमीन के कागजात डिजिटल हुए। स्वागत पहल से नागरिक वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा मुख्यमंत्री से सीधे जुड़ सके। ऑनलाइन टेंडरिंग से भ्रष्टाचार पर रोक लगी। इन पहलों से भ्रष्टाचार घटा और सरकारी सेवाओं तक पहुंच आसान हुई। लोगों का शासन पर भरोसा लौटा, जिसका असर गुजरात में लगातार मिलती बड़ी चुनावी सफलताओं में दिखा।

**चीजें बनाने का असली नियम यह है कि आप सीधे चिप्स बनाने पर नहीं कूद सकते, पहले बुनियादी चीजें सीखनी पड़ती हैं।**

**राष्ट्रीय परिदृश्य :** 2014 में उन्होंने गुजरात का अनुभव और सीख को दिल्ली तक पहुंचाया। लेकिन पैमाना कहीं बड़ा था। उनके नेतृत्व में इंडिया स्टैक ने जो आकार लिया, वह दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर उभरा है। इसकी बुनियाद जैम ट्रिनिटी (जन धन, आधार, मोबाइल) पर रखी गयी। जन धन खातों ने 53 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा। जो लोग अब तक आर्थिक रूप से बाहर थे, वे पहली बार औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने। ठेले वाले, दिहाड़ी मजदूर और ग्रामीण परिवार, जो केवल नकद पर निर्भर रहते थे, अब बैंक खातों से जुड़े। इससे उन्हें सुरक्षित बचत करने, सीधे सरकारी लाभ पाने और आसानी से कर्ज.प्राप्त करने का अवसर मिला।आधार ने नागरिकों को डिजिटल पहचान दी। अब तक 142 करोड़ से ज्यादा पंजीकरण हो चुके हैं। इससे सरकारी सेवाओं तक पहुंचना आसान हुई, जहां पहले कई दस्तावेजों की जांच की जरूरत पड़ती थी। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) ने बिचौलियों को हटा दिया और गड़बड़ी कम की। अब तक डीबीटी से 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। यही पैसा स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे बनाने में लगाया जा रहा है। पहले ग्राहक की पहचान (केवाइसी) की प्रक्रिया कठिन थी। इसमें कागजी दस्तावेजों की जांच, मैनुअल प्रक्रिया और कई बार की भाग-दौड़ शामिल होती थी। इससे सेवा प्रदाताओं को हर वेरिफि केशन पर काफी खर्च करना पड़ता था। आधार-आधारित ई-केवाइसी ने इस खर्च को घटाकर मात्र 5 रुपये में कर दिया। अब छोटे से छोटे लेन-देन भी आर्थिक रूप से संभव हो गए हैं। यूपीआई ने भारत के भुगतान करने का तरीका बदल दिया। अब तक 55 करोड़ से ज्यादा लोग इसका इस्तेमाल कर चुके हैं। सिर्फ़. अगस्त 2025 में ही 20 अरब से अधिक लेन-देन हुए, जिनकी कुल राशि 24.85 लाख करोड़ रुपये रही। अब पैसे भेजना बैंक में घंटों की परेशानी नहीं, बल्कि मोबाइल पर 2 सेकंड से भी कम का काम है। बैंक जाने, लाइन लगाने और कागजी प्रक्रिया की जगह अब क्यूआर कोड स्कैन से तुरंत भुगतान हो जाता है। आज भारत दुनिया के कुल रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स का आधा हिस्सा अकेले संभालता है। दस साल पहले भारत ज्यादातर नकद पर निर्भर था। प्रधानमंत्री मोदी की सोच ने जैम ट्रिनिटी और यूपीआई ढांचे को अंतिम रूप दिया। जब कोविड आया और उन्होंने डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया, तो यह पूरा सिस्टम कामयाब साबित हुआ। नतीजा यह है कि आज यूपीआई, वैश्विक स्तर पर वीजा से भी अधिक लेन-देन करता है। एक साधारण मोबाइल फोन अब बैंक, पेमेंट गेटवे और सर्विस सेंटर... सब कुछ बन गया है। प्रगति ने शासन में जवाबदेही लाने का काम किया। यह प्लेटफॉर्म प्रधानमंत्री को सीधे प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग से जोड़ता है, जहां हर महीने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा होती है। जब अधिकारियों को पता होता है कि प्रधानमंत्री लाइव वीडियो में उनका काम देखेंगे, तो जवाबदेही अपने आप बढ़ जाती है। जैसे किसी राजमार्ग परियोजना में देरी हो रही हो, तो प्रगति समीक्षा के दौरान तुरंत उस पर ध्यान दिया जाता है और अधिकारियों को देरी का कारण बताना पड़ता है। इससे तुरंत सुधार होता है और आखिरकार जनता को सीधा लाभ मिलता है।

### सबके लिए तकनीक

तकनीक ने खेती और स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बदल दिया है। हरियाणा के किसान जगदेव सिंह अब फसल से जुड़े फैसले लेने के लिए एआई ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें मौसम की जानकारी और मिट्टी की सेहत का डेटा सीधे मोबाइल पर मिल जाता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के जरिए 11 करोड़ किसानों को सीधी आय सहायता डिजिटल माध्यम से पहुंचाई जाती है। डिजी-लॉकर के अब 57 करोड़ से ज्यादा उपयोगकर्ता हैं, जिनमें 967 करोड़ दस्तावेज डिजिटल रूप से सुरक्षित रखे गए हैं। आपका ड्राइविंग लाइसेंस, डिग्री सर्टिफि केट, आधार और अन्य सरकारी दस्तावेज अब आपके फोन में सुरक्षित रहते हैं। सड़क पर पुलिस चेकिंग के दौरान अब कागज ढूंढने की जरूरत नहीं। बस डिजी-लॉकर से डिजिटल लाइसेंस दिखा दीजिए। आधार ऑथेंटिकेशन से आयकर रिटर्न भरना भी बेहद आसान हो गया है। जहां पहले ढेर सारे दस्तावेजों की फाइलें साथ ले जानी पड़ती थीं, अब सब कुछ आपकी जेब में मोबाइल पर समा गया है।

### अंतरिक्ष और नवाचार

भारत ने वह कर दिखाया जो असंभव सा लगता था। मंगल तक पहली कोशिश में पहुंचना और वह भी इतने कम खर्चे में, जितना एक हॉलीवुड फि ल्म पर भी नहीं लगता। मंगलयान मिशन केवल 450 करोड़ में पूरा हुआ, जिसने साबित किया कि भारतीय इंजीनियरिंग विश्वस्तरीय नतीजे दे सकती है। चंद्रयान-3 ने भारत को चाँद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनाया और चाँद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश। इसरो ने एक ही मिशन में 104 उपग्रह छोड़े, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। अब भारतीय रॉकेट 34 देशों के उपग्रह अंतरिक्ष में पहुंचा रहे हैं। गगनयान मिशन भारत को चौथा ऐसा देश बनायेगा जो अपनी स्वदेशी तकनीक से इंसानों को अंतरिक्ष में भेजेगा। प्रधानमंत्री मोदी हमारे वैज्ञानिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और उनकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा रखते हैं।

### वैश्विक नेतृत्व

जब कोविड-19 आया, तो पूरी दुनिया वैक्सीन बांटने की अफरा-तफरी से जूझ रही थी। भारत ने अपनी ताकत दिखाते हुए समाधान दिया। कोविन प्लेटफॉर्म रिकॉर्ड समय में बनाया गया। यह दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का एक संपूर्ण डिजिटल समाधान था। इस प्लेटफॉर्म ने 200 करोड़ से अधिक वैक्सीन डोज को सटीक डिजिटल ढंग से संभाला। न कोई ब्लैक मार्केटिंग, न पक्षपात सिर्फ़ पारदर्शी वितरण।

### मैन्युफैक्चरिंग क्रांति

चीजें बनाने का असली नियम यह है कि आप सीधे चिप्स बनाने पर नहीं कूद सकते, पहले बुनियादी चीजें सीखनी पड़ती हैं। यह बिल्कुल वैसे है जैसे कोडिंग सीखते समय सबसे पहले ह्हैलो वर्ल्डह्व से शुरूआत होती है, उसके बाद ही बड़े ऐप्स बनाए जाते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन भी इसी क्रम का पालन करता है। देश पहले असेंबली में महारत हासिल करते हैं, फिर सब-मॉड्यूल्स, कंपोनेंट्स और उपकरणों तक आगे बढ़ते हैं। भारत की यात्रा भी इसी प्रगति को दर्शाती है। प्रधानमंत्री की दृष्टि के तहत, आज हमारी मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन क्षमता हमें उन्नत सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग की ओर छलांग लगाने में मदद कर रही है। भारत लंबे समय से डिजाइन टैलेंट का केंद्र रहा है। दुनिया के 20% से ज्यादा चिप डिजाइनर यहीं हैं। अब भारत 2 नैनोमीटर (एनएम), 3 एनएम और 7 एनएम जैसे एडवांस्ड चिप्स डिजाइन करने में सक्षम है। ये चिप्स भारत में डिजाइन होकर दुनिया भर के लिए बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में फैब्स और पैकेजिंग फैसिलिटीज बनाने पर फोकस करना इस प्राकृतिक विकास का अगला कदम है। लेकिन यह सोच केवल निर्माण तक सीमित नहीं है। सेमीकंडक्टर उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स, गैस और विशेष सामग्री को भी समर्थन दिया जा रहा है। इससे केवल फैक्ट्रियां नहीं, बल्कि एक पूरा ईकोसिस्टम खड़ा हो रहा है। यह सब प्रधानमंत्री मोदी की वैल्यू चेन की गहरी समझ से संभव हुई है। क्षमता को कदम-दर-कदम विकसित करना और हर चरण को मजबूत बनाना, उसके बाद ही अगले स्तर पर बढ़ना।

**(लेखक भारत सरकार के रेल, आइटी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## झारखंड भाजपा प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने राजनाथ सिंह से की शिष्टाचार भेंट



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने शनिवार को नयी दिल्ली स्थित देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास में शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर काले ने रक्षा मंत्री से आशीर्वाद प्राप्त कर झारखंड से जुड़े विभिन्न विकासात्मक मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने झारखंड की प्रगति,जनता की आकांक्षाएं और राज्य की राष्ट्रीय सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण भूमिका को लेकर रक्षा मंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त की।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने झारखंड में भाजपा को सशक्त भविष्य की शुभकामनाएं दीं और राज्य के समग्र विकास के लिए संगठन को सतत प्रयास करने का संदेश दिया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के पथ पर अग्रसर रहने का भी आह्वान किया।

## मांग को लेकर कुड़मी समाज का उग्र आंदोलन, ट्रेन परिचालन प्रभावित



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** झारखंड में कुड़मी समाज ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा और कुड़माली भाषा को संवैधानिक मान्यता देने की मांग को लेकर उग्र आंदोलन शुरू कर दिया। आंदोलन के तहत राज्य के विभिन्न हिस्सों में रेलवे ट्रैक पर धरना दिया गया। इससे कई ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया। प्रदर्शन का सबसे ज्यादा असर सरायकेला सहित आसपास के रेलवे स्टेशनों पर देखा गया। प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करने और ट्रैक खाली करने की अपील की है। मौके पर सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की गयी। कुड़मी समाज के नेताओं ने चेतावनी दी सरकार मांगों पर जब तक ठोस कदम नहीं उठाती तक तक आंदोलन और तेज होगा।

### जुगसलाई विधायक ने सीएलएफ भवन का किया उद्घाटन

## महिला सशक्तिकरण को मिला नया मंच, समूहों को योजनाओं से जोड़ने में मिलेगी सहायता : कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के छोटा गोविंदपुर में गोविंदपुर आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा सह नव-निर्मित सीएलएफ भवन उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया।शनिवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर विधायक ने भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक कालिंदी ने कहाः यह भवन महिला सहायता समूहों को



एक साझा मंच प्रदान करेगी, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने, प्रशिक्षण देने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सहायता मिलेगी। सीएलएफ भवन महिला सशक्तिकरण से जुड़े प्रयासों को एक नयी दिशा देगी। विधायक ने बताया भवन पूर्व में जर्जर अवस्था में थी। महिलाओं द्वारा उन्हें इसकी जानकारी दी गयी थी। उनकी अनुशंसा पर तत्कालीन डीडीसी मनीष कुमार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में डीएमएफटी फंड से योजना को स्वीकृति प्रदान की गयी। मौके पर जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह समेत बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं मौजूद रही। महिलाओं ने भवन निर्माण में सहयोग के लिए विधायक का आभार जताया।

**बागबेड़ा में वार्षिक आमसभा :** जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में बागबेड़ा आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा आयोजित की गयी। इसमें मुख्य अथिति जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर विधायक ने महिलाओं को आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित किया।

## जलापूर्ति कर्मचारियों पर अज्ञात लोगों ने किया हमला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र के इमली चौक के समीप जलापूर्ति कंपनी के कर्मचारियों पर 20-30 अज्ञात लोगों ने हमला कर गंभीर रूप घायल कर दिया हैं। इस हमले में सुपरवाइजर प्रेम रंजन गंभीर रूप से घायल हो गये और एक अन्य कर्मचारी चिंटू सिंह के पैर में चोट आई है। हमलावरों ने ईंट, पत्थर, लाठी और लोहे की रॉड का इस्तेमाल किया। कंपनी के एडमिन भावेश झा ने बताया कि 19 सितंबर की रात करीब 12:45 बजे वाइन दुकान के पास काम



चल रहा था, तभी अचानक हमला हुआ। हमलावरों ने धमकी दी कि काम बंद करो वरना सभी का हाल प्रेम रंजन जैसा होगा।

घटना के बाद कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना है और काम ठप हो चुका है। भावेश झा ने आदित्यपुर थाना में लिखित आवेदन देकर सभी हमलावरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब शहर में जलापूर्ति योजना का काम चल रहा है। इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए चुनौती पेश करती हैं।

आदित्यपुर पुलिस प्रशासन को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है, ताकि दोषियों को सजा मिल सके और क्षेत्र में अमन-चैन बनी रहे। पुलिस को जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए।

## सांसद खेल महोत्सव में युवाओं को मिलेगा मंच : विद्युत वरण महतो



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिष्टुपुर स्थित कार्यालय में सांसद विद्युत बरण महतो ने सांसद खेल महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर अहम बैठक की। शनिवार को बैठक में उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं को पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों में प्रतिभा दिखाने का अवसर देगा। प्रतियोगिताएं पंचायत से लेकर लोकसभा स्तर तक होंगी। खेल महोत्सव में फुटबॉल, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, मुक्केबाजी, योगासन सहित 8 खेल शामिल किये जायेंगे। शहर के युवा www.sansadkhelmahotsav.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते है।बैठक में खेल महोत्सव के लिए संयोजक संजीव कुमार, दिनेश साव, सह-संयोजक नागेंद्र पांडेय, पप्पू सिंह, सत्या तिवारी, सत्यनारायण पुष्टि की नियुक्ति की गयी। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बरकुंवर गगराई, नीरज सिंह, राजीव कुमार, प्रेम झा समेत सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कोर्ट को दूसरी जगह शिफ्ट करने के फैसले का मनोज चौधरी ने किया विरोध



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने सरायकेला सिविल कोर्ट को अन्यत्र शिफ्ट करने के फैसले का कड़ा विरोध किया है।उन्होंने इसे क्षेत्र की अस्मिता और सैकड़ों परिवारों की आजीविका से जुड़ा मुद्दा बताया। चौधरी ने कहा सिविल कोर्ट से अधिवक्ता, स्टांप वेंडर, टाइपिस्ट, मोहरी और स्टेशनरी विक्रेता समेत लगभग 500 परिवारों का रोजगार जुड़ा है। उन्होंने सरकार और प्रशासन पर सरायकेला की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा यदि कोर्ट शिफ्ट किया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।उन्होंने यह भी कहा वे जल्द ही मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर अपनी आपत्ति दर्ज करायेंगे और जरूरत पड़ी तो किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

## 'कॉफी विद एसडीएम' : चिकित्सकों से होगा संवाद

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' के तहत इस सप्ताह इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य डॉक्टरों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान न केवल गढ़वा के चिकित्सकों की दैनंदिन और व्यावहारिक समस्याओं को सुना जायेगा बल्कि प्रशासनिक अपेक्षायें भी उनके समक्ष रखी जायेंगी। कार्यक्रम के मेजबान सदर एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि इस अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम में आमंत्रित चिकित्सकों से जिले में बेहतर नागरिक सुविधाओं और विकास को लेकर भी आवश्यक सुझाव लिए जायेंगे। एसडीएम ने कहा, 'अब तक इस संवाद में स्वच्छता कर्मी, गोताखोर, रिक्शा चालक जैसे दर्जनों वर्ग के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को बुलाया गया है, वहीं डॉक्टर, सीए, अधिवक्ता जैसे तमाम प्रबुद्ध वर्ग भी इस संवाद का हिस्सा बन रहे हैं। कार्यक्रम आगामी बुधवार 24 सितंबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे आयोजित किया जायेगा।

### आरकेपीएस में नर्सरी से दसवीं कक्षा का टर्म-वन परीक्षाफल घोषित

# बच्चों के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी जरूरी: अलखनाथ

**जूनियर विंग में कक्षा एक की वैष्णवी और कक्षा चार का दिव्य प्रकाश एवं मिडिल विंग में कक्षा सात का अभास पटनायक 98% लाकर बने स्कूल टॉपर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शनिवार को आर के पब्लिक स्कूल सोनपुरवा, गढ़वा में कक्षा नर्सरी से कक्षा दसवीं का टर्म-वन परीक्षाफल घोषित किया गया और अभिभावकों के बीच रिजल्ट का वितरण बच्चों के क्लास में ही कक्षावार किया गया। इस शुभ अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय व उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर के किया गया। स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने इस अवसर पर स्कूल के गौरवपूर्ण उपलब्धि को साझा किया। उन्होंने सभी कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उपस्थित सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को स्मार्ट फोन, जंक फूड और बाईक से दूर रखें और स्वाध्याय पर ज्यादा जोर दें एवं बच्चों के दिनचर्या और संगति पर नजर रखे। अभिभावकों और स्कूल के बेहतर समन्वय से ही बच्चों के भविष्य को गढ़ा और संवारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी आवश्यक है इसके लिए उन्होंने अभिभावक से आउटडोर खेल के लिए अपने बच्चों को प्रेरित करने पर जोर दिया।

उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि स्कूल के द्वारा दिये गये दिशा निदेर्शों पर अगर अभिभावक ध्यान दें तो बच्चों का चहुंमुखी और सर्वांगीण विकास संभव है। अभिभावकों को बच्चों की उत्तरपुस्तिका भी दिखायी गयी। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य संतोष पांडेय, अनुप कुमार पांडेय, अनिता सिन्हा, गीता पांडेय, नंदलाल गुप्ता, संजय कुमार, एसडी सिंह, सनोज यादव, जागृति चौबे, अभिलाषा तिवारी, पूनम, श्वेता, रश्मि, इंतियाज, विकास, नितेश, रंजीत अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक उपस्थित थे।

# रोजगार सेवक पर आवास का जियो टैग करने के नाम पर लाभुक से पैसे मांगने का लगा आरोप

**लाभुक ने बीडीओ नंदजी राम को लिखित आवेदन देकर रोजगार सेवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अरसली दक्षिणी पंचायत के रोजगार सेवक मनोज गुप्ता द्वारा अबुआ आवास योजना के लाभुक से आवास का जियो टैग करने के नाम पर अवैध पैसा की मांग किये जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर लाभुक फुलेसरी देवी ने बीडीओ नंदजी राम को लिखित आवेदन देकर उक्त रोजगार सेवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में लाभुक फुलेशरी देवी ने जिक्र किया है, कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुझे अबुआ आवास आवंटित हुआ था, जिसमें मनरेगा के तहत मिलने वाली मजदूरी में 16000 रुपये का भुगतान हुआ है। शेष राशि के लिए उक्त योजना में दो जियो टैग रोजगार सेवक द्वारा किया जाना है, लेकिन रोजगार सेवक मनोज गुप्ता मुझसे आवास का जियो टैग करने के नाम पर अवैध तरीके से पैसा की मांग की जा रही है। पैसा नहीं देने में असमर्थता जताने पर रोजगार सेवक द्वारा पिछले चार माह से आवास का जिओ टैग नहीं किया जा रहा है। लाभुक ने जिक्र किया कि जिओ टैग के नाम पर मुझे बार बार दौड़ाया जा रहा है, जबकि अबुआ आवास का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चुका है। उसने बीडीओ से आरोपी रोजगार सेवक के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग किया है।

### रोजगार सेवक ने लाभुक से रिश्वत मांगने की बात से किया इंकार

इस संबंध में रोजगार सेवक मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि अबुआ आवास योजना में मजदूरी भुगतान को लेकर हमने डेढ़ माह पहले ही जियो टैग कर दिया था, लेकिन बीपीओ ने अपने लॉगिंग से नहीं छोड़ा, इसके बाद एप का वर्जन बदल गया, उन्होंने कहा कि दुबारा से एक दिन पूर्व जियो टैग कर दिया गया है, वहीं उन्होंने लाभुक से रिश्वत मांगने के बात से सीधे तौर पर इंकार किया।

### मेरे लॉगिंग में कोई मामला पेंडिंग नहीं रहता है : बीपीओ

बीपीओ आनंद प्रकाश ने कहा कि रोजगार सेवक द्वारा जियो टैग करके अपने पास रख लिया गया था, मेरे लॉगिंग में दिया ही नहीं गया। क्योंकि मेरे लॉगिंग में कोई मामला पेंडिंग नहीं रहता है।

## विकलांग भोलाराम को मिल सकता है बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, मंत्री ने दिये निर्देश



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डुमरसोता गांव निवासी विकलांग भोलाराम पिछले कई दिनों से सरकार से बैटरी चालित ट्राइसाइकिल की मांग कर रहे हैं। शारीरिक रूप से कमजोर होने के बावजूद वे रोजाना करीब 4 किलोमीटर पैदल चलकर गांव से बाहर मोची का काम करते हैं और किसी तरह अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। कई बार मजबूरी में उन्हें भीख भी मांगनी पड़ती है। स्वयंसेवी संस्था दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफॉर्म पर ट्वीट कर सरकार से मदद की अपील की। इस पर झारखंड सरकार के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने गढ़वा उपायुक्त को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में लिखा- 'भोलाराम को अवश्य मदद करें। जनहित ही हेमंत सरकार की प्राथमिकता है।' भोलाराम का कहना है कि बैटरी चालित ट्राइसाइकिल मिल जाने से उनकी दिक्कतें काफी कम हो जायेगी और वे आसानी से अपने काम तक पहुंच सकेंगे। भोलाराम ने बताया कि इससे पूर्व भी समाजसेवी शशांक शेखर के प्रयास से तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने उनके बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची में उपचार करवाया था।

## सोनडीहा पंचायत में शिविर का आयोजन



सगमा (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनडीहा पंचायत भवन में वित्तीय समावेशन के तहत अग्रगति CFL सेंटर की ओर से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक शाखा सगमा के बैंकिंग संवाददाता और एसबीआई इउ ने सक्रिय सहयोग किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना था। इस अवसर पर JSLPS की बैंक सखी देवी देवी, FLCRP रंगीला देवी, अह किरण देवी, बैंक इउ खलील अंसारी, अढर किरण देवी, ग्रामीण त्रिपान यादव, बृजमोहन यादव, सत्यनारायण यादव, सबिता देवी, नाशिबा बीबी, जसो देवी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## सैक्सोफोन प्लेयर मास्टर विनोद के निधन पर जय भवानी संघ ने शोक प्रकट किया



मृतक विनोद राम की फाइल फोटो।

गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के जय भवानी संघ द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें गत दिनांक सात सितंबर को रात्रि में संगत मोहल्ला हरिजन मोहल्ला निवासी सैक्सोफोन प्लेयर मास्टर विनोद राम पिता स्वर्गीय झगडु राम उम्र लगभग 50 वर्ष जो प्रत्येक वर्ष जय भवानी संघ के नवरात्रि में जागरण कार्यक्रम करने में प्रत्येक वर्ष इनका योगदान हुआ करता था, उनका निधन हो गया। उनके निधन पर जय भवानी संघ परिवार दुख प्रकट किया है। स्वर्गीय विनोद राम के आत्मा के शांति हेतु जय भवानी संघ के कार्यालय में 1 मिनट का मौन रखकर सभी लोगों ने प्रार्थना किया। विनोद राम अपने पीछे चार पुत्र एवं दो पुत्री को छोड़कर चले गये। जिससे आर्केस्ट्रा ग्रुप, कला संस्कृति ग्रुप, संगीत महाविद्यालय के लोग, प्रमोद सोनी,दयाशंकर गुप्ता, बसंत, सुधांशु कुमार, किशोर अंबष्ट गोपाल कश्यप आदि ने भी शोक प्रकट किया । इसके अलावा जय भवानी संघ के संरक्षक उमेश कुमार कश्यप, रोहित कुमार छोटू, मुरली श्याम सोनी, नंदू जायसवाल, मोहन चंद सोनार, जय भवानी संघ के अध्यक्ष अमन कश्यप, सचिव अर्णव आनंद, कोषाध्यक्ष विशाल कांसयकार, अतुल कश्यप, उपाध्यक्ष प्रिंस कंशकार, प्रिंस कश्यप समेत अन्य लोगों ने शोक प्रकट किया।

## मझिआंव में शांति समिति की बैठक संपन्न



मझिआंव (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ प्रमोद कुमार ने की। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक, पुलिस निरीक्षक बृज कुमार तथा थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो मौजूद रहे। बैठक में सीओ प्रमोद कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का पर्व है, इसे शांतिपूर्ण वातावरण में मनाना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी, संजय कमलापुरी, अनवर खान, शोभा जायसवाल, मारुति नंदन सोनी, अशोक कमलापुरी, जियाउल असफल (प्रो. राजा टेंट हाउस), बीडीसी अशोक यादव, मुखिया अख्तर खान, मुखियापति रमेश कुमार पासवान समेत प्रखंड के सभी पूजा पंडालों के अध्यक्ष, पुलिस पदाधिकारी संजय मुंडा, रणवीर कुमार सिंह, कामेश्वर राम, क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक और सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# नगर उंटारी स्टेशन पर कुड़मी समाज का रेल टेका डहर छेका आंदोलन

**गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों ही कुर्मी/ कुड़मी समाज के साथ भेदभाव कर रही है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पर शनिवार को कुर्मी/ कुड़मी समुदाय के लोगों ने रेल टेका डहर छेका आंदोलन के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारियों ने भारत सरकार एवं झारखंड की हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका आरोप था कि सरकारें उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है और समुदाय के साथ अन्याय कर रही है।

जानकारी के अनुसार प्रदर्शनकारी रेल रोकने की योजना बना रहे थे, लेकिन स्टेशन परिसर में पहुंचने से पहले ही रेल पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस ने उन्हें गेट पर ही रोक लिया। कई आंदोलनकारियों को मौके पर ही डिटेन कर दिया गया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि उनकी आवाज को दबाया जा रहा है, लेकिन वे आंदोलन को आगे भी जारी रखेंगे।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार दोनों ही कुर्मी/ कुड़मी समाज के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज किया जायेगा। इधर पुलिस ने सभी प्रदर्शन कारियों को हिरासत में लेकर थाना ले आई। बाद में सभी को रिहा कर दिया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 13 वर्षों से फरार दो अभियुक्त गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** नगर ऊंटारी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 13 वर्षों से फरार चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त बिशुनदेव उरांव, पिता बेलास उरांव एवं विजय उरांव, पिता बाल मुकुंद उरांव, दोनों ग्राम गरबांध के रहने वाले हैं। ये दोनों न्यायालय के GR No. 1184/12 मामले में लंबे समय से फरार थे।

थाना प्रभारी ने कहा कि गिरफ्तारी से बचने के लिए वर्षों से फरार चल रहे अपराधियों को अब किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जायेगा। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। सभी फरार अभियुक्त अविलंब आत्मसमर्पण कर दें, अन्यथा पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचायेगी।

उल्लेखनीय है कि नगर ऊंटारी थाना पुलिस ने बीते 10 दिनों में कुल 16 गिरफ्तारियां की हैं। लगातार हो रही इस कार्रवाई से वारंटियों और अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## मेराल में विभिन्न दुर्गा पूजा पंडाल की तैयारी जोरों पर

**मेराल ।** प्रखंड भर में शारदीय नवरात्र की तैयारी जोरो-शोरो से चल रहा है। मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायत में दुर्गा पंडाल का निर्माण लगभग अंतिम चरण में है। इस वर्ष प्रखंड मुख्यालय में थाना चौक स्थित दुर्गा पंडाल में भव्य प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दुर्गा पूजा समिति के कोषाध्यक्ष उदय कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि एकम से नवमी तक पूज्य धीरूभाई जी महाराज का सारगर्भित प्रवचन होगा। इसके लिए समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार, राज गुप्ता, गोवर्धन शर्मा, डॉ दीपक यादव, सत्येंद्र जायसवाल, संजीव कश्यप, मनीष पटवा, कृष्णा कुशवाहा सहित समिति के अन्य सदस्य लोग दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। बताया गया कि दुर्गा पंडाल के बगल में ही प्रवचन पंडाल एवं मंच का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है।

## बीडीयूएस में हिंदी दिवस पखवाड़ा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शनिवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन एवं डिपार्मेंट आफ लॉ के संयुक्त तत्वाधान में' हिंदी दिवस पखवाड़ा' के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में हिंदी भाषा का इतिहास, इसका विकास तथा महत्व पर विस्तार से चर्चा किया गया। दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा हमारी सभ्यता और संस्कृति की पहचान है। डीएलएड की व्याख्याता रेखा कुमारी ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और इससे हमारी पहचान है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रो (डॉ0) एमके सिंह तथा कुलसचिव प्रो अजय भूषण प्रसाद ने ऐसे कार्यक्रम के आयोजन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित दोनों विभागों के प्राध्यापकों ने शशिकांत सिंह यादव, सुनील सिंह और जयपुरना कुमारी आदि ने भी अपने विचारों को प्रस्तुत किया। दोनों विभागों के छात्र-छात्राओं कमलेश, विवेक चंदन, गुड्डू, नीरज, समा, आशियाना लवकुश, अविनाश आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का मंच संचालन रोशन खातून और शाहिद अकरम के द्वारा किया गया।09

# गढ़वा जिले में मतदान केंद्रों का हुआ पुनर्गठन, 47 नये मतदान केंद्र जोड़े गये

**जिला निर्वाचन विभाग की बैठक संपन्न, डीइओ ने दिये निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शनिवार को समाहरणालय सभागार में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गढ़वा जिले के मतदान केंद्रों के संबंधी बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने की।

**विधानसभा क्षेत्रों में नए मतदान केंद्र :** उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय ने बताया कि 80-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में पूर्व में 455 मतदान केंद्र थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 488 हो गई है। इस प्रकार 33 नये मतदान केंद्र जोड़े गये हैं। वहीं 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व के 502 मतदान केंद्र अब बढ़कर 516 हो गये हैं, जिनमें 14 नए मतदान केंद्र जोड़े गये हैं। कुल मिलाकर जिले में 47 नए मतदान केंद्र जोड़े गये हैं।

**प्रत्येक बूथ पर अधिकतम 1200 मतदाता :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री यादव ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के आलोक में प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होने चाहिए। इस संदर्भ में उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि बड़े बूथों को विभाजित कर छोटे मतदान केंद्र बनाए जाएँ तथा जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से कम है, उन बूथों को जोड़कर नया बूथ बनाया जाए।

**राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे मौजूद :** बैठक में ERO एवं AERO द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गयी और आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 33 / 2025–.26

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम — कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 07.10.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 08.10.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.10.2025 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : 1) जिला नियंत्रण कक्ष ,हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Generator Shade in DC office Hazaribag | 462500/- | 10000/- | 750/- | 02 Month |
| 2 | Construction of additional Strong room in Treasury office in collectotate office , Hazaribag | 4913800/- | 100000/- | 5000/- | 05 Month |
| 3 | Renovation work for Main Building of Commissioner office ,Hazaribag | 2487100/- | 50000/- | 5000/- | 03 Month |
| 4 | Construction of Barrack in campus of S.D.P.O Hazaribag | 2491000/- | 50000/- | 5000/ | 03 Month |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 362499 Building (25-26)_D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 34 / 2025–.26

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम — कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 07.10.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 08.10.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.10.2025 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : 1) जिला नियंत्रण कक्ष ,हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair and Raising with Concertina wire of Boundary wall at Civil Court Hazaribagh, District : Hazaribagh | 2492000/- | 50000/- | 5000/- | 03 Month |
| 2 | Renovation of Two Additional Court Rooms of Administrative Building and its Annexy in Civil court Hazaribagh | 1755200/- | 36000/- | 5000/ | 03 Month |
| 3 | Emergent work of White washing and Special Repair work of Main Administrative Building of Civil court Hazaribagh. | 2278200/- | 46000/- | 5000/- | 03 Month |
| 4 | Emergent work of False Ceiling, APP roof Treatment, wardrobe and Mislleneous Necessary items in residence of Principal district and Session Judge Hazaribagh | 2485500/- | 50000/- | 5000/ | 03 Month |
| 5 | Miscellaneous work of Laying of APP roof treatment, Laying of Tiles in different Working office, painting of Accuse Box and Withnes Box, 32 Court Notice board and other work in the Sub Judge Building , Civil Court Hazaribagh. | 2465500/- | 50000/- | 5000/ | 03 Month |
| 6 | Miscellaneous work of Installation of UPVC Window, SS window Grill , inner and Outer paint & other work at District Legal Services Authority (DLSA) Building of Civil court Hazaribagh. | 2484900/- | 50000/- | 5000/ | 03 Month |
| 7 | Emergent work of L - Shaped Extension of Parking Shed Constructed near Gate No-3 in civil court Hazaribagh. | 2431600/- | 49000/- | 5000/ | 03 Month |
| 8 | Construction of Shed near Peepal Tree beside Sub Judge Building and Gate NO-1&2 in civil court Hazaribagh | 499400/- | 10000/- | 750/ | 02 Month |
| 9 | Miscellaneous work of SS Railing ,Installation of UPVC Window Reduce riser of Stair with Finishing of F.T.C Building , SignBoards at Various Location with Numbering of Court room Brick wall Partition with SS Railing near MS Stair of Sub Judge Building & other work of Civil court Hazaribagh. | 2486500/- | 50000/- | 5000/ | 03 Month |
| 10 | Construction of Male,Female and Physical Disability Public Toilet at Bar Association Building Hazaribagh District-Hazaribagh. | 2400000/- | 48000/- | 5000/ | 03 Month |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 362503 Building (25-26)_D

## ट्रांसफार्मर खराब 10 दिन से अंधेरा

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मसमानो गांव मे ट्रांसफार्मर खराब होने से 10 दिन से गांव में अंधेरा पसरा हुआ है। शिकायत के बाद भी बिजली विभाग की ओर से खराब ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मसमानो गांव में लगा ट्रांसफार्मर 10 दिन पहले जल गया था। जिसके बाद से आधे गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी। लोगों की ओर से बिजली विभाग के कर्मचारियों को सूचना देकर ट्रांसफार्मर बदलवाने को कहा गया लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया है। बिजली न मिलने से जहां रात में आधे गांव में अंधेरा पसरा रहता है वहीं बरसात में लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न मिलने से जहां बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है वहीं लोगों के घरों में लगे बिजली चालित यंत्र जैसे पंखा व कूलर बंद पड़े हैं। बरसात मे रात मे ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। खराब ट्रांसफार्मर 48 घंटे में बदलने का आदेश है। ट्रांसफार्मर खराब होने पर 48 घंटे तो दूर 10 दिनों में भी नहीं बदले जाते हैं। लोगों ने खराब ट्रांसफार्मर बदलवाकर बिजली आपूर्ति ठीक कराने की मांग की है।

## आजाद सिपाही में छपी प्रमुख खबर का असर

# बच्चों के फूड प्वाइजनिंग का शिकार होने के बाद लातेहार जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त लातेहार उत्कर्ष गुप्ता के निदेश पर दिनांक-20.09.22025 को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डा० मोइन अख्तर के नेतृत्व में लातेहार जिला मुख्यालय में संचालित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानो का औचक निरीक्षण किया गया और उसमें बिक रहे खाद्य पदार्थों की जांच कि गयी। जांच के क्रम में चाट/फुचका/चीमिन इत्यादि विक्रेताओं को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने और एफएसएए आई द्वारा प्रमाणित खाद्य रंग का


त्योहारों में रहें सावधानः प्रशासन, विक्रेता और सभी की जिम्मेदारी
लातेहार जतरा मेले में 35 बच्चे फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए
बच्चों की जान पर बनी
खतरे से बाहर हैं सभी बच्चे



प्रयोग करने का निर्देश दिया गया। जेनेरल स्टोर के जांच के क्रम मे प्रतिष्ठान संचालको दुध-दही/ब्रेड इत्यादि का एक्सपायरी डेट देख कर ही बिक्री करने की चेतावनी दी गयी। सभी खाद्य प्रतिष्ठानों को एफएसएसएआइक द्वारा निर्गत फूड लाइसेंस लेकर ही प्रतिष्ठान संचालित करने का निदेश दिया गया। उपरोक्त निदेशों के अवहेलना पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत कारवाई की जायेगी। इस तरह का अभियान पुरे त्योहारों के सीजन में आगे भी चलता रहेगा। बताते चले की दो दिन पूर्व लातेहार प्रखंड के टाइम की गांव में जिउतिया मेला के अवसर पर मेले में चाऊमीन खाने के कारण फूड प्वाइजनिंग से कई बच्चे बीमार पड़ गये थे और सदर अस्पताल लातेहार में इलाज के बाद बच्चों में सुधार हुई उसके बाद जिला प्रशासन पूरी तरह त्योहार को देखते हुए खाद्यान्न सामग्री को लेकर अलर्ट मोड में हो गयी है और जिला खाद्यान्न पदाधिकारी को लातेहार उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि बिना लाइसेंस लिए कोई भी दुकान लाइसेंस के बिना नहीं चलायें और अच्छी सामग्री का अपने दुकान में प्रयोग करें।

## मैना बगीचा और बस स्टैंड पर मॉक ड्रिल आयोजित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आगामी शारदीय नवरात्र को लेकर लोहरदगा अग्निशमन विभाग ने शनिवार को लोहरदगा मैना बगीचा और बस स्टैंड के पास मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस मॉक ड्रिल का नेतृत्व अग्निशमन विभाग प्रभारी मोहम्मद शौकत अली ने किया। मॉक ड्रिल में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उन्होंने अग्निशमन विभाग द्वारा दी गयी जानकारी का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान फायरमैन गोपी यादव और सुनील बेसरा ने आग लगने की स्थिति में बरतने योग्य सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया। अग्निशमन कर्मियों ने घरेलू गैस सिलेंडर या पाइप में आग लगने पर बचाव की विधियां प्रत्यक्ष रूप से प्रदर्शित की। उन्होंने बताया कि यदि सिलेंडर में आग लगे तो पहले सूती कपड़े को पानी से पूरी तरह गीला करके सिलेंडर पर ढक देना चाहिए, जिससे आग कुछ ही मिनटों में बुझ जायेगी। वहीं, पाइप में आग लगने पर तुरंत रेगुलेटर बंद करना चाहिए। साथ ही रसोईघर को ज्वलनशील पदार्थों से मुक्त रखने और खाद्य सामग्री या पैकेटबंद सामान को सिलेंडर और चूल्हे से दूर रखने की सलाह दी गयी। मॉक ड्रिल के दौरान यह भी बताया गया कि घर में हमेशा मिट्टी और बालू से भरी बाल्टी रखी जानी चाहिए, ताकि अचानक आग लगने की स्थिति में उसका तुरंत उपयोग किया जा सके। लोगों को यह भी संदेश दिया गया कि क्षेत्र में कहीं भी अगलगी की घटना घटती है तो तुरंत स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दें, जिससे समय रहते आग पर काबू पाया जा सके और जान-माल की क्षति से बचा जा सके। मौके पर सार्जेंट मेजर शेरु समेत पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गये निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 28.07.2025 से अब तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण में 45 वाहनों को जब्त कर 10 प्राथमिकी दर्ज की गयी है और 70 लाख 69 हजार 151 रुपये जुर्माना राशि की वसूली की गयी। मनिका अंचल अंतर्गत बालू घाट के 03 पहुंच पथ के स्थलों पर ट्रेंच कटिंग किया गया है। उपायुक्त ने सभी अंचलों को संबंधित थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर औचक छापेमारी करने और इसमें संलग्न व्यक्तियों पर एफआइआर दर्ज करने का निर्देश दिया और अनियमितता पाये जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में एक भी वाहन से अवैध खनन नहीं होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार श्री अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, कोल कंपनियों के अधिकारी, प्रतिनिधि, अन्य संबंधित पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** शनिवार को बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह-छिपादोहर मार्ग में उकामाड़ के समीप एक सवारी वाहन और बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी तेज हुई की सवारी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार हिंदेहास निवासी विदेशी परहिया उम्र 30 वर्ष व एक चार वर्षीय बच्चा अरविंद परहिया गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को 108 के माध्यम से तत्काल बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉ. विवेकानंद, ड्रेसर राजेश चन्द्र उर्फ बबलू और एएनएम भावना कुमारी की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। पैर बुरी तरह से फ्रैक्चर हो जाने के कारण विदेशी परहिया को बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। वहीं दूसरी और मामले की सूचना पर स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है, और वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। बता दे कि सड़क दुर्घटना में घायल विदेशी परहिया की आर्थिक स्तिथि बेहद कमजोर है। आजाद सिपाही अखबार के माध्यम से स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाया है। कि बेहतर इलाज करा दिया जाये।

## प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन



**हेरहंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभागार में प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन शनिवार को संपन्न हुई। अध्यक्षता-प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने की। यह जन सुनवाई आयोजन मनरेगा के द्वारा 2024-25 के तहत किये गये कार्यों की समाजिक अंकेक्षण जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई में पांच सदस्यीय ज्यूरी मेम्बर बनाया गया। जिसमें चंचला देवी (जीप सदस्य), पार्वती देवी (प्रमुख), विजय उरांव (उप-प्रमुख), कलीम अंसारी(ग्रामप्रधान लावागड़ा) व जेएसएलपीएस के महिला समूह से राजमणि कुमारी को बनाया गया। इस अवसर पर संतोष कुमार पंडित(लोकपाल), प्रवीण कर्ण(डीआरपी) और प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया, मनरेगा (बीपीओ), सभी पंचायत सचिव, मनरेगा जेई, सभी रोजगार सेवक के साथ प्रखण्ड कर्मी उपस्थित थे। मनरेगा जन सुनवाई में सभी पंचायतों में किये गये योजनाओं में कुल 305 योजनाओं में गड़बड़ी पाये जाने पर 2,62,090 (दो लाख बासठ हजार नबे) रुपये का अर्थ दंड लगाकर वसूली का निर्णय लिया गया।

## आवास योजना का बीडीओ ने किया निरीक्षण



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** आवास योजना के तहत प्रखंड के भंडरा व जमगाई पंचायत के बिटपी गांव में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने शनिवार को किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे अबुवा आवास निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निर्माण कार्यों में देरी करने वाले लाभुकों को जल्द कार्य शुरू करने के लिए प्रेरित दिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने पाया कि कुछ लाभुकों ने अब तक अपने आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया था। उन्होंने ऐसे लाभुकों को कड़ी चेतावनी दी और कहा कि आवास योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत गरीबों को पक्के घर देने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कार्य में देरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी और लाभुकों को शीघ्र कार्य शुरू करने की आवश्यकता है। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में अबुवा आवास योजना के कार्यों की गति को तेज करने के लिए वह लगातार पंचायतों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहा कि वे योजना के तहत कार्यों की निगरानी ठीक से करें और सुनिश्चित करें कि सभी लाभुक समय पर अपने आवास का निर्माण कर सकें। बीडीओ ने यह भी कहा कि जिन लाभुकों ने अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है, उन्हें जल्द से जल्द काम शुरू करने की सलाह दी गयी है। उन्होंने अधिकारियों से भी अपेक्षाएं जताई कि कार्यों की निगरानी में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए।

# लोहरदगा में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश विफल

## अफवाह से बचें, सोशल मीडिया में रहें सतर्क : डीसी

**दोनों पक्ष में बनी सहमति, दोषियों पर मामला दर्ज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




पिटाई में घायल मनीष कुमार


उपायुक्त डॉ ताराचंद

**लोहरदगा।** लोहरदगा में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश को स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सजगता से विफल कर दिया। स्थानीय प्रशासन लोगों से अफवाह से बचने और सोशल मीडिया का प्रयोग सतर्कता से करने की अपील किया है। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद मामला नियंत्रित हो गया इस संदर्भ में लोहरदगा थाना में दोषियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस कार्रवाई शुरू कर दिया है। इसको लेकर उपायुक्त डॉ ताराचंद एवं पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी की अगवाई में दोनों पक्षों के बीच बैठक किया गया। दोनों पक्षों की दलील उपायुक्त ने जाना। मामले के सभी पहलुओं पर परिचर्चा कर आपसी सहमति बना ली गयी। मौके पर उपायुक्त में सामाजिक सौहार्द बनाये रखने और अफवाह से बचने का निर्देश दिया। कहां मामले पर सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि मामले को लेकर सदर थाना कांड संख्या 174 / 2025 दिनांक 19,9, 25 दर्ज कर लिया गया है पुलिस सतर्कता से कार्रवाई शुरू कर दिया है। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि, पर्व त्योहार पर असामाजिक तत्व आपसी सौहार्द बिगड़ने का प्रयास करते हैं फिरका परस्त शक्तियों के मंसूबों को सफल होने में लोग माध्यम बनने से परहेज करें। सोशल मीडिया में किसी भी चीज को फॉरवर्ड करने से लोग परहेज करें। कहा अमन पसंद नागरिकों के सहयोग से जिला प्रशासन जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए संवेदनशील है। बैठक में डीसीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सदर थानेदार रत्नेश मोहन ठाकुर और दोनों पक्ष के प्रमुख लोग मौजूद थे।

### क्या है मामला

लोहरदगा के भंडरा थाना क्षेत्र निवासी 24 वर्षीय मनीष कुमार और एक 25 वर्षीय युवती के बीच विगत चार-पांच वर्षों से प्रेम प्रसंग था। बालिक होने के बाद दोनों लोहरदगा स्थित कोर्ट मैरिज करने के लिए शुक्रवार को पहुंचे थे। रजिस्टर्ड मैरिज के लिए कागजात तैयार करने के दौरान मुस्लिम समुदाय के लगभग दो दर्जन युवकों ने पहुंचकर मनीष कुमार, रुबेना खातून, चंद्रजीत लोहार और मोहन लोहार (दोनों मनीष के दोस्त) पिटाई करते हुए बलपूर्वक अगवा कर लिया। शहर के एक मस्जिद में लाकर चारों की गंभीर पिटाई की गयी। पुलिस को भनक लगने के बाद पुलिस चारों को पुलिस अपने कब्जे में ले लिया। घटना को लेकर हिंदूवादी संगठन गोल बंद हो गये थे।

## बालू घाटों की नीलामी रद्द कर प्रति यूनिट टेंडर निकाले जाने की मांग



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला समाहरणालय सभा कक्ष में जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद की अध्यक्षता में बालू घाटों की नीलामी को लेकर पूर्व-प्रशिक्षण एवं प्री-बिड मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी कि पूरे लोहरदगा जिले के 13 बालू घाटों की निविदा ई-टेंडरिंग के माध्यम से निकाली गई है। इनमें समूह 'ए' के अंतर्गत आठ और समूह 'बी' के अंतर्गत पांच घाट शामिल हैं। बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों ने समूह ए के बालू घाटों की निविदा का विरोध करते हुए सामूहिक रूप से बहिष्कार किया। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी को एक सामूहिक आवेदन सौंपा गया, जिसमें निविदा प्रक्रिया को रद्द कर प्रति यूनिट आधारित टेंडर निकालने की मांग की गई। आवेदनकताओं का कहना था कि इससे पहले भी इसी तरह की निविदा का विरोध किया गया था, लेकिन जिला खनन विभाग ने उस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। लोगों का आरोप है कि मौजूदा निविदा सिर्फ बड़े उद्योगपतियों, पूंजीपतियों और झारखंड से बाहर के लोगों के हित में निकाली गई है। इससे जिले के आम लोगों को कोई लाभ नहीं मिलेगा और स्थानीय लोगों का रोजगार भी प्रभावित होगा। मौके पर शकील अख्तर, प्रदीप राणा, कयूम अंसारी, सद्दाम अंसारी, कामिल टोपनो, आदित्य साहू, मोहिउद्दीन अंसारी, मकसूद आलम, अफरोज अंसारी, सुनील राम, संजय विश्वकर्मा, मेहंदी हसन समेत कई लोग उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि निविदा को रद्द कर प्रति यूनिट टेंडर नहीं निकाला गया तो वे आगे भी नीलामी का बहिष्कार करेंगे। साथ ही चेतावनी दी कि मामला नहीं सुलझने पर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच इस संबंध में उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटायेगा।

## भंडरा में बालू खनन का भंडाफोड़, 40 हजार घनफीट बालू जब्त

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के बंडा गांव में खनन विभाग की छापेमारी में अवैध रूप से खनन और भंडारित की गयी करीब 40 हजार घनफीट बालू जब्त की गयी। इस मामले में कई अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया खनन विभाग द्वारा शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार, जिला खनन विभाग को भंडरा के बंडा गांव अंतर्गत नंदिनी नदी के किनारे में अवैध बालू खनन, भंडारण की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद की अगुवाई में खनन टीम ने छापेमारी की। जांच में नंदनी नदी के किनारे लगभग चार सौ ट्रैक्टर यानि 40000 घन फीट बालू पाया गया जिसे जप्त किया गया और उसे वार्ड सदस्य कयामुदिन मिरदाहा को भंडरा थाना के एएसआइ संजय कुमार के समक्ष जिम्मानामा सौंपा गया। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने स्पष्ट किया कि नंदिनी नदी क्षेत्र में न तो किसी के पास खनन पट्टा है और न ही भंडारण की अनुज्ञप्ति। इसके अतिरिक्त, मानसून अवधि (10 जून से 15 अक्टूबर) के दौरान नदी तल से बालू खनन पर एनजीटी(राष्ट्रीय हरित अधिकरण) द्वारा पूर्ण प्रतिबंध है। ऐसे में यह कार्य कई कानूनों का उल्लंघन है, जिनमें प्रमुख हैंः खान और खनिज (विकास औरं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 और 21, झारखंड खनिज (अवैध खनन, परिवहन और भंडारण निवारण) नियमावली, 2017, झारखंड लघु खनिज समन्वय नियमावली, 2004 (संशोधित 2017), एनजीटी का आदेश सम्मलित है।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव, हत्या या आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र के चंदनडीह गांव के पास सोमवार को ग्रामीणों ने एक व्यक्ति का शव संदेहास्पद स्थिति में गले में फंदे से लटका देखा गया। मृतक की पहचान गांव निवासी मुगल भुइया के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही लातेहार थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मुगल भुइया अक्सर बेटी या अन्य रिश्तेदारों के घर रहकर जीवन यापन करता था। शनिवार की सुबह जब बगल वाले घर में महक आया था, तभी ग्रामीणों ने उसका शव फंदे से लटका देखा। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गयी। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। आशंका जतायी जा रही है कि अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर शव को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की हो सकती है। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सभी बिंदुओं पर गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। सदर थाना प्रभारी रमाकांत गुप्ता का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पायेगा कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और ग्रामीणों से भी पूछताछ की जा रही है। परिजन का रो रो कर बुरा हाल हुआ।

## पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड के मसमानो पंचायत अंतर्गत बेदाल गांव में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के गांव को मिलाकर कुल 41 किसानों ने अपने 405 पशुओं का इलाज करवाया। इस संबंध में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि पशु चिकित्सा कैंप में 41 किसानों ने आकर अपने पशुओं के विभिन्न रोगों का इलाज कराया। इस क्रम में उन्हें विभिन्न बीमारियों का दावा भी दी गयी। इसके साथ ही पशुओं को उचित देखभाल और समय टीकाकरण की जानकारी किसानों को दी गयी।

## शिबला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बारियातू।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे स्वस्थ नारीझसशक्त परिवार अभियान के तहत प्रखण्ड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में शिविर का आयोजन किया गया। स्वस्थ नारी शाशक्त परिवार अभियान सभी केंद्रों में 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक शिविर आयोजित की जा रही है। इसमें महिलाओं की सेहत और परिवारों को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। इसके बाद शिविर में महिलाओं को बीपी जांच शुगर जांच होमोग्लोबिन जांच सहित कई तरह की जांच की गयी। जांच में बीमारियों को देखते हुए निः शुल्क दवा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएचओ ममता कुजूर, एएनएम अर्चना हस्सा सहिया पूनम देवी किरन्ती देवी, देवी कुंती देवी, कलामनी देवी, सुनीता देवी ने अपने-अपने क्षेत्र से चिन्हित कर कई महिला पुरुष को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लाया। उसके पश्चात कई आवश्यक सुझाव देते हुए स्वास्थ से संबंधित जानकारी दी गयी। इस मौके पर भाटचतरा, मकरा, बारा, बिश्रामपुर, झिरमतकोमा, सहित आयुष्मान पोषक क्षेत्र के लोग उपस्थित हुए।

# शिव गुरु परिचर्चा और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत गोनिया पंचायत के छाताबर गांव में शिव शिष्य परिवार के तत्वावधान में शनिवार को शिव गुरु परिचर्चा और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य वक्ता भाई धनंजय, प्रदेश संरक्षक भाई अनिल, पर्यावरण संरक्षक भाई रवि, लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष कमलदेव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष अनिल, बारियातू अध्यक्ष संजय केसरी और पलामू प्रमंडल प्रभारी अजीत कुमार ने पौधा वितरण कर किया।

इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जुटे और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाई धनंजय को शिव शिष्य परिवार की ओर से बुके और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने भगवान शिव के जीवन, उनकी लीलाओं और आध्यात्मिक संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

विशेष आकर्षण के रूप में आयोजित भजन संध्या में भजन गायकों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। आयोजन में महिलाओं, बच्चों और युवाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही।

आयोजकों ने इस अवसर पर सामाजिक एकता, पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत सैकड़ों पौधों का वितरण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। क्षेत्रीय शिव शिष्य परिवार द्वारा आयोजित इस शिव चर्चा को स्थानीय लोगों ने सराहा। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर सिकंदर सहित आयोजन कर्ता बहन गुड़िया, भाई नरेश, सुरेश, सोहराई, ममता, कमला, प्रमिला, सुशीला, रामजीत रवि समेत बड़ी संख्या में शिव शिष्य मौजूद रहे।

## करंट लगने से घायल बिजली मिस्त्री की मौत, बिजली व्यवस्था घंटों बाधित

**पूर्व मंत्री कमलेश सिंह ने बताया घोर लापरवाही, जांच एवं मुआवजे की मांग**

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के पछियारी जपला में शुक्रवार को 11 हजार वोल्ट के लाइन में आई खराबी को दुरुस्त करने के दौरान करंट लगने से गंभीर रुप से घायल हुए सरहु गांव निवासी बिजली मिस्त्री गंगा कुमार (19) की मौत हो गयी। मेदिनीनगर एमएमसीएच में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ा। उधर, गंगा की असामयिक मौत से पूरे अनुमंडल क्षेत्र में शोक की लहर है। घटना के बाद हुसैनाबाद में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। अचानक ब्लैकआउट से शहर और ग्रामीण क्षेत्र घंटों अंधेरे में डूबे रहे। जिससे लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। घटना के बाद देवरी सब-स्टेशन के सभी बिजलीकर्मी नदारद हो गए और ड्यूटी करने से साफ इंकार कर दिया है। मिस्त्रियों ने अघोषित हड़ताल करते हुए कहा कि जब तक विभागीय अधिकारी इस घटना पर संज्ञान नहीं लेंगे, तब तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की जाएगी। इस बीच, पलामू डीसी के हस्तक्षेप के बाद शुक्रवार की आधी रात को बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता, एलआरडीसी गोरांग महतो, सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो, सीओ पंकज कुमार और देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार देवरी सबस्टेशन पहुंचे। अधिकारियों के प्रयास से रात 12 बजे बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बहाल की गई थी, लेकिन शनिवार सुबह पांच बजे से समाचार लिखे जाने तक आपूर्ति फिर से बंद रहा। दूसरी ओर, पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने बिजली मिस्त्री गंगा की मौत पर गहरी संवेदना जताई। कहा कि शटडाउन के बाद भी लाइन चालू रहना तकनीकी गलती नहीं, बल्कि घोर लापरवाही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। लगे हाथ मृतक परिवार को मुआवजा एवं नौकरी मिले।

## दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में शनिवार को दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एलआरडीसी गौरांग महतो एवं संचालन थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने किया। इसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध जन, एवं दुर्गापूजा कमेटी के अध्यक्ष-सदस्य मौजूद रहे। जिनसे पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। एलआरडीसी गौरांग महतो ने कहा कि दुर्गापूजा के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। किसी भी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन हमेशा तैयार है। वहीं, एसडीपीओ एस मो याकूब ने कहा कि किसी भी परिस्थिति मे त्योहार में खलल डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कहा कि शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी का सहयोग उपेक्षित है। पूजा के दौरान क्षेत्र में कहीं भी कोई अप्रिय सूचना मिले तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ सुनील वर्मा, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, झामुमो के वरीय नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, बजरंग दल के आलोक केशरी, अब्बास हुसैन, भाजपा नेता अजय गुप्ता, डॉ एजाज आलम, पूर्व पार्षद नजीर अहमद, मुखिया नरेश पासवान, श्रवण राम, समाजसेवी रामलखन यादव, अशोक यादव और पूर्व मुखिया टूना सिंह आदि मौजूद रहे।

## झारखंड से बिहार ले जायी जा रही 406 बोतल शराब जब्त




**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर शनिवार को टोल प्लाजा के पास एक पिकअप वाहन से अवैध देशी शराब की बड़ी खेप जब्त की है। जानकारी के अनुसार, झारखंड से बिहार की ओर जा रही एक पिकअप गाड़ी को पुलिस ने शनिवार अहले सुबह 4.30 बजे टोल प्लाजा के पास रोका। तलाशी लेने पर वाहन में टनाका कंपनी की 300 एमएल वाली कुल 406 बोतल देशी शराब थी। जो उजले रंग की प्लास्टिक बोतलों में भरी हुई थी। यह शराब झारखंड उत्पाद विभाग से चिह्नित है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह शराब बिहार ले जाई जा रही थी। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तस्करी में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क मरम्मती को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के वन विभाग की चेकपोस्ट के पास शनिवार को ग्रामीणों ने खराब सड़क की मरम्मती की मांग को लेकर एनएच 139 पर धरना प्रदर्शन किया। भाजयुमो नेता राजीव रंजन के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मती की मांग को लेकर मालवाहक वाहनों का परिचालन करीब दो घंटे तक बंद कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि रक्सेल तेंदुआ से हरिहरगंज बॉर्डर तक की सड़क जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे बन गये हैं, जिससे दुर्घटनाएं और धूल की समस्या बढ़ गई है। ग्रामीणों ने टोल वसूली के बावजूद सड़क की मरम्मत न होने पर कंस्ट्रक्शन कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया। उधर, हंगामें की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सड़क की मरम्मती कार्य दो दिन में पूरा करा दिया जाएगा। वहीं, ग्रामीणों ने सीओ को मांग सौंपते हुए कहा कि सड़क की मरम्मती कार्य पूरा नहीं होने पर पुनः सड़क पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## देवघर सब्जी मंडी में मोबाइल दुकान से लाखों की चोरी

देवघर (आजाद स्सिपाही)। शहर के व्यस्त सब्जी मंडी क्षेत्र में चोरों ने एक मोबाइल दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया। दुकान मालिक दिनेश कुमार ने बताया कि प्रतिदिन की तरह वे शुक्रवार की रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार की सुबह जब दुकान का कर्मचारी पहुंचा और ताला खोला तो देखा कि दुकान की छत कटा गयी है। पास जाकर जांच की तो पाया कि दुकान से कई नये कीमती मोबाइल फोन और रिपेयर के लिए आए हुए फोन चोरी हो गये हैं। इसकी सूचना मिलते ही दुकान मालिक भी मौके पर पहुंचे। बताया कि चोरी हुए मोबाइल की कीमत लाखों रुपये है। दिनेश ने घटना की सूचना तुरंत नगर थाना पुलिस को दी। खबर पाते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई। सबसे पहले दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

### देवघर में नये एसपी ने संभाली कमान, बाबा बैद्यनाथ से लिया आशीर्वाद, कहा

# बाबा बैधनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा-सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता

## अपराध पर कसेंगें नकेल

**देवघर की जनता और पुलिस मिलकर जिले को सुरक्षित एवं अपराधमुक्त बनायेंगें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



बाबा बैधनाथ धाम पहुंचकर आशीर्वाद लेते नये एसपी सौरभ कुमार।

**देवघर।** जिले के नये एसपी सौरभ कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद शनिवार को बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मंदिर पहुंचे एसपी ने सबसे पहले मंदिर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और सुरक्षा की दृष्टि से अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। कहा कि देवघर आस्था और श्रद्धा की नगरी है। यहां देश-विदेश से प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में उनका पहला कर्तव्य होगा कि किसी भी श्रद्धालु को दर्शन के दौरान किसी तरह की परेशानी ना हो। उन्होंने साफ कहा कि मंदिर प्रबंधन और पुलिस प्रशासन मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि बाबा नगरी आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सहज वातावरण मिले। कहा कि बाबा बैद्यनाथ धाम देश के 12 ज्योतिलिंगों में से एक है। इसकी महिमा विश्वप्रसिद्ध है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए भीड़ नियंत्रण, वाहनों की आवाजाही और चौक-चौराहों पर पुलिस की तैनाती को और अधिक प्रभावी बनाने की योजना पर काम होगा। एसपी ने यह भी कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। कहा कि अपराध और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि देवघर की जनता और पुलिस मिलकर जिले को और सुरक्षित एवं अपराधमुक्त बनाएंगे। एसपी ने कहा कि देवघर आस्था की नगरी है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह हमारी पहली जिम्मेदारी होगी। साथ ही जिले में क्राइम कंट्रोल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## देवघर पहुंचे कर्नाटक के मंत्री एसइ सुधेंद्रा, हुआ भव्य स्वागत



**देवघर (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक सरकार के कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त चैयरमेन एवं कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एसई सुधेन्द्रा शनिवार की देर शाम पार्टी कार्यालय पहुंचे। उनके आगमन पर जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश एवं जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय सहित पार्टी नेताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं, देवघर पहुंचने से पूर्व कांग्रेस नेताओं ने एयरपोर्ट पर भी उनका एवं उनके परिवार का स्वागत किया। देवघर आगमन के बाद सुधेन्द्रा ने बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा की और अपने पूर्वजों का तर्पण भी किया। इसके बाद कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर उन्होंने संगठन की स्थिति और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली। कहा कि आज हम जो भी हैं, पार्टी की ही देन है। पार्टी का अपना कार्यालय हो, इसके लिए प्रयास करूंगा। संगठन सृजन का काम सही ढंग से होना चाहिए, ताकि कांग्रेस मजबूत हो सके और आने वाले समय में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का लक्ष्य पूरा हो। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय, जिला महासचिव सह प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, जिला उपाध्यक्ष ललित झा, दीपक सिंह, आदित्य सरोलिया, गोपाल मंडल आदि उपस्थित रहे।

## हरिहरगंज में विकसित हो रहा आधुनिक कृषि का नया केंद्र, डीसी ने निरीक्षण कर सराहना की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज प्रखंड के कौआखोह स्थित नाथा फार्म में संचालित समेकित कृषक एवं विकास योजना के अंतर्गत बिरसा कृषक पाठशाला का डीसी एस समीरा ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्था की ओर से संचालित विभिन्न कृषि गतिविधियों और ढांचागत विकास कार्यों का अवलोकन करने के साथ ही कार्यों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण हॉल, सोलर कोल्ड स्टोरेज रूम, पैक हाउस, ब्रॉयलर एवं लेयर फार्मिंग यूनिट, मछली पालन तालाब, पॉली हाउस, गार्ड एवं लेबर रूम और 5 एचपी के सोलर पंप का निरीक्षण किया। डीसी ने हाई वैल्यू एग्रीकल्चर क्रॉप्स जैसे ताइवान पिंक अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, पपीता, जैविक हल्दी, जैविक धान एवं नींबू की विभिन्न किस्मों के उत्पादन की सराहना करते हुए शेष बचे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान विभाग की ओर से प्रदत्त वेजिटेबल्स कैरेट्स, मशरूम कैरिट्स, मछली कैरिट्स, प्लास्टिक एवं जूट के बोरे भी देखा। डीसी ने कहा कि झारखंड सरकार की यह पहल क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं नवाचार केंद्र के रूप में विकसित हो रही है। इससे स्थानीय कृषकों को हाई वैल्यू फसलों की खेती एवं पॉली हाउस में आधुनिक तकनीकों की जानकारी मिल सकेगी। साथ ही कृषक उत्पादक संगठन के गठन की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। संयुक्त निरीक्षण के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी दीपक वर्मा सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी, क्षितिज एग्रो टेक प्राइवेट लिमिटेड संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मौके पर संस्था के निदेशक नीलिमा ने प्राकृति खेती पर जोर देते हुए कहा कि सभी प्रकार के फसलों में रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक उर्वरक से भी खेतों में उत्पादन बढ़ाई जा सकती है। मौके पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, आकांक्षी प्रखंड कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, संस्था के विलेज कोऑर्डिनेटर राजीव कुमार, क्षेत्र समन्वयक योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## नकली लॉटरी रैकेट का भंडाफोड़, दो युवक गिरफ्तार

**मधुपुर (आजाद सिपाही)। अनुमंडल अंतर्गत पाथरोल पुलिस ने अंतर्राज्यीय नकली लॉटरी टिकट गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन नामजद और चार-पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस घटना में नौ बोरी लॉटरी टिकट, जो पश्चिम बंगाल भेजे जा रहे थे, और नकली टिकट छापने वाले उपकरण-सामग्री जब्त किया है। लगे हाथ पुलिस ने सिरसिया गांव के जलालुद्दीन शेख और ताजिम शेख को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हालांकि मुख्य आरोपी आफताब आलम सहित अन्य फरार हैं। जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को एक यात्री बस की जांच में पुलिस को उक्त सामग्री मिली, जिसके बाद मधुपुर स्थित एक मुर्गी फार्म पर छापामारी कर अवैध छपाई यूनिट पकड़ी गई। इसमें प्रिंटर, कटाई मशीन, लैपटॉप और कागज जैसे सामान मिले। बताया जा रहा कि यह गिरोह पिछले कई महीनों से बंगाल की डीयर कंपनी के नकली लॉटरी टिकट छापकर विभिन्न बसों के जरिए अलग-अलग जिलों में भेज रहा था।**

## ‘रेल टेका डहर छेका’ कार्यक्रम के तहत जामताड़ा के शाकिपत्थर में कुरमी समाज ने किया प्रदर्शन




**मधुपुर/जामताड़ा (आजाद सिपाही)।** कुर्मी समाज की ओर से ‘रेल ठेका डहार छेका’ कार्यक्रम के तहत शनिवार को हावड़ा-नई दिल्ली मुख्य रेल मार्ग के जामताड़ा जिले के शाकिपत्थर रेलवे ट्रैक पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। कुरमी समाज के सैकड़ों लोग रेल पटरी पर उतर गये और लंबे समय तक ट्रेन परिचालन बाधित रखा। इस दौरान लंबी दूरी की कई मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें बीच रास्ते में खड़ी हो गई। वहीं, जामताड़ा स्टेशन पर मालगाड़ी सहित अमृतसर-कोलकाता अकाल तख्त एक्सप्रेस, चितरंजन स्टेशन पर हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस, मधुपुर स्टेशन पर पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, जसीडीह स्टेशन पर बक्सर टाटा एक्सप्रेस घंटों खड़ी रही। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कुमरी समाज को आदिवासी (एसटी) का दर्जा देने की मांग दोहराई। आंदोलन का नेतृत्व कुर्मी समाज के जिला अध्यक्ष मंतोष कुमार महतो कर रहे थे। उन्होंने बताया कि झारखंड, बंगाल और ओडिशा में एक साथ कई स्थानों पर रेलवे जाम कर विरोध किया जा रहा है। यह प्रदर्शन कुर्मी समाज की वर्षों पुरानी मांग को लेकर किया जा रहा है। वहीं, मंतोष महतो ने कहा कि छह सितंबर 1950 से पहले कुर्मी समाज को ट्राइब यानी एसटी की श्रेणी में रखा गया था। लेकिन पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान हमारे नाम को सूची से हटा दिया गया। तब से लेकर आज तक हम लोग लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन हमारी बात नहीं सुनी गई। यह आंदोलन अब आर-पार की लड़ाई बनेगी। कहा कि यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में फैलाया जाएगा और आने वाले समय में 1000 से अधिक स्थानों पर रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। उधर, स्थिति को नियंत्रण करने के लिए जामताड़ा के अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद, प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रशेखर के अलावा आरपीएफ एवं जीआरपी के पदाधिकारी आदि सक्रिय दिखे।

## डीडीसी ने देवीपुर प्रखंड में किया योजनाओं का निरीक्षण

**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीडीसी पीयूष सिन्हा ने शनिवार को देवीपुर प्रखंड के राजपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम अमैयासार में बिरसा हरित ग्राम योजना और अबुआ आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरीक्षण किया। इस क्रम में डीडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन लाभुकों ने अब तक आवास योजनाओं में रुचि नहीं दिखाई है, उन्हें नोटिस जारी किया जाए और योजनाओं को शीघ्र पूरा कराया जाए। साथ ही, पाई गई त्रुटियों के त्वरित निराकरण और कार्यों को पारदर्शिता के साथ समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा में लागू नई भुगतान प्रणाली एसएनए स्पर्श के तहत भुगतान की प्रक्रिया को गति देने पर बल दिया।

## सेवा पखवाड़ा के तहत देवघर में बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**देवघर (आजाद सिपाही)।** भाजपा देवघर जिला की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को खपरोड़ीह सरस्वती शिशु मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष सचिन रवानी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव जजवाड़े, पूर्व विधायक नारायण दास, डॉ राजीव कुमार, डॉ हर्ष कुमार और कार्यक्रम संयोजक रीता चौरसिया ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में शहर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ राजीव कुमार और डॉ हर्ष कुमार द्वारा लगभग 150 बच्चों का निःशुल्क दांतों की जांच की गयी। साथ ही सभी बच्चों को मेडिकल किट, स्कूल बैग, डायरी, पेंसिल, चॉकलेट, फ्रूटी और बिस्कुट भी वितरित किए गए। जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर समर्पित है। इसी कड़ी में देवघर में बच्चों के लिए यह विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। वहीं, संजीव जजवाड़े ने बच्चों को दांतों की नियमित सफाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। जबकि पूर्व विधायक नारायण दास ने कहा कि भाजपा सिर्फ राजनीति ही नहीं, बल्कि समाज सेवा के लिए भी सदैव अग्रसर रहती है। मौके पर प्रधानाध्यापक विजय बरनवाल, सहसंयोजक सचिन सुल्तानिया, पंकज सिंह भदोरिया आदि थे।

# बच्चों का भविष्य गढ़ रहा है संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल: कुंदन कुमार

### वार्षिकोत्सव समारोह में छात्र-छात्राओं ने दिखायी अद्भुत प्रतिभा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। शुक्रवार देर शाम आयोजित समारोह का उद्घाटन अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अशिम कुमार, विश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी, स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले एवं साइमन एजुकेशनल ट्रस्ट की सचिव रीना ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ने कहा कि स्कूल से ही बच्चों का भविष्य तय होता है। हम सब को इस बात की अपार प्रसन्नता है कि रेहला का संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल बच्चों का बेहतर भविष्य गढ़ रहा है। इसके लिये स्कूल प्रबंधन बधाई का पात्र है। उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं के प्रतिभा की भी जमकर तारीफ की। वहीं, डीपीआरओ आशीम कुमार ने कहा कि संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल बच्चों को अनुशासन के साथ संस्कार पूर्ण शिक्षा दे रहा है। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। जबकि निदेशक ने कहा कि आज का दिन हमारे स्कूल के लिये केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी शिक्षा एवं प्रयासों का एक उत्सव है। हमारे छात्रों ने आज अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया है। उनके आत्मविश्वास और लगन को देखकर गर्व हो रहा है। उधर, छात्र-छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इससे पहले स्कूल प्रबंधन ने अतिथियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बिस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, प्रकाश आई केयर के निदेशक शशिनाथ चौबे, महेंद्र नाथ चौबे, सुशील शुक्ला, रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय, अधिवक्ता सुधीर चौबे, समाजसेवी संजू सिंह, रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष आलोक शुक्ला, विनोद कुमार, आफताब आलम, मुकेश अग्रवाल, राजीव पांडेय, प्रमोद केशरी, प्राचार्य मोनिका एक्का, प्रीति चौरसिया, नूतन, आशा कुजूर, संजय तिवारी, जोशमिता कुजूर, फिलिसिया तिर्की, संजय कुजूर, मनीष गुप्ता, अलबीना एक्का, इबरार अंसारी, प्रतिमा विश्वकर्मा, भूषण मिंज, गौतम कुमार, नितेश मिश्रा, आबिद अली, पूनम खलखो, नेहा तिर्की, प्रियांजली शुक्ला आदि मौजूद थे।

# खरीदाग न्यू प्राथमिक विद्यालय में रसोइया पद को लेकर हंगामा, अधर में लटका चुनाव



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती इलाके में स्थित खरीदाग न्यू प्राथमिक विद्यालय में रसोईया पद को लेकर बखेड़ा खड़ा हो गया है। स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि चुनाव कराने पहुंचे बीआरपी विकास कुमार को बिना चुनाव कराए ही बैरंग लौटना पड़ा। इस पूरे प्रकरण से विद्यालय के बच्चों को मिलने वाले मध्याह्न भोजन (एमडीएम) पर संकट गहराने की आशंका बन गई है। जानकारी के मुताबिक उक्त विद्यालय में पूर्व से दो रसोईया लीला कुंवर और ललिता देवी कार्यरत थीं। लेकिन करीब दो साल पहले से काम कर रही ललिता देवी ने अचानक विद्यालय छोड़ दिया। इसके बाद विद्यालय में एमडीएम की पूरी जिम्मेदारी अकेले लीला कुंवर पर आ गई। हालांकि लीला की तबीयत भी कुछ दिनों से खराब चल रही है, जिससे बच्चों के भोजन पर संकट खड़ा हो गया। विद्यालय प्रबंधन ने इस संबंध में विभाग को लिखित शिकायत दी थी। जिस पर विभाग हरकत में आया और गुरुवार को रसोईया चयन के लिए तिथि निर्धारित की। विद्यालय में तीन अभ्यर्थियों ने रसोईया पद के लिए दस्तावेज जमा किया। जबकि आवश्यकता केवल एक पद की थी। चयन की प्रक्रिया जैसे ही शुरू हुई, बाकी दो अभ्यर्थियों ने विरोध शुरू कर दिया। विरोध इतना बढ़ गया कि माहौल तनावपूर्ण हो गया और चुनाव कराने पहुंचे बीआरपी विकास कुमार को मजबूरी में बिना चयन कराए ही वापस लौटना पड़ा। वहीं, प्रधानाध्यापक योगेंद्र यादव ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि विद्यालय में अक्सर ऐसे अभिभावक भी विरोध और हंगामा करते हैं, जिनके बच्चे नियमित रूप से पढ़ाई में शामिल नहीं होते। यह प्रवृत्ति शिक्षा और विद्यालय दोनों के लिए हानिकारक है। बताया कि रसोईया की कमी से एमडीएम बाधित हो रहा है, जो बच्चों के पोषण पर असर डाल सकता है।

## गांजा की खरीद-बिक्री से जुड़े दुकानदार को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**सिसई (आजाद सिपाही)।** गांजा की खरीद-बिक्री करने वाले एक व्यक्ति को सिसई पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बाबत सिसई थाना में पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि विगत 18 सितंबर को गुमला एसपी को गुप्त सूचना मिली की थी कि सिसई बस्ती निवासी दिनेश कुमार रवानी अपने घर और दुकान में गांजा की बिक्री करता है। सूचना के आधार पर सिसई सीओ अशोक बड़ाईक के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर दिनेश कुमार रवानी के सिसई बस्ती स्थित फास्ट-फूड दुकान में छापामारी की गई। वहां से 32 पुड़िया गांजा बरामद हुआ। इसके बाद तलाशी लेने पर दुकान से सटे एस्बेस्टस घर की जमीन में दबाकर रखे तीन अलग-अलग पॉलिथीन में में कुल तीन किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 45 हजार रुपये है। इसे लेकर सिसई थाना में कांड अंकित कर आरोपित दिनेश कुमार रवानी (41) को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में दिनेश ने बताया कि वह पिछले छह महीने से गांजा कारोबार से जुड़ा है। लापुंग थाना क्षेत्र के किसी गांव से एक व्यक्ति डोम्बा बाजार आता है, जिससे वह थोक में तीन-चार किलो गांजा खरीदता है। जिसे पुड़िया में भरकर दुकान में रखकर 100 रुपए में बेचता है। छापामारी दल में सीओ अशोक बड़ाईक, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, एसआई अजय कुमार, आशीष कुमार, अरुण कुमार सिंह, महिला एसआई प्रीति लकड़ा, हवलदार रामाशंकर शर्मा, रिजर्व गार्ड शुभम कुमार और तारकेश्वर कुम्हार शामिल थे।

### शत-प्रतिशत पीवीटीजी परिवारों को आधार से जोड़ने का अभियान जारी, डीसी ने कहा

# पीवीटीजी नागरिकों का आधार बनाना सरकार की प्राथमिकता

**कहा- 27 तक लगाया जायेगा शिविर, ताकि शत-प्रतिशत पीवीटीजी नागरिक आधार से जुड़ सकें**

आजाद सिपाही संवाददाता



आधार कार्ड बनवाने के लिए शिविर में उपस्थित लाभुक।

**गुमला।** जिले में विशिष्ट पिछड़ी जनजाति के परिवारों को शत-प्रतिशत आधार कार्ड से जोड़ने के लिए डीसी ने व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया है। बतातें चलें कि यह दूसरी बार है जब डीसी के निर्देशन में इस उद्देश्य से विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इससे पहले जुलाई 2025 में भी शिविर लगाया गया था। जिसमें 813 पीवीटीजी नागरिकों का आधार कार्ड सफलतापूर्वक बनाया गया था। गौरतलब हो कि सरकारी आंकड़े के अनुसार गुमला जिले में लगभग 18 हजार से अधिक पीवीटीजी नागरिक निवास करते हैं। 31 जुलाई की रिपोर्ट के अनुसार 1,391 नागरिकों का आधार कार्ड अभी तक अधूरा था। इस कमी को पूरा करने के लिए 10 सितंबर से लगातार शिविरों का आयोजन हो रहा है। डीसी खुद अभियान की निगरानी कर रही हैं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक वंचित न रह जाए। खुद चिन्हित ग्राम एवं टोलों में लगाये जा रहे आधार शिविरों और घर-घर सर्वे के माध्यम से अब तक 560 छूटे नागरिकों का नया आधार बनाया जा चुका है। जबकि 3,225 नागरिकों के आधार अपडेट किए गए हैं। जिले के 10 प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों में 33 नए आधार बनाए गए और 371 आधार अपडेट किए गए। बताया गया कि शिविर 27 सितंबर तक चलेंगे, ताकि शत-प्रतिशत पीवीटीजी नागरिक आधार से जुड़ सकें। डीसी प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि पीवीटीजी नागरिकों का आधार बनाना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि कोई भी नागरिक योजनाओं से वंचित न रहे। बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर पलायन कर चुके नागरिकों के वापस लौटने की संभावना को देखते हुए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिससे हर नागरिक को आधार कार्ड आसानी से उपलब्ध हो सके।

## सिसई के चार पंचायतों में 20 दिनों से जलापूर्ति ठप





**ग्रामीण पेयजल जलापूर्ति विभाग में लगा ट्रांसफार्मर खराब, बढ़ी परेशानी**

मदन साहू

**सिसई (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण पेयजल जलापूर्ति विभाग में लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर पिछले 20 दिनों से खराब है। जिस कारण चार पंचायतों में जलापूर्ति ठप हो गया है। ग्राम जल स्वच्छता समिति के अध्यक्ष शकुंतला उरांव एवं कोषाध्यक्ष सुंदरी उरांव ने बताया कि सिसई प्रखंड के लकेया, सिसई, भदौली और कुदरा पंचायतों में 2800 कनेक्शनधारी है, जिन्हें ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण 20 दिनों से पीने का स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है। लोग गंदे पानी ही पीने को विवश हैं। ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए 15 दिन पहले सिसई बीडीओ को लिखित आवेदन दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं की गयी है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि जल्द ही विभाग की ओर से चारों पंचायत में जलापूर्ति शुरू नहीं किया गया तो ग्रामीण सड़कों पर उतर कर चक्का जाम और आंदोलन करने को बाध्य होंगें।

## दुकानों में छापामारी, लिये गये खाद्य नमूने



**गुमला (आजाद सिपाही)।** डीसी प्रेरणा दीक्षित को शिकायतें मिल रही थीं कि शहरी क्षेत्र के कुछ दुकानों में एक्सपायरी खाद्य सामग्री एवं खराब गुणवत्ता वाली वस्तुओं की बिक्री की जा रही है। उनके निर्देश पर इस पर संज्ञान लेते हुए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी और उनकी टीम लगातार जिले के प्रमुख दुकानों, नामी प्रतिष्ठानों एवं सड़क किनारे खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले दुकानों पर छापामारी कर दोषियों पर कार्रवाई कर रहे हैं। अब तक दर्जनों दुकानों का निरीक्षण किया गया। जहां भी एक्सपायरी या खराब खाद्य सामग्री पाई गई, वहां तुरंत रोक लगाई गई है। कई दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया गया और कुछ के खिलाफ खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्रवाई की गई है। इसी कड़ी में शनिवार को अपराह्न चार बजे जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी की ओर से कई प्रतिष्ठानों एवं दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सुरेंद्र होटल एवं मिष्ठान भंडार से पनीर का नमूना लिया गया। वहीं साबू फ्लोर मिल्स, मेन रोड से हल्दी पाउडर का नमूना संग्रहित किया गया। न्यूवा लाल रिसॉर्ट और सिंह जी का ढाबा का भी निरीक्षण किया गया। इसी तरह श्रीलक्ष्मी सुपर मार्केट, आर मार्ट और साहू नर्सिंग होम का निरीक्षण किया गया। बस स्टैंड स्थित तीन दुकानों से सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत अर्थदंड वसूला गया। इसके साथ ही द्वारिका प्रसाद शर्मा, होटल चूल्हानी, कार्तिक मिष्ठान, सुधीर स्टोर तथा प्रकाश होटल का निरीक्षण किया गया, जबकि प्रकाश होटल से रसगुल्ले का नमूना लिया गया। जांच के दौरान लिए गए सभी नमूनों को विधि अनुसार प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद दोषी दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## डीआरडीए निदेशक ने किया गुमला सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** डीआरडीए निदेशक विद्या भूषण ने शनिवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की स्वच्छता, वार्डों की स्थिति, मरीजों को दिया जा रहा भोजन, ओपीडी सेवाओं एवं दवाओं की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान मरीजों और उनके परिजनों ने इलाज एवं सेवाओं पर संतोष जताया। वहीं, निरीक्षण के क्रम में अस्पताल में 380 मरीजों का ओपीडी निबंधन, 12 आयुष्मान कार्ड निर्गत, सात सामान्य प्रसव और 2 सी-सेक्शन दर्ज पाये गये। अस्पताल में 555 प्रकार की दवाएं उपलब्ध थी और आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे सक्रिय पाई गईं। मरीजों को नियमित रूप से भोजन एवं पोषक आहार उपलब्ध कराया जा रहा था। इस पर डीआरडीए निदेशक ने अस्पताल प्रशासन को साफ-सफाई एवं सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया। लगे हाथ मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया।

## टूटा मोबाइल फोन नहीं बनवाने से नाराज प्रेमिका ने खाया कीटनाशक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय युवती ने चूहे मारने वाली कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना शुक्रवार की बतायी जा रही है। युवती ने बताया कि पड़ोस के गांव के पंकज नामक युवक के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा है। शुरूआती दौर में सब ठीक-ठाक था, लेकिन हाल के दिनों से वह कटा कटा रहता है। बात भी कम करता था, जिससे वह परेशान थी। दो-तीन दिन पहले दोनों मिले थे, जहां दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद गुस्से में आकर युवती ने अपना मोबाइल फोन पटक दिया। इसके बाद युवक से उसकी बातचीत बंद हो गई। युवती प्रेमी को अपना मोबाइल फोन बनवाने को दिया। उसने चैनपुर के एक दुकान में बनवाने देने की बात कही। पर फोन को उसने अपने पास ही रख लिया। इस बीच कई दिन बीतने पर युवती बार-बार उससे मोबाइल बनवा कर देने की बात कहती रही, लेकिन वह टाल मटोल करता रहा। थक हार कर युवती ने अपना मोबाइल फोन मांगा। लेकिन वह देने के बजाय टाल मटोल करता रहा। इस बीच युवती को पता चला कि उसका मोबाइल फोन प्रेमी के पास ही है। उसने दुकान में बनवाने को नहीं दिया है। इससे परेशान होकर शुक्रवार को युवती ने चूहा मारने वाला कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। फिलहाल सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

## फुटबॉल मैच देखने गयी छात्रा की वज्रपात की चपेट में आने से हुई मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अंजन गांव में वज्रपात की चपेट में आने से 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गयी। उसकी पहचान सृष्टि कुमारी के रूप में हुई है। वह आजन निवासी जीतपाहन उरांव की बेटी थी। वह आंजन के ही सरकारी विद्यालय में आठवीं कक्षा की पढ़ाई कर चुकी है और टोटो में नामांकन करने वाली थी। जानकारी के मुताबिक सृष्टि अपनी सहेलियों के साथ स्वर्गीय मदन मोहन मैदान में चल रहे फुटबाल टूर्नामेंट को देखने शुक्रवार की शाम 4.30 बजे गई थी। इसी बीच छात्रा मैदान के बगल में स्थित धान के खेत के पास शौच करने गई। तभी अचानक जोरदार बारिश होने लगी। मेघ गर्जन के साथ



बिजली चमकी और वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आकर वह जमीन पर गिर कर अचेत हो गयी। इससे मैदान में अफरा तफरी का माहौल बन गया। मैच बीच में ही रोक दिया गया। वहां मौजूद लोग भागकर अपने-अपने घर चले गए। इसी बीच कुछ महिलाएं नदी से बर्तन धोकर लौट रही थी। तभी सृष्टि को जमीन पर पड़ा देख उसे उठाकर गांव ले आयी। इसके बाद एंबुलेंस को फोन किया गया। साथ ही वाहन की व्यवस्था करने लगे। इसके बाद छात्रा को गोबर का लेप लगाया गया। वहीं, एम्बुलेंस नहीं आने और वाहन नहीं मिलने पर ट्रैक्टर की सहायता से उसे रात 8.30 बजे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर, शनिवार की सुबह 10 बजे पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया।

## बिशुनपुर में अंचल दिवस का आयोजन जमीन से जुड़े विवाद के समाधान पर जोर



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुमला डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर बिशुनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित अंचल दिवस का उद्घाटन अपर समाहर्ता गुमला सचिंद्र कुमार बड़ाईक, एसडीओ, एसडीम, एलआरडीसी, सीओ शेखर वर्मा, बीडीओ सुलेमान मुंडरी और प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ने कहा कि अंचल दिवस का उद्देश्य जमीन विवाद के मामलों का समाधान करना और लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। वहीं, एसडीओ ने कहा कि अंचल दिवस के माध्यम से हम जमीन विवाद के मामलों का समाधान करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान कर रहे हैं। जबकि एलआरडीसी ने कहा कि अंचल दिवस में आने वाले मामलों का समाधान करने के लिए हमारी टीम पूरी तरह तैयार है। जमीन विवाद के मामलों का समाधान करने के लिए एक समयबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव ने कहा अंचल दिवस के आयोजन से जमीन विवाद के मामलों का समाधान करने में मदद मिल रही और लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान करने के लिए एक मंच प्रदान किया जा रहा है। जिला एवं प्रखंड प्रशासन जमीन विवाद के मामलों का समाधान करने के लिए गंभीर है। अंचल दिवस के अलावा भी विभिन्न शिविर लगाए जा रहे हैं। जिसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। उधर, अंचल दिवस में 104 आवेदन मिले, जिसमें से 72 आवेदनों का निष्पादन किया गया। जबकि 32 आवेदनों में जांच का आदेश दिया गया। वहीं, प्राप्त आवेदनों में जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, भूमि विवाद और केसीसी संबंधी आवेदन प्रमुख थे। प्रखंड कार्यालय को भी आवास से संबंधित 35 आवेदन मिला जिस पर प्रशासन की ओर से अग्रतेर कार्रवाई की जा रही है। वहीं जेएसएलपीएस की ओर से नौ महिला मंडलों के बीच 50 सामुदायिक निवेश निधि का वितरण किया गया। इस मौके पर बीडीओ सुलेमान मुंडरी, प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, मुखिया राम प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के लोंगा गांव चंदा ढाबा के पास सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभय मिंज के रूप में हुई है। पता चला है कि अभय बाइक से कोनबीर से अपने गांव लोंगा जा रहा था। तभी सिमडेगा की ओर से आ रहे एक ट्रक ने चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। उधर, खबर पाकर जिप सदस्य बसंती डूंगडुंग शनिवार को मृतक के घर पहुंची और परिजनों को ढांढस बंधाया।**

## फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा





**कामडारा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता के बाद फरार चल रहे दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान बुधिया टोपनो और विनय नायक के रूप में हुई है। बुधिया टोपनो कामडारा थाना क्षेत्र के लतरा तेलोंटोली का रहने वाला है। जबकि विजय नायक सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र के बरसलोया का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों को पकड़ कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।


**समाहरणालय, लातेहार**
**(स्थापना शाखा)**

**आवश्यक सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार अन्तर्गत संविदा/ अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2025(DHS) के तहत् दिनांक 07.09.2025 को District CM School of Excellence, Latehar में आयोजित लिखित परीक्षा का उत्तर कुंजी (Answer Key) जिला के अधिकृत वेबसाईट–WWW.latehar.nic.inमें प्रकाशित किया गया था। जिसमें प्रकाशित उत्तर कुंजी (Answer Key) पर आपत्ति की मांग की गई थी।

STS- NTEP पद के लिए प्राप्त दावा आपत्ति के पश्चात संशोधित उत्तर कुंजी(Answer Key) लातेहार जिला के अधिकृत वेबसाईट–WWW.latehar.nic.inमें प्रकाशित किया गया है जिसे अवलोकन किया जा सकता है।

उपायुक्त,
लातेहार

PR 362431 (District)25-26*D


### समाज के सर्वांगीण विकास के लिए एकजुट होने और शिक्षा पर जोर देने का आह्वान

# किसी भी समाज के विकास के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण: मनोज विश्वकर्मा

**धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा समाज का वार्षिक सम्मेलन, हुआ कई प्रतियोगिताओं का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** विश्वकर्मा लोहार समाज का वार्षिक सम्मेलन लोहरदगा रोड स्थित माहेश्वरी भवन में मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष विष्णु विश्वकर्मा, सचिव विनोद विश्वकर्मा और संरक्षक अजय विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मनोज विश्वकर्मा ने कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक उसकी (समाज) के विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती। हमें दूसरे समाज के लोगों से भी प्रेरणा लेने की जरूरत है, तभी हमारा समाज आगे बढ़ पायेगा। इस दौरान समाज की एकजुटता पर भी बल दिया। वहीं, विश्वकर्मा लोहार समाज की स्थिति एवं समाज की ओर से निर्मित विश्वकर्मा मंदिर निर्माण की जानकारी दी गईं। संरक्षक अजय विश्वकर्मा ने कहा कि समाज में किसी प्रकार की कोई पारिवारिक विवाद है, तो समाज के लोग उसे आपस में बैठकर निपटारा करें। इस मौके पर गुमला जिला अध्यक्ष विष्णु विश्वकर्मा, लक्ष्मी विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, सौरभ विश्वकर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, अमीश विश्वकर्मा, चेतन विश्वकर्मा, सोनी विश्वकर्मा, रौनक विश्वकर्मा, पाहनी विश्वकर्मा, मोनीषा मौर्य अध्यक्ष महिला विश्वकर्मा, सुषमा विश्वकर्मा, ममता विश्वकर्मा, प्रियंका विश्वकर्मा, सीमा विश्वकर्मा, रीना देवी, रामबख्ती विश्वकर्मा, मुरली विश्वकर्मा, कृष्णा विश्वकर्मा, मनीष विश्वकर्मा, जमशेदपुर जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा, सचिव रामचंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, मधु दयाल शर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, जाली दयाल विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### पेंटिंग-नृत्य प्रतियोगिता के प्रतिभागी हुए सम्मानित

**इस दौरान पेंटिंग, नृत्य सहित कई प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शूटिंग में पूरब विश्वकर्मा को प्रथम, ओमकार विश्वकर्मा को द्वितीय और विनायक विश्वकर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, स्पीच प्रतियोगिता में में सौम्या कुमारी प्रथम, रौनक विश्वकर्मा द्वितीय और पार्था विश्वकर्मा ने तृतीय पुरस्कार जीता। जबकि ड्राइंग कंपटीशन में विनायक विश्वकर्मा प्रथम, प्रांजल विश्वकर्मा द्वितीय और ईशान राज ने तृतीय पुरस्कार जीता। डांस प्रतियोगिता में तेजस्वी कुमारी प्रथम, भूमि शर्मा द्वितीय और इशिका रानी को तृतीय पुरस्कार मिला।**


**उप विकास आयुक्त का कार्यालय, कोडरमा**

**(प्रारंभिक शिक्षा)**
**आवश्यक सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनाक 31.07.2025 एवं उप निदेशक प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड रॉची के पत्रांक 1192 दिनांक 08.08.2025 में दिये गये निदेशानुसार विज्ञापन संख्या–13/2023 झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 अन्तर्गत स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (**भाषा शिक्षक**) के सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हेतु **दिनांक 25.09.2025 को समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे** अपराह्न तक संलग्न सूची के अनुसार स्थान **पी0एम0 श्री0 परियोजना बालिका +2 उच्च विद्यालय, कोडरमा** में निर्धारित की गई है।

अनुशंसित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि काउंसिलिंग हेतु **निर्धारित तिथि/स्थान–पी0एम0 श्री0 परियोजना बालिका +2 उच्च विद्यालय, कोडरमा में जाँच पत्रक भरकर, सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति फोल्डर फाईल में तथा 4 पासपोर्ट साईज फोटो (ब्लैक एंड व्हाईट) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। विस्तृत जानकारी जिले के अधिकारिक वेबसाईट koderma.nic.in प्राप्त की जा सकती है।** काउंसिलिंग में निर्धारित समय पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का दावा निरस्त माना जाएगा और वे नियुक्ति की प्रक्रिया से वंचित रह जाएँगे।

कोडरमा जिले के अंतर्गत अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु गठित हेल्प डेस्क में संलग्न मोबाईल संख्या **7004139394,9304636202** एवं **9934180305** से संपर्क कर सकते है।

उप विकास आयुक्त–सह–
नोडल पदाधिकारी, कोडरमा

PR 362484 School Education and Literacy(25-26)#D

# एसीबी ने दो कनीय अभियंता को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार



## शिकायत पर हुई कार्रवाई, सत्यापन में आरोप साबित

एसीबी की जांच टीम ने पहले शिकायत का सत्यापन कराया। जांच के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि मजदूरों को समय पर भुगतान रोककर लाभुकों से जबरन वसूली की जा रही थी। आशीष कुमार द्वारा मजदूर से पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग का आरोप सही पाया गया। इसके बाद एसीबी ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता को रसायन लगे नोट सौंपे गये। शुक्रवार को जैसे ही शिकायतकर्ता ने पांच हजार रुपये अभियंता आशीष कुमार को सौंपे, उसने रकम अपने वरिष्ठ जेई राजीव रंजन को देने की बात कही। इसी बीच पहले से घात लगाये एसीबी की टीम ने दोनों अभियंताओं को घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा। जब राजीव रंजन का हाथ धुलवाया गया तो पानी रंगीन हो गया, जिससे रिश्वत लेने का पुख्ता सबूत मिला।

**कसमार का मामला, भुगतान करने को लेकर मजदूरों से दोनों कनीय अभियंताओं ने मांगी थी रिश्वत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो में दो कनीय अभियंता आशीष कुमार और राजीव रंजन को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। दोनों कनीय अभियंता 5000 की रिश्वत लेते हुए पकड़ाये हैं। बोकारो में कसमार प्रखंड में आम बागान में काम करने वाले मजदूरों से 5 हजार के रिश्वत कनीय अभियंताओं द्वारा मांगी गयी थी। रिश्वत लेते हुए धनबाद एसीबी की टीम ने दोनों कनीय अभियंता को बोकारो के कसमार अंचल कार्यालय से गिरफ्तार किया है। आशीष कुमार गोमिया के स्वांग हजारी का रहने वाला है, जबकि राजीव रंजन डाल्टनगंज के सूदना का रहने वाला है।

बोकारो के कसमार में आम बागवानी योजना के तहत पेड़ पौधों की रखवाली और देख भाल के लिए मजदूरों को रखा गया था और उनकी न्यूनतम मजदूरी तय की गयी थी। मजदूरी की राशि निकालने के एवज में अभियंताओं ने बार-बार रिश्वत की मांग की और भुगतान रोककर दबाव बनाया। इससे मजदूर काफी दुखी और निराश थे। इस बात की सूचना एसीबी टीम के आला अधिकारियों को जैसे मालूम चला। धनबाद एसीबी की टीम बोकारो कसमार पहुंच अपना जाल फैलाया और दोनों कनीय अभियंता उस जाल में फंस गये और रंगे हाथों रिश्वत लेते हुये एसीबी के टीम ने धर दबोचा।

# धनबाद : निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों की बेमियादी हड़ताल

**इस घटना से नाराज डॉक्टरों ने ओपीडी और इमरजेंसी दोनों सेवायें बंद कर दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज अस्पताल (SNMMCH) में शनिवार को जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल कर दिया। सुबह से देर शाम तक हजारों मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। अस्पताल में ओपीडी सेवाएं पूरी तरह से ठप कर दी गयी। एक्स-रे सेंटर में रेडियोलॉजी विभाग के कर्मी सह सांसद प्रतिनिधि राम प्रवेश ने महिला डॉक्टर से दुर्व्यवहार का आरोप लगा है। जूनियर डॉक्टरों ने इसके खिलाफ हड़ताल कर कर्मचारी पर विभागीय और कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम महिला ट्रेनी डॉक्टर से रेडियोलॉजी विभाग के एक कर्मचारी ने अस्पताल परिसर में दुर्व्यवहार किया था।



डॉक्टरों का कहना है कि जब तक दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, वे लोग काम पर नहीं लौटेंगे। जूनियर डॉक्टरों ने बताया कि शुक्रवार को जब महिला ट्रेनी डॉक्टर भर्ती मरीजों का राउंड ले रही थीं, तभी रेडियोलॉजी विभाग के एक कर्मी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इतना ही नहीं, उनकी फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर भी साझा की गयी। इस घटना से नाराज डॉक्टरों ने ओपीडी और इमरजेंसी दोनों सेवाएं बंद कर दी। लोगों को कहना है कि प्रधानखंटा से गॉल ब्लाडर का इलाज कराने आई सुशीला देवी बिना डॉक्टर से मिले ही लौट गयीं। वहीं, बेड़ा नियामतपुर की शबाना परवीन ने बताया कि उन्हें सुबह 10 बजे डॉक्टर के आने की बात कही गयी थी, लेकिन हड़ताल की जानकारी मिलने के बाद उन्हें वापस जाना पड़ा।

दूसरी ओर डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल में ड्यूटी के दौरान अक्सर उन्हें अकेले ही वार्ड का राउंड करना होता है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं उनके लिए चिंता और असुरक्षा का माहौल बनाती हैं। डॉक्टरों ने साफ कहा है कि जब तक दोषी कर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक सेवा बहाल नहीं की जायेगी।

## अस्पताल में डॉक्टर करते हैं मनमानी : गफार अंसारी

अल्पसंख्यक जिला महामंत्री गफार अंसारी ने कहा कि अस्पताल में डॉक्टर मनमानी करते हैं। उनके अनुसार, डॉक्टर कभी भी काम बाधित कर देते हैं, जिससे आम मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

शुद्धिपत्र /सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 23 /2025-26 , PR संख्या– 357272 Building (25-26)-D द्वारा प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0– 02 ,कार्य का नाम– Construction of Male, Female and Physical Disability Public Toilet at Bar Association Building Hazaribagh District- Hazaribagh. को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 362494 (Building) 25-26 (D)

## झरिया में घर की दीवार और एस्बेस्टस गिरने से बाल-बाल बचे परिवार के सदस्य



झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया के बस्ताकोला क्षेत्र में भू-धंसान और गैस रिसाव के कारण बंद पड़ी घनुडीह कोलियरी के पास रहने वाले हरिजन कॉलोनी के लोग दहशत में हैं। कोयला खदानों में लगी आग धीरे-धीरे उनके घरों तक पहुंच रही है, जिससे दीवारें गिर रही हैं और एस्बेस्टस टूट रहे हैं। शनिवार को पुतुल हाड़ी के घर का अगला हिस्सा, जो करकट से बना था, अचानक दीवार समेत गिर गया। अगर समय रहते लोगों को विस्थापित नहीं किया गया, तो बड़ा हादसा हो सकता है। झरिया विधायक रागिनी सिंह के पहल पर बस्ताकोला महाप्रबंधक और केओसीपी परियोजना पीओ ने मोहल्ले में जांच-पड़ताल की और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बसाने का आश्वासन दिया। लगभग 10 घरों के परिवार को बेलगड़िया में क्वार्टर दिया गया है, लेकिन अभी भी 5 घरों के परिवार सुरक्षित स्थान पर नहीं बसाये गये हैं। धौड़ा सुपरवाइजर संजीव चटर्जी ने बताया कि उक्त कॉलोनी में रहने वाले लगभग लोगों को विस्थापित किया गया है और बचे हुए लोगों को भी तत्काल बसाने का काम किया जा रहा है।

## कुमार धुबी में चोरों का तांडव जारी, पुलिस बेवस

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। कुमारधुबी ओपी क्षेत्र में चोरो का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है की एक बाद एक चोरी की घटना को अंजाम दे रहा है। बीते दिनों बागानधौड़ा, फायरब्रिक्स, सलीका, फिटर लाइन के बाद शुक्रवार की रात बंद केएमसीएल का दिवार चोरी की घटना को अंजाम देकर बिना किसी रोक के निकल पड़ा। इस घटना के संबंध में घटना के समीप का एक दूकानदार शेखर बाउरी ने बताया कि सुबह उसे सुचना मिली की बंद केएमसीएल कारखाना का दिवार टुटा हुआ है। इधर कुमारधुबी ओपी प्रभारी मैथ्यु एक्का का कहना है कि क्षेत्र में लगातार गस्ती हो रही है। यहां तक की मैं खुद गस्ती में शामिल रहता हूं। फिर यह कैसे हो रहा है इसकी जांच करता हूं।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन



बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील प्लांट के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के अंतर्गत निवारक सतर्कता पर चल रहे तीन माह के अभियान के क्रम में बीएसएल के शीर्ष प्रबंधन के साथ सेवा अनुबंध और सामग्री प्रबंधन (सर्विस कॉन्ट्रैक्ट एंड मैटेरियल मैनेजमेंट) विषय पर एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के मुख्य सभागार में आयोजित किया गया। संवाद कार्यक्रम में आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी, राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार, बोकारो स्टील प्लांट के साथ अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चित्त रंजन मिश्रा, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रियरंजन उपस्थित थे। संवाद कार्यक्रम की शुरूआत शिवेंद्र सिंह, सहायक महाप्रबंधक (भारी अनुरक्षण-मैकेनिकल) द्वारा सेवा अनुबंध और सामग्री खरीद प्रबंधन विषय पर एक प्रस्तुतीकरण से किया गया। वन डे चेयरमैन कम्पीटीशन और एक्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर के पुरस्कार विजेताओं को बोकारो इस्पात संयंत्र में सम्मानित किया गया।

## वाहन जांच अभियान चलाकर डीटीओ ने वसूला 2 लाख 23 हजार रुपये का जुर्माना

बोकारो (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय राज्यमार्ग 320 पर सेक्टर-12 थाना क्षेत्र पर जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा 20 सितंबर को चलाये गये सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 08 वाहनों से 2 लाख 23 हजार रुपये का जूर्माना लिया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में 'कुल 08 वाहन से 2 लाख 23 हजार रुपये जुर्माना वसूला' गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 47 वाहनों की जांच की गयी, जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग, इंश्योरेंस फेल एवं टैक्स फेल होने को लेकर 08 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला लिया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी को पोस्टकार्ड लिखकर बीएसएल के विस्तारीकरण की मांग

**महासभा के अध्यक्ष कारू प्रसाद ने कहा कि बीएसएल बोकारो के अर्थव्यवस्था का आधार है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल के विस्तारीकरण के लिए महाहस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत बोकारो जिला मधेशिया वैश्य महासभा के द्वारा राजकुमार गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिख कर इस परियोजना को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की। सभी लोगों ने पोस्टकार्ड में प्रधानमंत्री से बोकारो में बेहतर चिकित्सीय व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए बोकारो जेनरल अस्पताल को सुपरस्पेशलिस्टी हॉस्पिटल बनाने की भी मांग की। महासभा के अध्यक्ष कारू प्रसाद ने कहा कि बीएसएल बोकारो के अर्थव्यवस्था का आधार है। प्लांट के विस्तार से ही बोकारो की अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा इससे बोकारो सहित झारखंड के विकास को भी गति मिलेगी। मधेशिया वैश्य महासभा में अभियान का नेतृत्व कर रहे राजकुमार गुप्ता ने कहा कि प्लांट के विस्तारीकरण से बोकारो के बाजार में भी नयी पूंजी का निवेश होगा। व्यवसायियों सहित बोकारो के सभी वर्गों को इसका लाभ मिलेगा। सभी लोगों ने इस अभियान की प्रशंसा करते हुए बोकारो के सभी वर्गों से इस अभियान को समर्थन देते हुए प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिखने की अपील की और बोकारो सहित झारखंड के विकास के लिए प्रधानमंत्री से परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने की भी मांग की। इस अवसर पर मधेशिया वैश्य महासभा बोकारो जिला के महामंत्री संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रवीण रंजन, उपाध्यक्ष देवनारायण शाह, दिलीप प्रसाद गुप्ता, सुबोध गुप्ता, तरूण मधेशिया, सह महामंत्री कामता प्रसाद, अमरकांत प्रसाद, पुजा गुप्ता और रंजु कुमारी आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

समाहरणालय, लातेहार
(योजना शाखा)

शुद्धि पत्र

जिला योजना कार्यालय, लातेहार के **पत्रांक 328/जि०यो० दिनांक 02.09.2025**के द्वारा लातेहार जिलाअन्तर्गत CSR मद से कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, चन्दवा में रसोईघर (मॉड्युलर किचेन)–सह–डायनिंग हॉल का निर्माण योजना के लिए **Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at Kasturba Gandhi ResidentialGirls School (KGBV)Chandwa, Latehar** हेतु निविदा **(PR no.- 361159)** आमंत्रित की गई थी।

उक्त निविदा/RFP को प्रशासनिक दृष्टिकोण से रद्द किया जाता है।

जिला योजना पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 362541 (Planning and Development) 25-26 (D)

## एटीएम में फंसा कार्ड, साइबर अपराधियों ने 3.87 लाख निकाला, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** मखदुमपुर निवासी निखत परवीन ने अपने एटीएम कार्ड से हुई लाखों की फ्रॉड को लेकर माराफारी थाना में मामला दर्ज कराया था। यह घटना 22 जून की शाम की है जब पीड़िता निखत परवीन ने अपने आवेदन में बताया कि एटीएम से हुई फ्रॉड में कुल 3 लाख 87 हजार 9 सौ 99 रुपया निकाल लिया गया। माराफारी थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता ने बताया कि पिडिता सिवनडीह में स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से अपने एचडीएफसी बैंक के एटीएम से पैसा निकालने आई एवं एक बार पैसा निकालने के बाद इनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया, तब वह परेशान होकर एटीएम के दिवार पर लिखे मो० न० 920454573 पर कॉल किया, तो उधर से उन्हें बोला गया कि आप पीछे हटकर अपना पिन नं० डालिए। उन्होंने वैसा ही किया, उसके बाद बोला गया कि आप बांसगोड़ा एसबीआई एटीएम के पास जाईये वहां इंजीनियर हैं वह आपका फंसा हुआ एटीएम निकालेगा। जब बॉसगोड़ा एसबीआई एटीएम के पास पहुंचे तभी इनके अकाउंट से पैसा कटने का मैसेज आने लगा तथा इनका कुल 3 लाख 87 हजार 9 सौ 99 रुपया कट गया। उक्त तीनों प्राथमिकी अभियुक्त शेखर कुमार, लक्ष्मण कुमार रजक तथा सूरज कुमार को कोडरमा बाजार से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है, इनके पास से दो मोबाइल बरामद किया गया है।

## अभाविप की अध्यक्ष पद सहित डूसू केंद्रीय पैनल में तीन पदों पर ऐतिहासिक जीत

**भारत के जेन-जी ने डूसू चुनावों में रचनात्मक राष्ट्र निर्माण को दिया समर्थनः अभाविप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनबाद महानगर द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज धनबाद विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने रणधीर वर्मा चौक में मिठाई बांट आतिशबाजी, अबीर रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए जश्न मनाया।

वहीं मौके पर मौजूद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड के प्रदेश सह मंत्री अंशु तिवारी ने बताया कि अभाविप ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष, सचिव तथा संयुक्त सचिव पद ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। जीते हुए सभी प्रत्याशी को ढेरों सारी शुभकामनाएं एवं बधाई। डूसू अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के आर्यन मान ने 16196 मतों के अंतर, सचिव पद पर कुणाल चौधरी ने 7662 मतों के अंतर तथा संयुक्त सचिव पद पर दीपिका झा ने 4445 मतों के अंतर के साथ जीत दर्ज की है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। विभाग संयोजक सुधांशु गुप्ता ने कहा कि आज का युवा भ्रम और प्रपंच से ऊपर उठकर राष्ट्रहित, छात्रहित और पारदर्शिता की राह चुन रहा है।

समाहरणालय, लातेहार
(योजना शाखा)

शुद्धि पत्र

जिला योजना कार्यालय, लातेहार के **पत्रांक 260/जि०यो० दिनांक 13.08.2025** के द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, लातेहार में रसोईघर (मॉड्युलर किचेन)–सह–डायनिंग हॉल का निर्माण योजना के लिए **Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply Installation Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at Kasturba Gandhi Residential Girls School (KGBV) Block Latehar District Latehar** हेतु निविदा **(PR no.- 359476),** आमंत्रित की गई थी, जिसके उपरांत दिनांक 29.08.2025 को उप विकास आयुक्त के अध्यक्षता में जिला चयन समिति के द्वारा तकनीकी प्रस्ताव खोला गया था तत्पश्चात दिनांक 30.08.2025 को जिला चयन समिति के द्वारावित्तीय प्रस्ताव खोला गया।
उक्त निविदा/RFP को प्रशासनिक दृष्टिकोण से रद्द किया जाता है।

**PR 362534 Planning and Development(25-26)#D**

जिला योजना पदाधिकारी,
लातेहार

# अपना संवैधानिक अधिकार लेकर रहेगा कुड़मी समुदाय : डॉ लंबोदर महतो



**जोगेश्वरी विहार, चंद्रपुरा व पारसनाथ स्टेशन में रेल टेका डहर छेका आंदोलन में शामिल हुए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर रेल टेका डहर छेका आंदोलन के तहत शनिवार को जोगेश्वरी विहार स्टेशन, चंद्रपुरा स्टेशन व पारसनाथ स्टेशन में शामिल हुए। इस क्रम में डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि कुडमी समाज अपना संवैधानिक अधिकार लेकर रहेगा। कुडमी समाज की यह मांग केवल संवैधानिक नहीं, बल्कि ऐतिहासिक व सांस्कृतिक दृष्टि से भी न्यायोचित है। 1931 से पहले कुडमी समुदाय को आदिम जनजाति के रूप में मान्यताप्राप्त थी। भारत सरकार की अधिसूचनाएं 550 (2 में 1913) और 3563- जे (16 सितंबर 1931) में भी इसका स्पष्ट उल्लेख है। लेकिन बाद में इस अनुसूचित जनजाति से हटाकर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में डाल दिया गया, जो ऐतिहासिक अन्याय है ऐतिहासिक अन्याय है। इस आधार पर कुड़मी को एसटी की सूची में पुनः शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेल ठेका डहर छेका आंदोलन में कुड़मी समाज की व्यापक रूप से भागीदारी हुई है।

## कुड़मी समुदाय को उसका अधिकार वापस करे केंद्र सरकार: डिंपल चौबे



धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा महिला जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे व उनकी जिला कमेटी द्वारा कुड़मी समुदाय के हो रहे रेल टेका आंदोलन में प्रधानखंता स्टेशन जाकर आंदोलन में शामिल हुई और समर्थन किया साथ ही आंदोलनकारियों की मांगों को जायज बताया। डिंपल चौबे ने केंद्र सरकार पर सीधा निशाना साधा और कहा कि केंद्र सरकार उनकी मांगों को अभिलंब पूरा करें उनकी मांग नयी नहीं है कुड़मी समुदाय को षड्यंत्र के तहत आदिवासी वर्ग से हटाया गया है जो उचित नहीं है।

## जब तक हमें सूचीबद्ध नहीं किया जाता, तब तक यह लड़ाई जारी रहेगा: सदानंद



तोपचांची (आजाद सिपाही)। रेल टेका, डहर छेका आंदोलन के तहत पूर्व घोषित कार्यक्रम के दौरान बृहद झारखंड आदिवासी कुडमी मंच के हलधर महतो, सदानंद महतो, नूनाराम महतो, रामचंद्र महतो, सरयू प्रसाद महतो आदि लोगों को तोपचांची थाना प्रभारी अजीत कुमार भारती के नेतृत्व में इन कार्यताओं को तोपचांची थाना में गिरफ्तार कर डिटेन किया गया है। इस दौरान सिजुवा एसडीपीओ, हरिहरपुर थाना प्रभारी, अंचला अधिकारी तथा सर्किल इंस्पेक्टर मौजूद थे। इस अवसर पर हलधर महतो ने कहा कि यह सामाजिक आंदोलन है। इस लड़ाई में हम डटकर लड़ेंगे। वहीं सदानंद महतो ने कहा कुडमी का संवैधानिक अधिकार है। यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगा, जब तक हमें सूचीबद्ध नहीं करता है।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी 835210
email : witikhunti@gmail.com

महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में
**Spot Round Online Councelling & Admission संबंधित संशोधित सूचना**

एतत द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड राँची के पत्रांक–1306, दिनांक– 18.09.2025 द्वारा Spot Round Online Counselling & Admission हेतु कार्यक्रम निम्नरूपेण संशोधन किया जाता है।

| Time Schedule for SPOT Round of Online Counselling & Admission | | | |
|---|---|---|---|
| Sl. No. | SPOT Round Online Admission (Seat Allotment and Admission) (First Come First Serve Basis) | Date | |
| | | Date | To |
| | | 19-09-2025 | 30-09-2025 |

अतः ऐसे अभ्यर्थी जिनका पूर्व में पोर्टल में निबंधन नहीं हुआ है वैसे इच्छुक 10वीं पास अभ्यर्थी ,जो महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बचे रिक्त सीटों पर On the Spot Online Registration करा कर नामांकन लेना चाहते हैं, वे सभी वांछित प्रमाण पत्रों के साथ संस्थान में संपर्क करें।

संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीटः– महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूँटी में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीट

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | NCVT/SCVT |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Electronic Mechanic | 02 वर्षीय | 6 | मैट्रिक पास | NCVT |
| 2 | Drone Technician | 06 माह | 23 | मैट्रिक पास | NCVT |
| 3 | Cosmetology | 1 वर्षीय | 24 | मैट्रिक पास | SCVT |
| 4 | Fashion design and Technology | 1 वर्षीय | 20 | मैट्रिक पास | SCVT |

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/ Download किया जा सकता है।
नोटः– ऑनलाईन करने संबंधी किसी भी प्रकार के सहायता के लिए महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूँटी में सम्पर्क सूत्र :– मो0 न0– 7903099566@8081192330

प्रभारी प्राचार्य,
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी

PR 362491 Labour Employment and Traning(25-26)#D

# यूरोप के तीन बड़े एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक

## चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप : मैन्युअल चेक-इन कराया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** यूरोप के तीन बड़े एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक हुआ है। इनमें लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट, जर्मनी का बर्लिन एयरपोर्ट और बेल्जियम का ब्रसेल्स एयरपोर्ट शामिल है।

साइबर अटैक के चलते शनिवार को इन एयरपोर्ट्स परचेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप हो गये। इसकी वजह से कई उड़ानों में देरी हुई। साथ ही कुछ फ्लाइट्स को कैंसिल भी करना पड़ा है। चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप होने से यात्रियों को मैन्युअल तरीके से चेक-इन करना पड़ रहा है। इसकी वजह से फ्लाइट शेड्यूल पर असर पड़ा है।

शनिवार दोपहर तक हीथ्रो एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 140 से ज्यादा उड़ानें लेट हुईं। ब्रसेल्स में 100 से ज्यादा और बर्लिन में



60 से ज्यादा फ्लाइट्स पर इसका असर पड़ा है। ब्रसेल्स एयरपोर्ट के अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार रात को एयरपोर्ट के चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम से जुड़ी सर्विस प्रोवाइडर कंपनी पर साइबर अटैक हुआ।

### हैकर्स ने कॉलिंस एयरोस्पेस के सिस्टम को निशाना बनाया

हैकर्स ने कॉलिन्स एयरोस्पेस कंपनी के सिस्टम को निशाना बनाया है। यह कंपनी इन एयरपोर्ट पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम की सुविधा देती है। कॉलिन्स एयरोस्पेस की पेरेंट कंपनी आरटीएक्स ने कहा है कि वे समस्या को जल्द ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। फ्रैंकफर्ट और ज्यूरिख जैसे यूरोप के बड़े एयरपोर्ट इस हमले से बच गये हैं।

### अमेरिका में 1800 से ज्यादा फ्लाइट लेट, सैकड़ों रद्द

अमेरिका के डलास में भी दो एयरपोर्ट पर शुक्रवार को 1800 से ज्यादा फ्लाइट लेट हुईं। इन एयरपोर्ट्स पर टेलिकॉम सिस्टम में खराबी आयी। इसके चलते फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने ग्राउंड स्टॉप जारी किया। एफएए ने बताया कि स्थानीय टेलिकॉम कंपनी के उपकरणों में खराबी आयी है। इस खराबी के चलते अमेरिकन एयरलाइंस ने 200 से अधिक उड़ानें रद्द कीं और 500 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। साउथवेस्ट एयरलाइंस की भी 1100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई।

# दूसरे देशों पर निर्भरता हमारी सबसे बड़ी दुश्मन है : मोदी

- प्रधानमंत्री ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर दिया बल
- मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल का वर्चुअली उद्घाटन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भावनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को एक दिन के गुजरात दौरे पर पहुंचे। उन्होंने भावनगर में करीब 35 मिनट तक जनता को संबोधित किया। मोदी ने विकसित भारत, कानूनों में बदलाव और आत्मनिर्भर भारत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व बंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई दुश्मन नहीं है। सच में अगर हमारा कोई दुश्मन है, तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता। हमें मिलकर भारत



के इस दुश्मन को हराना है। दूसरों पर निर्भर रहेंगे, तो हमारे आत्मसम्मान को चोट पहुंचेगी। हम भावी पीढ़ी के भविष्य को दांव पर नहीं लगा सकते, इसलिए कहते हैं 100 दुखों की एक दवा, वो है आत्मनिर्भर भारत।

प्रधानमंत्री शनिवार सुबह 10 बजे भावनगर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने एयरपोर्ट से जवाहर ग्राउंड तक रोड शो किया। 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में सौराष्ट्र और गुजरात में 34,200 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का वर्चुअली उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये योजनाएं पोर्ट्स, शिपिंग एंड वाटरवेज मंत्रालय, गुजरात मैरीटाइम बोर्ड और अन्य राज्यों के समुद्री बोर्ड से जुड़ी हुई हैं। प्रधानमंत्री ने भावनगर से वर्चुअली बैलार्ड पियर पर अत्याधुनिक मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल का उद्घाटन भी किया।

**100 साल पर विकसित भारत का सपना :** मोदी ने कहा कि भारत को अगर 2047 तक विकसित होना है तो आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। आत्मनिर्भर होने के अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। 140 करोड़ देशवासियों को एक संकल्प लेना चाहिए कि चिप हो या शिप, हमें भारत में ही बनानी है। अब बिजनेस और कारोबार को और सरल करना है। मानसून सेशन के दौरान संसद में हमने कई पुराने कानूनों को बदला है, जो अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे हैं।

# आज साल का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण, भारत में सूतक मान्य नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** साल का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण 21 सितंबर को लगने जा रहा है, जो कि भारत में दृश्यमान नहीं होगा। इससे पहले 7 सितंबर को साल का दूसरा और आखिरी चंद्र ग्रहण लगा था। यह एक पूर्ण चंद्र ग्रहण था, जिसका असर 3 महीने पहले और 3 महीने बाद तक रहता है। सूर्य ग्रहण भारतीय समय के अनुसार रात्रि के समय लग रहा है, इसलिए भारत में इसका सूतक मान्य नहीं होगा। हालांकि धार्मिक जानकारों की मानें तो भले ही सूर्य ग्रहण का सूतक मान्य न हो, लेकिन ग्रहण से संबंधित सावधानियां इस दौरान बरतनी चाहिए। 21 सितंबर को लगने वाले सूर्य ग्रहण का सूतक भारतीय समय अनुसार सुबह 11 बजे से शुरू हो जायेगा। सूर्य ग्रहण का सूतक काल 21 सितंबर सुबह 11 बजे से 22 सितंबर की सुबह 3 बजकर 23 मिनट तक रहेगा।

# भारत के न्यूक्लियर पावर प्लांट्स के स्थानीयकरण में सहयोग करेगा रूस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के लिए बड़ा एलान किया है। उन्होंने अपने खास दोस्त प्रधानमंत्री को एक खास पेशकश की है। भारतीय और रूसी अधिकारियों ने असैन्य परमाणु ऊर्जा सहयोग के तहत बड़े और छोटे न्यूक्लियर पावर प्लांट्स के स्थानीयकरण में सहयोग की पेशकश की है। यह घोषणा रूस के सरकारी परमाणु ऊर्जा निगम रोसाटॉम ने की। रोसाटॉम के महानिदेशक एलेक्सी लिखाचोव ने 15-20 सितंबर को वियना में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के 69वें वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में यह प्रस्ताव रखा। यह सहयोग मोदी सरकार के ऊर्जा आत्मनिर्भरता और रणनीतिक सुरक्षा एजेंडे को मजबूती देने वाला कदम है।

# मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल को 23 को मिलेगा दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड



**मुंबई (आजाद सिपाही)।** मलयालम फिल्मों के सबसे बड़े सितारों में गिने जाने वाले मोहनलाल को उनके लंबे और सफल करियर के लिए भारत सरकार ने दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड 2023 से सम्मानित करने की घोषणा की है। यह अवॉर्ड भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान है, जिसे उन दिग्गजों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने काम से इंडस्ट्री में नयी ऊंचाइयां तय की हों।




# जीएसटी दरों में कटौती के बाद दाम नहीं घटाये, तो दुकानदारों पर एक्शन

## जीएसटी विभाग के अफसर बाजारों में औचक निरीक्षण करेंगे कल से लागू होंगे नये दाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** केंद्र सरकार ने 22 सितंबर से जीएसटी दरों में कटौती का एलान किया है। ऐसे में, दाम कम हुए या नहीं, इसकी भी सख्त निगरानी की जाएगी। सेंट्रल और स्टेट जीएसटी विभाग के फील्ड अफसर बाजार में अचानक निरीक्षण करेंगे। वे उन चीजों को खरीदेंगे, जिनके दाम घटाने की घोषणा की गयी है। यदि पाया गया कि टैक्स कटौती के हिसाब से कीमतें नहीं घटायी गयीं, तो दुकानदारों को मिलने वाला टैक्स क्रेडिट ब्लॉक किया जा सकता है। मतलब ये कि व्यापारी अपने द्वारा खरीदी गयी वस्तुओं या सेवाओं पर चुकाये गये जीएसटी को अपनी बिक्री पर लगने वाले टैक्स से समायोजित नहीं कर पायेगा। यानी उसे टैक्स के रूप में ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा।

### निगरानी के लिए हर शहर-कस्बे में सूची बनेगी

सेंट्रल जीएसटी विभाग की ओर से भेजे गए नोटिस के अनुसार, जिनके दाम घटाये गये हैं, ऐसी 54 चीजों की एक सूची बनायी गयी है। एक तरह की चीजों को सूची में एक ही जगह रखा गया है। जैसे सभी तरह के सूखे मेवे एक साथ रखे गये हैं। इसी तरह सभी तरह की स्टेशनरी बुक्स एक ही जगह



रखी गयी हैं। विचार यह है कि ये वस्तुएं एक ही जगह पर मिल जायेंगी। किचन के सारे बर्तन, प्रसाधन और घरेलू कामकाज की वस्तुएं एक ही जगह रखी गयी हैं। अधिकारियों को इन 54 उत्पादों की सूची सौंपी गयी है। उनसे कहा गया है कि वे सभी वस्तुओं के मौजूदा दाम बाजार जाकर पता कर लें। 22 के बाद उन्हें दूसरी टेबल में कटौती के बाद के दाम अंकित करना है। यह सूची हर शहर-कस्बे में बनेगी। जहां दाम नहीं घटे पाये गये, उन दुकानदारों के खिलाफ विभाग उचित कार्रवाई करेगा। ग्राफिक्स में देखें सरकार ने किस सामान पर कितना टैक्स कत किया है।

### सरकार कंपनियों को तेजी से टैक्स रिफंड कर रही

सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्स एण्ड कस्टम के पूर्व चेयरमैन विवेक जौहरी ने बताया कि सरकार ने साफ कहा है कि वह कंपनियों पर भरोसा करेगी कि वे कम किये गये जीएसटी का लाभ आम आदमी तक पहुंचाएं। इसके लिए सरकार तेजी से बहुत कम समय में कंपनियों के टैक्स रिफंड कर रही है। हालांकि सरकार अपने स्तर पर निगरानी कर रही है। उसने सीजीएसटी के सभी प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर को 54 चीजों को सूची भेजी है। उनसे कहा गया है कि वे बाजार में रेट मॉनिटर करें। अगर दो-तीन हफ्ते में ग्राहकों की शिकायतें या खुद के स्तर पर पाया गया कि जीएसटी कट का फायदा आम आदमी को नहीं मिला तो कंपनियों के स्पेशल ऑडिट के ऑर्डर दिये जा सकते हैं।



















| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**